खबरें छुपाता नहीं, छापता है
# शाह टाइम्स
नई दिल्ली, गुरुवार 28 मई 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 50 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00
ईद उल अज़्हा की दिली मुबारकबाद
shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 10 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




## अवकाश सूचना

ईद-उल-अज़्हा के मौके पर 28 मई को दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 30 मई 2026 को प्रकाशित होगा। **-प्रबंधक**

## संक्षिप्त समाचार

### एआई की सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट वापस लौटी

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया की बुधवार को दिल्ली से अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को जा रही उड़ान तकनीकी खराबी के कारण आधे रास्ते से दिल्ली लौट आई। एयर इंडिया के एक प्रवक्ता ने जारी बयान में बताया कि उड़ान संख्या एआई173 तकनीकी खराबी के कारण तय प्रक्रिया के अनुरूप 27 मई को दिल्ली लौट आई। विमान की दिल्ली में सुरक्षित लैंडिंग हुई।

### असम विधानसभा में पारित हुआ यूसीसी विधेयक

**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने बुधवार को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया। यह कानून धर्म से अलग सभी लोगों के लिए विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिश्तों से जुड़े मामलों में एक समान कानूनी व्यवस्था लागू करने के लिए लाया गया है। हालांकि, विपक्ष ने मांग की थी कि विधेयक को पहले विस्तृत चर्चा के लिए चयन समिति के पास भेजा जाए।

# अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार: ईरान

## कहा: एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही होगी शुरू, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा



- यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर नहीं होगी लागू
- होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे

**तेहरान/वाशिंगटन।** ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। अमेरिका की तरफ से अभी तक इस रिपोर्ट पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ईरान में 88 दिनों बाद इंटरनेट सेवाएं आंशिक रूप से बहाल हुईं। नेटब्लॉक्स ने इसे आधुनिक इतिहास का सबसे लंबा राष्ट्रीय इंटरनेट ब्लैकआउट बताया, जिससे कारोबार और डिजिटल सेवाएं प्रभावित रहीं। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉप्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटे में उसकी अनुमति से 23 जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। इससे एक दिन पहले 25 जहाजों की आवाजाही की जानकारी दी गई थी। आईआरजीसी नौसेना ने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों की आवाजाही उसकी अनुमति से कराई जा रही है। ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी ने अमेरिका-ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है। हालांकि इसमें क्षेत्र में तैनात अमेरिकी सैनिक और सैन्य ठिकाने शामिल होंगे या नहीं, इस पर अभी बातचीत बाकी है।

# दिल्ली में 45 डिग्री के करीब पहुंचा पारा, येलो अलर्ट जारी



- 29 मई को राहत की संभावना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंचने के बाद मौसम विज्ञान विभाग ने दिल्ली-एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी कर दिया है।

राजधानी सहित उत्तर भारत के बड़े हिस्से भीषण गर्मी और लू की चपेट में हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने दिल्ली- एनसीआर के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के करीब बना रह सकता है और 28 मई से पहले राहत की संभावना कम है। महीने के अंत तक पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ इलाकों में आंधी और हल्की बारिश के साथ तापमान में गिरावट आ सकती है। आईएमडी के मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार विदर्भ क्षेत्र देश के सबसे अधिक गर्म इलाकों में बना हुआ है। ब्रह्मपुरी में तापमान 46.6 डिग्री सेल्सियस और नागपुर में 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने वर्धा, अमरावती और चंद्रपुर जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है और अगले दो दिनों तक गंभीर हीटवेव की चेतावनी दी है। विभाग ने कहा कि राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, उप्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और तेलंगाना के कई हिस्सों में भी लू से गंभीर लू की स्थिति बनी रहेगी। पश्चिम राजस्थान और मध्य भारत के कुछ क्षेत्रों में तापमान सामान्य से चार से छह डिग्री सेल्सियस अधिक बना हुआ है। तेलंगाना के 10 जिलों में भी हीटवेव को लेकर चेतावनी जारी की गई है। पेद्दापल्ली, जयशंकर भूपालपल्ली, मुलुगु, भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों में गंभीर लू चलने की आशंका जताई गई है।

# सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर की वैधता रखी बरकरार

## कहा: यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- नियमों के अनुसार चुनाव आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग की ओर से किए गए मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की वैधता को बरकरार रखते हुए बुधवार को कहा कि यह प्रक्रिया स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए जरूरी है।

शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 तथा उसके तहत बनाए गए नियमों के अनुसार आयोग को एसआईआर कराने का अधिकार प्राप्त है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने उन याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया, जिनमें निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले वर्ष जून में बिहार में एसआईआर कराने संबंधी जारी अधिसूचना को चुनौती दी गई थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत द्वारा सुनाए गए फैसले में कहा गया कि जब कानून स्वयं चुनाव आयोग को किसी भी समय विशेष पुनरीक्षण कराने का अधिकार देता है, तो केवल इस आधार पर इस प्रक्रिया को अवैध नहीं ठहराया जा सकता कि यह नियमित -शेष पृष्ठ दो पर

### शीर्ष कोर्ट से अमेजन को बड़ी राहत, सीसीआई की तरफ से लगा 202 करोड़ का जुर्माना रद्द

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से अमेरिकी ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन को बड़ी राहत मिली है। सर्वोच्च अदालत ने राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के जून 2022 के आदेश को रद्द कर दिया है। आदेश में ई-कॉमर्स कंपनी के फ्यूचर समूह के साथ सौदे को निलंबित करने के सीसीआई के फैसले के खिलाफ अपील की गई थी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने यह फैसला सुनाया, जिसमें 17 दिसम्बर, 2021 के सीसीआई के अमेजन पर 202 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और फ्यूचर ग्रुप के साथ उसके सौदे को निलंबित करने के आदेश को भी रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट के 2 जजों की पीठ ने कहा कि यदि इन आदेशों के तहत अमेजन से कोई राशि जमा कराई गई है या वसूली गई है, तो उसे 8 सप्ताह के भीतर वापस किया जाए।

### प्री-मानसून बारिश 5 जून तक संभव

**नई दिल्ली।** तेज गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90 प्रतिशत हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।




# सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने की कवायद

- 25530 करोड़ रुपये की सार्थक पीडीएस योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली को बेहतर बनाने तथा उसमें सुधार के उद्देश्य से 25530 करोड़ रुपये की सार्थक जन वितरण प्रणाली 'सार्थक पीडीएस' को बुधवार को मंजूरी दे दी।

सार्थक पीडीएस एक व्यापक योजना है जिसमें राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत खाद्यान्नों की राज्य के भीतर ढुलाई और उचित दर दुकान डीलरों के मार्जिन के लिए राज्य एजेंसियों को सहायता देना और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में प्रौद्योगिकी के माध्यम से आधुनिकीकरण और सुधार योजना (स्मार्ट पीडीएस) को लागू करना शामिल है। सार्थक पीडीएस योजना में 25530 करोड़ की यह राशि पांच वर्ष के लिए जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

**Recruitment For Teaching Staff**

Required: Assistant Professor For
- B.A. (Education, History)
- M.A. (English, Urdu , Political Science)
- BBA
- BCA

Qualification: As per University/UGC Norms.

Eligible candidates are invited to send their Resume along with a set of self attested copy of all documents either to idcdeoband@gmail.com or by registered post within 15 days. **Experienced Candidates will be preferred.**

ISLAMIA DEGREE COLLEGE
Deoband, Distt., Saharanpur
Affiliated to Maa Shakumbhari University, Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com









## संक्षिप्त समाचार

### मोदी सरकार की विदेश नीति पूरी तरह विफल: तिवारी

**नई दिल्ल।** कांग्रेस राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने चीन-पाकिस्तान के बढ़ते गठजोड़ को लेकर केंद्र की मोदी सरकार की आलोचना करते हुए कहा है कि भारत की विदेश नीति पूरी तरह विफल हो चुकी है और इसका असर देश की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय हितों पर पड़ रहा है। श्री तिवारी ने कहा ष्आज फिर खतरे की घंटी बज गई है। पाकिस्तान और चीन का संयुक्त बयान जारी हुआ है। जिस चीन को हमने पाकिस्तान से दूर रखा हुआ था, मोदी सरकार के 12 वर्षों में दोनों को गले मिला दिया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि खुद मोदी जी चीन को झूला झुलाते रहे और चीन जाकर पाकिस्तान के पाले में बैठ गया। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि ऑपरेशन सिदूर के दौरान चीन ने अपने अखबारों में खुद स्वीकार किया था कि उसने पाकिस्तान के साथ साम. रिक और सुरक्षा मामलों में सहयोग किया।

### घरेलू मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या कम करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने षविमान ईंधन की ऊंची लागत के मद्देनजरष घरेलू के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर भी उड़ानों की संख्या में कटौती की घोषणा की है। एयरलाइंस के एक प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि कंपनी ने जून से अगस्त के बीच चुनिंदा मार्गों पर उड़ानों की संख्या कम करने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा, ष्सकल परिचालन पर ईंधन की ऊंची लागत के जारी प्रभाव के कारण ए बदलाव किए गए हैं।ष प्रभावित यात्रियों को दूसरी उड़ानों में बुकिंग, तारीख में बिना शुल्क बदलाव या पूरा रिफंड लेने के विकल्प दिए जाएंगे।

# योगी सबसे असफल सीएम: अखिलेश

## उत्तर प्रदेश में बिजली कटौती पर भड़के सपा मुखिया

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में बिजली कटौती को लेकर अखिलेश यादव ने यूपी सरकार पर तंज कसते हुए निशाना साधा और योगी आदित्यनाथ को राज्य का सबसे असफल मुख्यमंत्री बताया। उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती को लेकर सियासत गर्म हो गई हैं। समा. जवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बार फिर से बिजली को लेकर योगी आदित्यनाथ सरकार पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने यूपी में बिजली आपदा के पीछे मंत्री एके सिंह को जिम्मेदार बताया और कहा कि अब भाजपा में करंट नहीं रहा।

अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए तंज कसा और लिखा कि अगले चुनाव में जनता भाजपा को अच्छे से धो-पटककर हमेशा के लिए सुखा देगी। शुक्र है उप्र के 'असफल मुख्यमंत्री' जी ने ये नहीं कहा कि इस 'महा विद्युत आपदा' के पीछे दिल्लीवालों के भेजे हुए दूत की साजिश है। ये स्पष्ट किया जाए कि मुख्यमंत्री जी की समीक्षा बैठक में बिजली मंत्री जी आते नहीं हैं या बुलाए नहीं जाते हैं। अगर आते हैं, तो माननीय से अनुरोध है कि उनके 'कंधों पर हाथ रखकर' एक तस्वीर आप पोस्ट कर दीजिए, जनता को आपकी 'आपसी गर्मी' से तो राहत मिल जाएगी, क्योंकि जनता ने आप दोनों को कभी एकांत में साथ देखा नहीं। भाजपा राज में बिजली के सब-स्टेशनों पर पीएसी लगती है और विधायक-सांसद अपनी ही सरकार के खिलाफ चिट्ठी लिखकर जनता के आक्रोश से बचने का कायराना काम करते हैं। उत्तर प्रदेश इन दिनों प्रचंड गर्मी पड़ रही है। ऐसे में राजधानी लखनऊ समेत कानपुर, नोएडा, आगरा, मेरठ समेत कई जिलों में बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम लोगों में जबरदस्त गुस्सा देखने को मिल रहा हैं। कई जगहों पर तो लोगों ने सड़क पर उतरकर बिजली विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किए, जिसके बाद तूल पकड़ लिया है।

# कांग्रेस और राहुल गांधी माफी मांगें: नकवी

नई दिल्ली, वार्ता



■ दोनों ने लोकतंत्र को बदनाम किया
■ एसआईआर के नाम पर फैला रहे भ्रम कोर्ट के फैसले का सम्मान करें

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के मुद्दे पर उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न नेताओं ने कांग्रेस और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल को आत्ममंथन करने तथा लोकतंत्र को बदनाम करने के लिए उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग की है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि शीर्ष अदालत ने अपने फैसले के जरिए उन लोगों को साफ संदेश दिया है जो इस पर सवाल उठा रहे थे और डर तथा भ्रम फैला रहे थे। उन्होंने कहा कि जो लोग एसआईआर के बारे में दुर्भावनापूर्ण दुष्प्रचार फैला रहे थे, उन्हें न्यायालय के फैसले से कड़ा जवाब मिला है।बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे चुनावों में जनता ने जनादेश के जरिए ऐसे तत्वों को पहले ही नकार दिया है और अब न्यायालय के फैसले के बाद उन्हें आत्ममंथन करना चाहिए। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसआईआर भारत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई कोई नई योजना नहीं है। यह एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। वहीं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने शीर्ष कोर्ट के फैसले को स्वागत करते हुए लिखा कि गांधी और कांग्रेस का असली चेहरा बेनकाब! न्यायालय ने एसआईआर प्रक्रिया को वैध और संवैधानिक घोषित किया! यह साफ है कि श्री गांधी और कांग्रेस ने शुरू से ही इसका विरोध इसलिए किया, क्योंकि वे भारतीय मतदाताओं के साथ नहीं, बल्कि अवैध घुसपैठियों के साथ खड़े थे। यह सही मायनों में एक 'राष्ट्र-विरोधी कृत्य' था!

### इंडिया गठबंधन का वास्तविक चरित्र सामने आया: भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा है कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय से 'सनातन धर्म विध्वंसक और घुसपैठिया संरक्षक इंडिया गठबंधन' का वास्तविक चरित्र सामने आ गया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने बुधवार को कहा कि एसआईआर प्रक्रिया को उच्चतम न्यायालय ने संविधान सम्मत और चुनाव आयोग के अधिकार के अंतर्गत माना है। इसके साथ ही निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया के लिए इसे आवश्यक माना है। अराजकता अव्यवस्था उत्पन्न करने की नैतिक पराजय के बाद अब यह विपक्ष और कांग्रेस की संवैधानिक धरातल पर भी पराजय हुई है। लोकतंत्र की समस्त संस्थाओं को अपनी राजनीतिक अक्षमता को ढकने के लिए आरोपित करने और लांछित करने के सभी कुप्रयास आज न्यायालय के धरातल पर निष्फल सिद्ध हुए।

## आज से बदलेगा मौसम का मिजाज, गर्मी से मिलेगी राहत, चलेंगी तेज हवाएं

# यूपी में गरज-चमक के साथ बारिश के आसार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** पिछले एक पखवारे से प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उप्र में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज तेजी से बदलने वाला है।

प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी हिस्सों में कहीं लू तो कहीं तेज आंधी, गरज-चमक, बारिश और ओलावृष्टि की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार आज शाम को पश्चिमी उप्र में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से धूलभरी हवाएं चल सकती हैं। वहीं पूर्वी उप्र में कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। विभाग ने पूर्वी यूपी के कुछ हिस्सों में उष्ण लहर से लेकर भीषण लू चलने की चेता. वनी भी जारी की है। 28 मई से प्रदेश के मौसम में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। पश्चिमी और पूर्वी दोनों हिस्सों में कई स्थानों पर बारिश और गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।



■ पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश में बौछारें पड़ने की संभावना, आंधी से पूर्वी यूपी के 3 जिलों में आठ लोगों की मौत

पश्चिमी उप्र में 60 से 70 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलने वाली आंधी, जो झोंकों में 80 किलोमीटर प्रतिघंटा तक पहुंच सकती है, की चेतावनी जारी की गई है।

बीते दो दिनों में आंधी-तूफान और बारिश से लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर में जान-माल का काफी नुकसान हुआ है। इस दौरान इन जिलों में हादसे में 8 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी। मौसम विभाग ने 28 से 30 मई तक यूपी सहित उत्तर भारत के कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। लखीमपुर, गोंडा और सीतापुर सहित कई जिलों में तूफान के दौरान कई मकानों की दीवार गिर गई। इतना ही नहीं कई जगह तो टीन-शेड के उड़ने की खबरें भी सामने आईं। आंधी-तूफान के दौरान लखीमपुर के कारीबडेरी गांव में आग से 40 घर जलकर राख हो गए। तूफान के इस आतंक से लोगों में अफरातफरी मच गई। इन हादसों में कई लोग हताहत भी हुए हैं। तेज हवाओं से कई जगह बिजली के पोल और पेड़ भी टूट गए, जिससे कई गांवों की बिजली गुल हो गई। गोंडा में मनकापुर-अयोध्या रेल मार्ग पर तेज तूफान से पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हुआ। कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट करने की वजह से यात्रियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। तूफान थमने पर रेलवे कर्मियों ने रेल मार्ग को साफ कराया, जिससे रेल फिर से चल सकी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में मची इस हलचल को लेकर संवेदनाएं प्रकट की। मौसम विभाग के अनुसार सिर्फ एक दिन के इंतजार के बाद लोगों को धुआंधार बारिश देखने को मिल सकती है।

### मुजफ्फरनगर समेत 16 जिलों में संभावना

मौसम विभाग ने आज यूपी के तराई वाले इलाकों में बारिश होने के आसार जताए हैं, जिसकी वजह से सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर और देवरिया में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश होने का अनुमान हैं।

# योगी के तीसरे कार्यकाल को आरएसएस सक्रिय

लखनऊ, वार्ता

■ आरएसएस ने कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

पश्चिम बंगाल चुनावों में सफलता के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अब उप्र में योगी आदित्यनाथ सरकार के तीसरे कार्यकाल की सफलता के लिए अपने कार्यकर्ताओं को सक्रिय कर दिया है।

संघ प्रमुख मोहन भागवत पिछले तीन दिन से लखनऊ में हैं। उन्होंने हिंदुत्व और राष्ट्रवाद की विचारधारा को आगे बढ़ाकर भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के प्रयासों को मजबूती देने पर जोर दिया। संगठन कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा कि समाज में जातिगत भेद मिटाकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी जातियों का सम्मान हो और किसी स्तर पर भेदभाव न हो। निराला नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में तीन दिन के प्रवास के दौरान भागवत ने प्रशिक्षण वर्ग में शामिल 289 स्वयंसेवकों को जीवन में अनुशासन अपनाने और संघ के काम को बढ़ाने के तरीके सिखाए।

'कुटुंब प्रबोधन' के तहत संघ प्रमुख ने बढ़ते एकल परिवारों की प्रवृत्ति को रोकने और पारंपरिक संयुक्त परिवार व्यवस्था तथा पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की जरूरत बताई।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 75867.80
निफ्टी 23907.15


सोना 157000 प्रति 10 ग्राम
चांदी 262000 प्रति किलो

# सेंसेक्स दूसरे दिन भी टूटा, निजी बैंकों व वित्तीय कंपनियों पर दबाव

मुंबई, वार्ता

निजी बैंकों तथा वित्तीय कंपनियों में बिकवाली से बुधवार को घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांकों में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 141.90 अंक टूटकर 75,867.80 अंक पर बंद हुआ। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में यह ऊपर 76,224.68 अंक और नीचे 75,748.21 अंक तक गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी सूचकांक भी 6.55 अंक यानी 0.03 फीसदी उतरकर 23,907. 15 अंक पर रहा। दोनों प्रमुख सूचकांक लगातार दूसरे दिन लाल निशान में बंद हुए हैं। वृहत बाजार में लिवाली का जोर रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.08 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.15 प्रतिशत ऊपर रहा। बैंकिंग, वित्त, आईटी, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समूहों के सूचकांक नीचे बंद हुए। विशेषकर निजी बैंकों में बिकवाली हावी रही। धातु, ऑटो, मीडिया और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों की कंपनियों में लिवाली देखी गई। एनएसई में जिन 3,422 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,770 के शेयरों में तेजी और 1,533 में गिरावट रही। अन्य 119 कंपनियों के शेयर अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 20 के शेयर हरे निशान में रहे। एचडीएफसी बैंक का शेयर 2.63 प्रतिशत गिर गया। इंफोसिस, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनीलिवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए। पावर ग्रिड का शेयर 2.56 प्रतिशत, इटरनल का 2. 54, एनटीपीसी का 2.23 और टाटा स्टील का 2.04 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ। इंडिगो का शेयर 1.90 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 1.22 प्रतिशत और एशियन पेंट्स का 0.96 प्रतिशत चढ़ा।



### चांदी दो दिन में 9000 , सोना 1,800 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली।** बुधवार को सोने-चांदी के दाम में भारी गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 4,503 रुपए कम होकर 2.62 लाख रुपए पर आ गई है। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 571 रुपए गिरकर 1.57 लाख रुपए हो गया है। चांदी की कीमत 2 दिन में 9 हजार और 1,800 रुपए सस्ता हो चुकी है। सोने में इस साल की शुरुआत में तेजी दिखी थी, लेकिन पिछले कुछ प में मुनाफावसूली और वैश्विक कारणों से इसमें गिरावट आई है। चांदी में सोने के मुकाबले ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने को मिला है। यह अपने ऑलटाइम हाई से काफी नीचे आई है।

# चावल, गेहूं, दालें नरम, चीनी और खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिस बाजारों में बुधवार को चावल का औसत भाव टूट गया। गेहूं और दालों में भी नरमी रही जबकि चीनी की कीमत चढ़ गई। खाद्य तेलों में उतार.चढ़ाव देखा गया।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 24 रुपये घटकर 3,832 रुपये प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं सात रुपये टूटकर 2,774 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा भी 10 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में मूंग दाल की औसत कीमत 18 रुपये और तुअर दाल की 10 रुपये प्रति क्विंटल गिर गई। चना दाल नौ रुपये और मसूर दाल सात रुपये सस्ती हुई। उड़द दाल में पांच रुपये की गिरावट रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में आज बकरीद का अवकाश रहा। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.17 प्रतिशत टूटकर 74. 23 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 51 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। वनस्पति 49 रुपये और सरसों तेल 44 रुपये फिसल गया। सूरजमुखी तेल में पांच रुपये और मूंगफली तेल में तीन रुपये की गिरावट रही।



सोया तेल 64 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव में टिकाव रहा। चीनी भी तीन रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7685. 20 रुपये, मसूर काली 8123.89 रुपये, मूंग दाल 10144.60 रुपये, उड़द दाल 10838.04 रुपये, तुअर दाल 11234.34 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2773.81 रुपये और चावल 3831.50 रुपये प्रति क्विंटल और आटा द्धगेहूंऋ 3247.63 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4331.28 रुपये और गुड़ 5035.08 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# हर घंटे दो छात्र कर रहे आत्महत्या शिक्षा व्यवस्था चौपट : एनएसयूआई

**नई दिल्ली।** नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) प्रभारी कन्हैया कुमार ने कहा है कि देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है। कुमार ने यहां कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्र सरकार और शिक्षा व्यवस्था की आलोचना करते हुए कहा कि देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले 'कॉमेडी' हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती। हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट...**

पुनरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया के प्रत्येक पहलू का पूरी तरह पालन नहीं करती। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारी सुविचारित राय में यह विवादित एसआईआर 'जन प्रतिनिधित्व अधिनियम' और उसके नियमों की जगह नहीं लेता है, बल्कि, यह धारा 21(3) द्वारा निर्धारित सटीक कानूनी सीमाओं के भीतर अनुच्छेद 324 के तहत दिए गए संवैधानिक आदेश में नई जान डालता है। इसलिए, यह नहीं कहा जा सकता कि आयोग ने अपनी कानूनी शक्तियों से बढ़कर कोई कार्य किया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि एसआईआर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की संवैधानिक आवश्यकता को आगे बढ़ाता है। न्यायालय के अनुसार, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की प्रक्रिया तक सीमित नहीं हैं। वे मूल रूप से मतदाता सूची की सटीकता और विश्वसनीयता पर आधारित होते हैं, जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया की नींव है। पीठ ने कहा कि विस्तृत विचार के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने अथवा संशो. धित करने की प्रक्रिया में नागरिकता से जुड़े प्रश्नों की जांच करने का अधिकार है। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि ऐसी जांच केवल मतदाता सूची में नाम शामिल करने अथवा हटाने तक सीमित उद्देश्य से ही की जा सकती है और यह प्रक्रिया उस मतदाता के पक्ष में लागू पूर्वधारणा का सम्मान करते हुए की जानी चाहिए, जिसका नाम पहले से मतदाता सूची में दर्ज है। न्यायालय ने कहा कि आयोग केवल चुनावी प्रयोजनों के लिए उपलब्ध सामग्री का आकलन कर निर्णय ले सकता है।

# मई-जून के लिए स्कूली बच्चों व परिजनों को म्यूजियम एवं स्मारकों में प्रवेश निशुल्क

मुहम्मद जान तुर्की

लखनऊ। विश्व की वर्तमान स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री ने राष्ट्र हित में सभी को अपना योगदान करने का आह्वान किया था। इसी क्रम में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने अधिकारियों के साथ 13 मई, 2026 को बैठक करके प्रधानमंत्री जी के निर्देशों के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए है। जिन अधिकारियों को वाहन आवंटित है उसके उपयोग में मितव्ययिता बरती जाये और इस पर आने वाले व्यय को 50 प्रतिशत के स्तर पर लाए जाने के प्रयास किये जाये।

पर्यटन मंत्री ने एक ही रूट पर रहने वाले अधिकारियों को एक ही गाड़ी का उपयोग करने तथा शासकीय भ्रमण आदि के लिए संयुक्त रूप से एक ही वाहन उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा अधिकारी गण पब्लिक ट्रांसपोर्ट, मेट्रो का उपयोग करें। कार्यालय में बिजली का उपयोग भी न्यूनतम किया जाए और एसी का उपयोग भी कम किया जाए। अवकाश के दिनों में कार्यालयों को अपरिहार्य स्थिति में ही खोला जाए। जयवीर सिंह ने विभागीय अधिकारियों को स्मारकों में नि:शुल्क प्रवेश करने के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश में डेस्टिनेशन वेडिंग की विद्यमान अपार संभावनाओं को देखते हुए पीपीपी योजना में लीज पर दी गई इकाइयों एवं पर्यटक आवास गृहों में डेस्टिनेशन वेडिंग को प्रोत्साहित करने के लिए कहा है। पर्यटन विभाग के राही पर्यटक आवास गृहों, होटलों में मई एवं जून 2026 में बच्चों एवं परिवार के यात्रियों को 20 से 25 प्रतिशत छूट प्रदान करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने विजिट माई स्टेट को बढ़ावा दिए जाने के निर्देश दिए हैं, उसके अनुपालन में वाराणसी, मथुरा, प्रयागराज, अयोध्या, बुन्देलखण्ड, चित्रकूट, आगरा, नैमिषारण्य, शाकुम्भरी देवी आदि स्थलों का प्रचार-प्रसार एवं ब्रांडिग की जाए। उन्होंने पर्यटकों और स्थानिय नागरिकों को क्षेत्रीय व्यन्जनों से परिचित कराने के लिए विशेष कुकिंग शो आयोजित करायें जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश के स्थलों और विरासत से परिचित कराने हेतु हेरेटिज वाक का आयोजन करने के निर्देश दिये है। संस्कृति विभाग द्वारा जिलाधिकारी के माध्यम से सास्कृतिक कार्यक्रम, भजन, नाटक आदि का आयोजन किए जाने की अपेक्षा की है। प्रदेश भर में कुल 200 नाटय प्रस्तुति चिन्हिन की गई है। जिनका विभिन्न स्थलों और मण्डलों में मंचन किया जाए।



### गायत्री प्रजापति के आवास पर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**अमेठी।** अमेठी में समा. जवादी पार्टी के पूर्व कैबिनेट मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति के आवास पर हमले और हंगामे का मामला सामने आया है। घटना मंगलवार देर शाम अमेठी नगर स्थित आवास विकास कॉलोनी में हुई, जहां वर्तमान विधायक महाराजी प्रजापति अपने परिवार के साथ रहती हैं। पूर्व मंत्री के बेटे अनुराग प्रजापति ने कोतवाली पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि करीब दो से तीन दर्जन लोग मोटरसाइकिलों और एक काले रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी से उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और वीडियो बना रहे परिजनों के साथ मारपीट करते हुए मोबाइल छीन लिया। शिकायत में कई लोगों के नाम भी दर्ज कराए गए हैं। अनुराग प्रजापति का कहना है कि उनके परिवार को जान-माल का खतरा है।

# दिनदहाड़े स्कूटी चालक किडनैप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** समयपुर बादली इलाके से दोपहर के वक्त पीडिघ्त की स्कूटी पर बैठकर उसको चाकू मारने की धमकी देकर किडनैप किया। साथी के साथ मिलकर स्कूटी चालक का बैग आदि लूटकर भगा दिया। जब पुलिस ने आरोपियों को पकड़ा। पता चला कि वारदात करवाने वाला मुख्य साजिशकर्ता पीडिघ्त का जीजा था। जिसको पता था कि साला बैग में मालिक से मोटी रकम लाता ले जाता है।

मगर वारदात करने के बाद जब बैग खोलकर देखा, उसके एक रुपया भी नहीं था। आरोपियों की पहचान प्रशांत वर्मा उर्फ अनुज, हर्ष हर्षित और नीतीश कश्यम उर्फ यश के रूप में हुई है, जिनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल स्कूटी और चाकू बरामद किया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते 21 मई को, समयपुर बादली पुलिस को एक मोबाइल फोन और बैग की दिन-दहाड़े हुई छीना-झपटी के बारे में जानकारी मिली।

कराला के शिकायतकर्ता, शरद कुमार ठाकुर, जो कश्मीरी गेट में एक ऑटो स्पेयर पाट्‌र्स की दुकान पर काम करता है, ने बताया कि उसके काम में उसके मालिक पंकज गुलाटी के लिए नियमित रूप से कैश इक;ा करना शामिल है।

वारदात की दोपहर वह कैश इकट्‌ठा करने के लिए सेक्टर-7, रोहिणी गया था। इसके बाद उसे फोन पर रोहिणी सेक्टर-18/19 मेट्रो स्टेशन जाने का निर्देश दिया गया। उसके बाद, ट्रैफिक लाइट पर अचानक एक अनजान व्यक्ति उसकी स्कूटी पर बैठ गया, उसकी पीठ पर चाकू लगाकर उसका किडनैप किया। दिव्या ज्योति अपार्टमेंट्स की ओर जाने पर एक अन्य स्कूटी पर सवार एक अन्य साथी ने उन्हें रोका। उसकी पिटाई करने के बाद मोबाइल फोन, चाबियां और काला बैग लूट लिया। पुलिस ने मामला दर्ज किया।

एसपी फिरोज आलम की देखरेख में एसएचओ शैलेंद्र सिंह जाखड़ के निर्देशन में पुलिस टीम ने वारदात वाली जगह के आने जाने वाले रूट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। ह्यूमैन सॉर्स की सहायता ली। फुटेज में काले रंग की स्कूटी की पहचान की। स्कूटी मालिक प्रशांत वर्मा को उसके ठिकाने से उठाया। पूछताछ में पता चला कि वहीं मुख्य साजिशकर्ता था। उसको पता था कि उसका साला शरद, व्यापार के लिए नियमित रूप से भारी मात्रा में नकदी लेकर चलता है। बस इसी जानकारी के बाद उसने अपनी आर्थिक स्थिति सुधारने का प्लान बनाकर अपने दो साथियों हर्ष और नीतिश को मोटी रकम देने का वादा कर वारदात को अंजाम दिया था। हर्ष और नीतिश को भी पकड़ा। पता चला कि दोनों ने स्कूटी का इस्तेमाल करके लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्रशांत अपनी कार में उनके ठीक पीछे-पीछे चल रहा था ताकि पूरी वारदात पर नजर रख सके। विडंबना यह रही कि पूरी वारदात करने के बाद आरोपियों को पता चला कि लूटा गया बैग खाली था और उसमें वह नकदी नहीं थी जिसकी उन्हें उम्मीद थी। इसके बाद, हताशा में उन्होंने पीडिघ्त का मोबाइल फोन और चाबियां फेंक दीं थी।

## वेलकम में गोली मारकर की हत्या, दो बदमाश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** श्याम लाल कॉलेज के पास युवक की गोली मारकर हत्या करने के जुर्म में वेलकम थाना पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, दो मैगजीन, सात जिंदा कारतूस, वारदात में इस्तेमाल स्कूटी एक्सेस-125 और हेलमेट बरामद किया है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हत्या पुरानी रंजिश और बदले की भावना में अंजाम दी गई थी।

डीसीपी नॉर्थ ईस्ट राहुल अलवाल के मुताबिक 19 और 20 मई की दरम्यानी रात वेलकम थाना इलाके में फायरिंग की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पता चला कि गुरुद्वारा मोहल्ला मौजपुर निवासी 22 वर्षीय अमानुल्लाह कुरैशी को परिजन जीटीबी अस्पताल ले गए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। क्राइम टीम और एफएसएल ने मौके से साक्ष्य जुटाए। जांच के दौरान पता चला कि मृतक अमानुल्लाह, फैजान उर्फ फज्जी हत्याकांड में आरोपी मोइन कुरैशी का भाई था, जो फिलहाल न्यायिक हिरासत में बंद है। मामले की जांच के दौरान थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रुपेश कुमार खत्री की टीम ने तकनीकी और लोकल इनपुट के आधार पर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सैफी उर्फ अब्दुल (27) और अमीर आलम (22) के रूप में हुई है। दोनों उत्तर प्रदेश के मथुरा के रहने वाले हैं। पूछताछ में आरोपियों ने वारदात में शामिल होने की बात कबूल की है। पुलिस का कहना है कि मामले में शामिल बाकी आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है और जल्द उनकी गिरफ्तारी भी की जाएगी।

# कहासुनी पर कनपटी पर सटाकर किया फायर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली के अमर कॉलोनी इलाके में मंगलवार देर शाम एक फूड पॉइंट पर कुर्सी छूने को लेकर हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। गुस्साए युवक ने 17 वर्षीय किशोर पर गोली चला दी। किशोर गंभीर रूप से घायल है जबकि उसके साथ मौजूद लड़की सुरक्षित है। घटना का सीसीटीवी सामने आया है। घायल को पहले मूलचंद अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसकी गंभीर हालत को देखते हुए एम्स ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी के अनुसार, घटना मंगलवार शाम करीब 7:54 बजे अमर कॉलोनी स्थित जाट साब चाप वाला फूड पॉइंट पर हुई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक घायल किशोर को अस्पताल ले जाया जा चुका था। अस्पताल पहुंचने पर पीड़ित को वेंटिलेटर सपोर्ट पर बेहा. ेशी की हालत में पाया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि किशोर एक दोस्त के साथ फूड पॉइंट पर खाना खा रहा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे तीन युवकों के समूह में से एक युवक की टक्कर पीड़ित की कुर्सी से हो गई। इस पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई। विवाद के बाद युवक वहां से चले गए, लेकिन करीब चार-पांच मिनट बाद उनमें से एक युवक वापस लौटा और कपल पर एक राउंड फायरिंग कर फरार हो गया।

# जल बोर्ड के ड्राइवरों की अनोखी पहल: राहगीरों की बुझाई 'प्यास'

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश-1 दिल्ली जल बोर्ड के ड्राइवरों और डीटीसी के ड्राइवरों ने मिलकर खानपुर को जाने वाली सड़क पर छबील लगाकर भीषण गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाई है।

इस मौके पर भीषण गर्मी में राहगीरों ने मीठे शरबत का आनंद लिया और दिल्ली जल बोर्ड के कर्मियों व ड्राइवरों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। दिल्ली जल बोर्ड के ए.ई शिव प्रताप सिंह ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड दिल्ली वासियों की प्यास बुझाता है और जल सेवा में सदैव तत्पर रहता है। ड्राइवरों की इसमें अहम भूमिका रहती है। बुधवार को सामाजिक प्रयास करते हुए सभी ड्राइवरों ने मिलकर मेन रोड पर राहगीरों को मीठे शरबत पिलाकर पुण्य का कार्य किया है। उन्होंने बताया कि सामा. जिक जिम्मेदारी को भी हर इंसान को निभाना चाहिए। सबके प्रयास से यह कार्य संभव हो पाया है और हजारों लोगों ने मीठे शरबत का आनंद लिया और अपनी प्यास बुझाई। कर्मियों द्वारा किया गया यह कार्य जनहित में सराहनीय है।

इस मौके पर राजेश सहरावत, वीरेंद्र कुमार, ओमवीर डबास, राहुल कुमार, संजीव कुमार, अजीत कुमार, सुभाष, राजेंद्र शर्मा, नरेश, जय भगवान, बलवान राणा आदि लोग राहगीरों को शरबत पिलाने के कार्य में जुटे रहे। इनके इस प्रयास को पब्लिक ने खूब सराहा।



दिल्ली जल बोर्ड के ड्राइवर तपती गर्मी में राहगीरों की प्यास बुझाते हुए।

## एक नजर

### तेजी से बढ़ रहा सोशल बाइंग का दायरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** भारत में सोशल बाइंग का दायरा तेजी से बढ़ रहा है, जहाँ खरीदारी के निर्णय अक्सर सोशल प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली सिफारिशों, रिव्यू और बातचीत से प्रभावित होते हैं। अधिकांश लेन-देन सफल रहते हैं, लेकिन विश्वास अब तक केवल अनुमान और भरोसे पर आधारित रहा है, जिससे कई बार खरीदारों को नुकसान उठाना पड़ता है जब सामने वाला अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं करता।

इसी चुनौती का समाधान लेकर आया है ट्रेक नेक्स्ट , जो विश्वास को केवल एक भावना नहीं बल्कि एक पारदर्शी और मापने योग्य प्रणाली में बदलता है। इस प्लेटफॉर्म पर प्रत्येक उपयोगकर्ता अपने सत्यापित इंटरैक्शन, रिव्यू और किए गए वादों को निभाने के आधार पर एक सार्वजनिक ट्रैक रिकॉर्ड तैयार करता है, जिससे खरीदार और विक्रेता दोनों अधिक सूचित और सुरक्षित निर्णय ले सकते हैं।

### साझेदारी की घोषणा की

**नई दिल्ली।** धर्मपाल सत्यपाल ग्रुप (डीएस ग्रुप) ने ब्रिटेन के लोकप्रिय बेक्ड ट्रीट्स और डेजर्ट क्यूएसआर ब्रांड, बेन्स कुकीज के साथ एक विशेष साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के जरिए इस प्रतिष्ठित ब्रिटिश ब्रांड की भारतीय बाजार में एंट्री होने जा रही है।

इस अवसर पर बेन्स कुकीज इंडिया की संस्कृति गुप्ता ने दोनों संस्थाओं के बीच तालमेल पर जोर देते हुए कहा, "भारत में बेन्स कुकीज का आगमन, प्रीमियम फूड रिटेल सेक्टर में डीएस ग्रुप के रणनीतिक विस्तार का एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। हमें भारतीय बाजार में ब्रिटिश विरासत का एक हिस्सा पेश करते हुए बेहद खुशी हो रही है।

बेन्स कुकीज के ल्यूक मेनेजेस ने ब्रांड के मानकों पर बात करते हुए कहा डीएस ग्रुप के साथ काम करने का अवसर मिलने पर हम बेहद आभारी हैं और भारतीय डेजर्ट संस्कृति का एक प्रिय हिस्सा बनने के लिए उत्साहित हैं।

### महाभारत की अनकही कहानी छोटे परदे पर

**नई दिल्ली।** सोनी सब अपने प्रोग्रामिंग स्लेट को और मजबूत करते हुए लेकर आ रहा है नया पौराणिक शो हस्तिनापुर के वीर। यह शो महाभारत के महानायकों के बनने से पहले की गाथा को जीवंत करेगा। शो का प्रीमियर 2 जून से होगा और यह सोमवार से शनिवार रात 9 बजे सोनी सब और सोनी लिव पर प्रसारित किया जाएगा।

हस्तिनापुर के वीर भारत के सबसे पूजनीय महाकाव्यों में से एक को आज के दर्शकों के लिए नए अंदाज में पेश करता है। यह शो एक ताजा और डूब जाने वाला अनुभव देता है। इसमें पांडवों और कौरवों के शुरुआती वर्षों को दिखाया गया है उनका बचपन, रिश्ते, प्रतिद्वंद्विता और वे अनुभव जो उनकी शख्सियत और नियति को आकार देते हैं। यह सब भव्य हस्तिनापुर की पृष्ठभूमि में प्रस्तुत किया गया है।

### ग्लोबल फेयर प्ले मुवमेन्ट को दिया समर्थन

**नई दिल्ली।** कोस्मो फर्स्ट की कम्युनिटी आउटरीच शाखा, कोस्मो फाउन्डेशन ने 19 मई को नई दिल्ली के आईएसआईसी इंस्टीट्यूट ऑफ रीहेबिलिटेशन साइंसेज में वर्ल्ड फेयर प्ले डे 2026 पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी को समर्थन प्रदान किया।

इस पहल की परिकल्पना कॉस्मो फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी, मिस यामिनी कुमार जयपुरिया के सहयोग से की गई थी, जो इंटरनेशनल फेयर प्ले (निष्पक्ष खेल) पहलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं। सभा को विशेष रूप से संबोधित करते हुए कोस्मो फाउंडेशन की मैनेजिंग ट्रस्टी और कोस्मो फर्स्ट की होलटाईम डायरेक्टर (कॉर्पोरेट स्ट्रैटेजी, ईएसजी एवं सीएसआर), मिस यामिनी कुमार जयपुरिया ने कहा, "फेयर प्ले यानि निष्पक्ष खेल एक सार्वभौमिक भाषा है। फेयर प्ले एक खेल से कहीं बढ़कर है, यह जीवन जीने का एक तरीका है।

## गोविंदपुरी डबल मर्डर : आरोपी की मां को पता थी बेटे की करतूत, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** गोविंदपुरी थाना इलाके में मां शारदा साहू और बेटे खुशहाल के हत्याकांड में पुलिस ने नया खुलासा किया है। हत्याकांड के आरोपी सौरभ की मां सुमन को पता था कि उसका बेटा सौरभ गोविंदपुरी में वारदात करने जा रहा है। इसके बाद भी उसने अपने बेटे को नहीं रोका। पूछताछ में यह तथ्य सामने आने के बाद पुलिस आरा. ेपी की मां सुमन को गिरफ्तार कर लिया है। दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस उपायुक्त डा. हेमंत तिवारी ने बताया कि दोनों आरो. पियों के कब्जे से पीड़ित के घर से लूटे गए साढ़े पांच लाख रुपये और गहने बरामद कर लिए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सुमन (50) को पता था कि उसका बेटा घर से चाकू लेकर गया वारदात को अंजाम देने के लिए गया है। आरोपी सुमन लूटी गई नकदी और गहनों को छिपाने और अपने पास रखने में शामिल थी।

वह पीड़ित परिवार के यहां गई और रोने और आरोपी को तलाश करने का नाटक भी करती रही थी। वारदात के बाद जब रिश्तेदार व अन्य लोग पीड़ित विष्णु साहू के घर पर एकत्रित हुए थे तब सुमन वहां थीं। सौरभ ने बताया कि वारदात के बाद वह अपने घर गया था और मां को सारी बात बता दी थी।

# एमसीडी ने चलाया कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में अतिक्रमण विरोधी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी जोन ने आज एक सख्त कार्रवाई करते हुए हौज खास वार्ड के कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया।

दिल्ली नगर निगम की संयुक्त टीम ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों तथा स्थानीय पुलिस के सहयोग से कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।इस दौरान सड़कों और फुटपाथों पर बने अस्थायी ढांचे एवं प्लेटफॉर्म को जेसीबी मशीनों की सहायता से हटाया गया। इसके अतिरिक्त, शैक्षणिक संस्थानों एवं पार्कों की दीवारों के आसपास किए गए अतिक्रमण भी हटाए गए।

इस कार्रवाई के दौरान दुक. ानों का सामान भी जब्त किया गया। दिल्ली नगर निगम दक्षिणी जोन उपायुक्त श्री राकेश कुमार ने कहा कि यह पहल सार्वजनिक स्थलों को सुव्यवस्थित बनाए रखने तथा नागरिकों की सुरक्षा एवं कल्याण सुनिश्चित करने के लिए एमसीडी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस अभियान के तहत सड़क के दोनों ओर तथा फुटपाथों पर लगे कई अवैध ठेले और दुकानों को भी हटाया गया।

सरकारी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने और सार्वजनिक स्थानों को अनधिकृत ढांचों से मुक्त रखने के लिए यह संयुक्त कार्रवाई आवश्यक थी।

दिल्ली नगर निगम अतिक्रमणकारियों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रखेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि सार्वजनिक स्थान बाधा रहित बने रहें।



एमसीडी कर्मचारी कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाते हुए।

# लू-लपट के दौर में दो दिन गिर सकती हैं राहत की बूंदें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लू व गर्मी का सितम जारी है। बुधवार को भी आसमान से बरसती आग और लू के थपेड़ों से लोगों का हाल बेहाल किए रखा। मौसम विभाग ने गर्मी का यलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में आसमान ज्यादातर साफ रहेगा और अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जबकि न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री के बीच रहेगा। इस दौरान कई जगहों पर सतह पर तेज हवाएं चलेंगी, जिनकी रफ्तार 20 से 30 किमी प्रति घंटा रहेगी और कभी-कभी झोंके 40 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकते हैं। मौसम विभाग की भविष्यवाणी है कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ 28 मई से उत्तर-पश्चिमी भारत को प्रभावित कर सकता है। इसका असर 28, 29, 30 और 31 मई को देखने को मिलेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 28 और 29 मई से मौसम में बदलाव शुरू होगा। इस दौरान आंशिक बादल छाने के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। ऐसे में गरज- चमक और तेज हवाओं की संभावना रहेगी, जिनकी गति 40 से 50 किमी प्रति घंटा और कुछ समय 60 किमी प्रति घंटा तक हो सकती है।

# वरिष्ठ नागरिक स्कूलों में जाकर युवाओं से करेगें कनेक्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** बुजुर्गों के अनुभव युवाओं के काम आ सकते हैं, वहीं युवाओं से बुजुर्ग तकनीकि बारिकियां सीख सकते हैं। युवाओं और बुजुर्गो के बीच सामाजिक तालमेल को बेहतर करने के लिए वरिष्ठ नागरिकों ने एक पहल की है। जिसके तहत युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के बीच संवाद स्थापित करने के लिए डिजिटल मंच के जरिए डिजिटल सदस्य बनाने और स्कूलों, कॉलेजों में संपर्क करने पर सहमति बनाई गई है। इस अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंदर इंद्रराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे।




मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्दर इंद्रराज ने कहा कि वृदाआश्रम का चलन हमारी संस्कृति नहीं रही है, बदलाव ठीक है लेकिन संस्कारों से विमुख होकर आया बदलाव चरित्र का पतन करता है। सम्मेलन में अखिल भारतीय सीनियर सिटिजन वेलफेयर सोसाइटी के संस्थापक और राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोड़ा ने कहा कि संस्था गत 17 वर्षो से उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड में काम कर रही है।

# ईद-उल-अजहा त्याग, भाईचारे व इंसानियत का पर्व: अनीश अब्बासी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष अनीश अब्बासी ने ईद-उल-अजहा बकरीद के पावन अवसर पर देशवासियों, विशेषकर मुस्लिम समाज से शांति, सौहार्द और सामाजिक जिम्मेदारी के साथ त्योहार मनाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि ईद-उल-अजहा त्याग, भाईचारे और इंसा. नियत का पर्व है, जिसे सभी को आपसी सद्‌भाव और कानून के दायरे में रहकर मनाना चाहिए। उन्होंने मुस्लिम समुदाय से विशेष आग्रह किया है की वो वैध कुर्बानी ही करें तथा केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों और स्थानीय प्रशासन के आदेशों का पूर्ण रूप से पालन करें। अनीश अब्बासी ने कहा कि त्योहार के दौरान साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी प्रकार की कुर्बानी खुले स्थानों, सड़कों या सार्वजनिक जगहों पर न की जाए। निर्धारित स्थानों पर ही कुर्बानी की जाए ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सामाजिक सौहार्द बना रहे। उन्होंने आगे कहा कि पर्यावरण और स्वास्थ्य संबंधी नियमों का पालन करना हम सभी की जिम्मेदारी है। कुर्बानी के



अवशेषों का उचित निस्तारण किया जाए तथा स्वच्छता बनाए रखी जाए, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश जाए। दिल्ली भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि भारत विविधताओं का देश है और सभी धर्मों के त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सम्मान के साथ मनाए जाने चाहिए। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि ईद-उल-अजहा के अवसर पर अमन, शांति और भाईचारे की मिसाल पेश करें तथा देश की एकता और सद्‌भाव को मजबूत करें।

## दिल्ली में 7.72 लाख से अधिक आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड बनाए गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजनाश के तहत राजधानी दिल्ली में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। पूरी दिल्ली में लाभार्थियों के पंजीकरण, उपचार प्रदान करने और क्लेम के निपटारे में भी लगातार प्रगति हो रही है।नवीनतम आंकड़ों के अनुसार राजधानी दिल्ली में कुल 7,72,129 आयुष्मान भारत हेल्थ कार्ड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें श्वय वंदना योजनाश के तहत 2 लाख 90 हजार 475 कार्ड और नॉन-वीवीएस श्रेणी के तहत 4 लाख 81 हजार 654 कार्ड शामिल हैं।

# पेपर लीक मामले में दिल्ली कोर्ट ने आदेश सुरक्षित रखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने डॉ. मनोज शिरुरे और तेजस हर्षद कुमार शाह की पांच दिन की सीबीआई हिरासत मांग पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने प्रह्लाद कुलकर्णी और शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर की न्यायिक हिरासत पर भी फैसला कल सुनाने के लिए सुरक्षित रखा।

केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए बुधवार को दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें महाराष्ट्र के लातूर का एक डॉक्टर और पुणे का एक फिजिक्स शिक्षक शामिल है। एजेंसी का कहना है कि दोनों आरोपी प्रश्नपत्र लीक कराने की साजिश में शामिल थे।

गिरफ्तार मनोज शिरुरे पर केमिस्ट्री प्रश्न उपलब्ध कराने का आरोप है। ये प्रश्न नीट के पेपर सेटर पीवी कुलकर्णी से हासिल किए गए थे। इनमें रेनुकाई करियर सेंटर के संस्थापक शिवराज मोटेगांवकर का बेटा भी शामिल था।

सीबीआई ने पुणे के फिजिक्स शिक्षक तेजस हर्षद कुमार शाह को भी गिरफ्तार किया है। शाह को फिजिक्स के लीक प्रश्न मनीषा हवालदार से मिले थे। इन गिरफ्तारियों के बाद कुल 13 लोग पकड़े जा चुके हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

भारत माँ के चार सिपाही
हिन्दू मुस्लिम सिख ईसाई
देश को मज़बूत बनाना है तो
भाईचारा मज़बूत बनाएं





फैसल कुरैशी

भाई मेहरबान
अध्यक्षः भाईचारा समिति
दिल्लीप्रदेश 9810024415

## रंगदारी के आरोपों से सहमे व्यापारी

# व्यापार मंडल ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** नगर में कथित रंगदारी और अवैध वसूली की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में व्यापारी तहसील पहुंचे तथा उप जिलाधिकारी ललित मिश्रा को ज्ञापन सौंपकर आरोपी विनय जैन उर्फ किक्की के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग उठाई।

व्यापार मंडल के प्रतिनिधियों का आरोप है कि जेल से रिहा होने के बाद आरोपी दोबारा सक्रिय हो गया है और अपने साथियों के माध्यम से व्यापारियों व आम लोगों को डराकर अवैध वसूली कर रहा है। उन्होंने कहा कि नगर के कई क्षेत्रों में लोग भय और असुरक्षा का माहौल महसूस कर रहे हैं, जिससे व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।ज्ञापन में व्यापार मंडल ने उल्लेख किया कि वर्ष 2016 में विनय जैन के खिलाफ खतौली थाने में धारा 386 आईपीसी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमे दर्ज किए गए थे। बाद में उसे जेल भेजा गया और इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिली थी। व्यापारियों का आरोप है कि जमानत मिलने के बाद भी आरोपी ने आपराधिक गति. विधियों से दूरी नहीं बनाई और फिर से रंगदारी व ब्लैकमेलिंग जैसे मामलों में संलिप्त हो गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने प्रशासन से मांग की कि नगर में शांति और व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरोपी को तत्काल जिला बदर किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो व्यापारियों को आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान व्यापार मंडल के कई पदाधिकारी और व्यापारी मौजूद रहे।



## ईद उल अजहा पर ईदगाह में तैयारियां मुकम्मल

**बुढ़ाना।** त्याग व समर्पण का पर्व ईद उल अजहा को लेकर बुढ़ाना नगर पंचायत ने कमर कस ली है। अध्यक्षा उमा त्यागी के निर्देश पर नगर पंचायत प्रशासन ने ईदगाह परिसर व आसपास के क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की कमान संभालते हुए सब तैयारियां पूरी कर ली हैं। नमाजियों को किसी तरह की असु. विधा न हो इसके लिए साफ सफाई से लेकर पेयजल तक के विशेष इंतजाम किए गए हैं। चेयरपर्सन उमा त्यागी के पुत्र अभिनव त्यागी ने सभासद इमरान कुरैशी, इकबाल कुरैशी, सलीम कुरैशी, नसीम सिद्दीकी, राशिद मंसूरी, सभासद गुलफाम खान के साथ ईदगाह पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने नगर पंचायत कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि ईद के मौके पर आने वाले हर व्यक्ति को साफ सुथरा और सुविधा. जनक माहौल मिले। नगर पंचायत की टीम ने ईदगाह परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाया। धूल व भीषण गमह्न से राहत दिलाने के लिए पूरे परिसर में पानी का छिड़काव कराया गया। स्वच्छता बनाए रखने के लिए जगह जगह चूना भी डलवाया गया साथ ही नमाज के दौरान लोगों के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु पानी के टैंकर लगवाए जा रहे हैं। चेयरपर्सन उमा त्यागी ने कहा ईद उल अजहा त्याग, समर्पण व इंसानियत का संदेश देता है। नगर पंचायत बुढ़ाना की प्राथमिकता है कि इस पावन पर्व पर ईदगाह आने वाले हर नमाजी को बेहतर सुविधा मिले। इसके लिए साफ सफाई, पानी के छिड़काव, चूना डालने व पेयजल समेत सब आवश्यक व्यवस्थाएं मुकम्मल कर दी गई हैं। निरीक्षण में राजू पांचाल, अंकित त्यागी, नितिन पंवार, गुल. बशर, मानू त्यागी, लोकेश पंडित व अंकुर त्यागी आदि लोग मौजूद थे। सबने नगर पंचायत द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।



## ईद-उल-अजहा की पूर्व संध्या पर गुलजार हुए बुढ़ाना के बाजार

**बुढ़ाना।** त्याग और कुर्बानी का पर्व ईद उल अजहा से एक दिन पहले को बुढ़ाना कस्बे के बाजारों में जबरदस्त रौनक देखने को मिली।

सुबह से लेकर देर रात तक बाजार ग्राहकों से गुलजार रहे। ईद उल अजहा की तैयारियों के लिए लोगों ने जमकर खरीदारी की जिससे पूरे कस्बे में त्योहारी उल्लास छा गया। मुख्य बाजार, कोतवाली रोड, छोटा बाजार, पैंठ बाजार और सदर बाजार में सबसे ज्यादा चहलपहल रही। रेडीमेड गारमेंट्स, कुर्ता पायजामा, टोपी और इत्र की दुकानों पर युवाओं की खासी भीड़ दिखी वहीं महिलाओं और बच्चियों ने चूड़ी, सौंदर्य प्रसाधन और लेस की दुक. ानों पर जमकर खरीदारी की। बच्चों के लिए खिलौने और जूतों की दुकानों पर भी दिन भर मेला सा लगा रहा। ईद का त्योहार सेवइयों के बिना अधूरा है। इसलिए किराना और हलवाई की दुकानों पर और सूखे मेवों की बिक्री जोरों पर रही। मसालों और बेकरी आइटम की दुकानों पर भी ग्राहकों का तांता लगा रहा। ईद उल अजहा की तैयारियों को लेकर लोगों में इतना उत्साह था कि देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही। दुकानदारों ने भी ग्राहकों की सुविधा के लिए अपनी दुकानें देर तक खोली। पूरे बाजार में रंग-बिरंगी लाइटों और सजावट ने माहौल को और खुशनुमा बना दिया। बाजार में उमड़ी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह अलर्ट रहा।

## शीतल शरबत पिला कर बुझाई राहगीरों की प्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** जेठ की तपती दुपहरी मे आकाश से बरस रही आग से अब धरती भी आग उगल रही है बुधवार जेठ की अधिक महत्व तथा फलदायी इंकादशी को कस्बे मे कई स्थानो पर मीठा शीतल शरबत पिला कर राहगीरो के हल्म की प्यास बुझाकर पुण्य कमाया गया है।

गर्मी के तापमान को देखते हुए बुधवार दोपहर लक्सर रोड प्रियांशी फस्ट एड क्लीनिक पर विशाल छविल लगाया गया जिसमें सभी दुकानदारों ने अपना सहयोग प्रदान किया घर में अधिक कमाने की वजह से हजारों लोगों ने वह राहग. ीरो ने ठंडे पानी रुआवजा का आनंद लिया साथ रहे सलमान मलिक आजाद फ्लाइ फूड्स शोएब डाक्टर जयवीर पाल . डाक्टर मुनव्वर डाक्टर जयवीर डा अमित त्यागी डाक्टर सलमान अरविंद कुमार . प्रिन्स कश्यप . सुमित कुमार . गजेंद्र कुमार शिवम कुमार आबिद आदि लोग मौजूद रहे उधर इसी रोड पर भारद्वाज धर्म कांटा रोहित शर्मा बसंत टी स्टाल . बसन्त सिंह . अभिषेक कुमार .रमेश शर्मा . सहित दर्जनों युवको द्वारा भीषण गर्मी उउ की परवाह न करते हुए कई घन्टे जेठ की तपती दुपहरी मे राहगीरो को मीठा शीतल शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलायी गयी है।

## टैम्पो स्टैंड पर राहगीरों को मिला आरओ का शुद्ध शर्बत

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी और तेज धूप से बेहाल लोगों को राहत देने के लिए समाजसेवी अमन मिर्ज़ा ने हर साल की तरह इस बार भी ठंडे शरबत सेवा अभियान की शुरुआत की है। बुढ़ाना के टैक्सी टैम्पो स्टैंड और भारत रोड पर शुरू की गई इस सेवा में राहगीरों, वाहन चालकों और आम लोगों को स्वच्छ शरबत उपलब्ध कराया जा रहा है। शरबत सेवा का शुभारंभ करते हुए अमन मिर्ज़ा ने कहा कि इंसानियत की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। भीषण गर्मी में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना एक छोटी लेकिन बेहद महत्वपूर्ण सेवा है। उन्होंने बताया कि क्लासिक गैलरी की ओर से पिछले कई वर्षों से गर्मी के मौसम में लगातार यह जनसेवा की जा रही है। अमन मिर्ज़ा ने बतलाया कि शुद्धता और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए आरओ प्यूरीफायर से तैयार स्वच्छ शरबत की व्यवस्था की गई है। यह सेवा प्रतिदिन सुबह से शाम तक लोगों के लिए उपलब्ध रहेगी और बरसात शुरू होने तक लगातार जारी रहेगी। इस सेवा कार्य का स्थानीय लोगों और राहगीरों ने भरपूर लाभ उठाया। टैम्पो चालक नईम ने कहा पूरे दिन धूप में गाड़ी चलाते हैं। ऐसे में ठंडा और साफ शरबत मिल जाए तो बड़ी राहत मिलती है। अमन भाई हर साल हमारी फिक्र करते हैं। कार्यक्रम में क्लासिक वर्कशॉप के संयोजक जहीर हसन, छम्मा, मुनीम, अरशद खान, समाजसेवी गुलबशर मिर्ज़ा समेत कई लोग मौजूद थे। सबने इस पुनीत कार्य की सराहना की और सहयोग का आश्वासन दिया।



## राहगीरों को पिलाया ठंडा शरबत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** बढ़ती गर्मी और तेज धूप से परेशान राहगीरों को राहत देने के लिए बुढ़ाना कस्बे के कोतवाली रोड पर स्थित सागर नर्सिंग होम की ओर से शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नर्सिंग होम के बाहर लगाए गए स्टॉल पर आने-जाने वाले सैकड़ों लोगों ने ठंडा शरबत पीकर गर्मी से राहत पाई। इस सेवा कार्य में डॉक्टर रिहान जैदी, डॉक्टर बाबल और डॉक्टर साहिल सहित नर्सिंग होम का समस्त स्टाफ बढ़ चढ़कर शामिल हुआ। डॉक्टरों ने स्वयं अपने हाथों से राहगीरों, रिक्शा चालकों और दुकानदारों को शरबत पिलाया। व्यवस्था संभालने में फारूक त्यागी, मोहम्मद शान व अन्य सहयोगियों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सागर नर्सिंग होम परिवार ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में लोगों की सेवा करना ही सबसे बड़ा मानव धर्म है। अस्पताल सिर्फ इलाज की जगह नही सेवा का केंद्र भी है।

इसलिए सामाजिक दायित्व निभाते हुए यह पहल की गई है और आगे भी ऐसे कार्य जारी रहेंगे। भीषण गर्मी में किए गए इस सेवा कार्य की लोगों ने दिल खोलकर सराहना की। शरबत पीने के बाद कई बुजुर्ग राहगीरों ने सागर नर्सिंग होम के डॉक्टरों और स्टाफ को खूब दुआएं दी। स्थानीय व्यापारी राजेश गुप्ता ने कहा डॉक्टर का काम सिर्फ दवा देना नही इंसानियत निभाना भी है और सागर नर्सिंग होम ने ये कर दिखाया है।

## शरबत की छबील लगाकर बुझाई, राहगीरों की प्यास

**मोरना।** तपती गर्मी व तेज़ गर्म लू के बीच समाजसेवियों द्वारा भोकरहेडी -मोरना मार्ग पर ठंडे व मीठे शरबत की छबील लगाकर राहगीरों की प्यास बुझाई गयी।

मोरना क्षेत्र के गांव वज़ीराबाद में मुख्य मार्ग पर बुधवार को ठंडे मीठे शरबत की छबील लगाई गयी। ग्रामीणों ने राहगीरों को रोक-रोक. कर ठंडा शरबत पिलाया गया।सुबह से दोपहर तक लगाई गयी छबील में हज़ारों व्यक्तियों की प्यास बुझाकर पुण्य लाभ लिया।भाजपा कार्यकर्ता अनुज गोयल ने बताया कि तेज़ गर्मी में प्रत्येक को अधिक से अधिक पानी का सेवन करना ज़रूरी है।तेज़ गर्मी में मार्गो से गुजर रहे वाहनो में सवार यात्रियों, वाहन चालकों,ग्रामीणों आदि के लिये शरबत की व्यवस्था की गयी।यह सुविधा आगे भी जारी रहेगी।इस अवसर पर मदन सिंह, रविंद्र सिंह, अनुज गोयल,आदेश गोयल,सोनू कश्यप, डिंपल कुमार ,हार्दिक कुमार, अवनी गोयल, आयुष गोयल, सुधीर कुमार ,सचिन कुमार ,कपिल कुमार ,विक्की कुमार,कार्तिक, अनमोल कुमार आदि मौजूद रहे।



## युववकों पर डंडों से हमला कर कार तोड़ने वाले नामजद

**बुढ़ाना।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरालसी निवासी राजा पुत्र पवन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बतलाया कि वह अपने दोस्त देव व शिव प्रताप के साथ स्विफ्ट कार से बुढ़ाना की मास्टर कॉलोनी पहुंचा था। वहां पर पहले से ही मौजूद सचिन व निखिल ने अपने 7-8 साथियों के साथ मिलकर उन पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। हमलावरों ने उसकी कार को भी पूरी तरह तोड़ दिया। किसी तरह भागकर उन्होंने जान बचाई। हमलावरों ने भागते समय भी उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस हमले में उसको ओर उसके साथियों को भी चोटें आई हैं।

# गर्मी में राहत देने को बांटा गया रूह अफजा

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से राहगीरों को राहत दिलाने के लिए बुढ़ाना कस्बे के नदी वाला मन्दिर रोड पर ठंडे रूह अफजा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पंडित विवेक मणि जी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में काफी लोगों ने शीतल शरबत ग्रहण कर गर्मी से राहत पाई। कार्यक्रम के दौरान पंडित विवेक मणि जी महाराज स्वयं शरबत वितरित करते नजर आए। उनके साथ रवि वर्मा, ललित सैनी, मोनू पंडित, शुभम पंडित, आकाश सहित कई स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर सड़क से गुजर रहे राहगीरों, रिक्शा चालकों और दुकानदारों को प्रेमपूर्वक ठंडा रूहअफजा पिलाया। इस मौके पर पंडित विवेक मणि जी महाराज ने कहा कि गर्मी के मौसम में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य है। हमारी संस्कृ ति हमें मानव सेवा ही माधव सेवा का संदेश देती है। इसी भाव से हमने यह छोटा सा प्रयास किया है ताकि कोई भी राहगीर प्यासा न रहे। नदी मन्दिर रोड पर लगाए गए इस शरबत वितरण स्टॉल पर सुबह से ही लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। तपती दोपहरी में ठंडा रूह अफजा पीकर राहगीरों के चेहरे खिल उठे। स्थानीय दुकानदार संजय कुमार ने बताया ऐसे आयोजन गर्मी में बहुत राहत देते हैं। युवाओं को समाजसेवा के लिए आगे आते देखना भी बहुत सुखद है। आयोजक मंडल के सदस्य रवि वर्मा ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए समय समय पर ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस तरह के पुण्य कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

## फेरीवाला बनकर महिलाओं से हज़ारों की ठगी

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए ठग युवक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** चोरावाला गांव में फेरीवाला बनकर आये दो युवको ने महिला के साथ हज़ारों की ठगी कर डाली। अरोपी पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गये।पीड़िता ने पुलिस से आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव चौरावाला निवासी बालेश्वरी ने तहरीर लिखकर बताया कि मंगलवार की सुबह सवेरे उसके के पास एक कपड़ा बेचने वाला आया जिसने कहा कि कपड़ों का यह बैग 5500 रुपये में बेंच रहा है।तभी उसका एक और साथी महिला के पास आया और बोला कि यह कपड़ों का बैग आप ले लो और उसके बाद में आपको 5500 रुपये देकर यह बैग ले लूंगा।क्योंकि यह व्यक्ति मुझे नहीं देगा। आप लेकर मुझे दे दो महिला ने 5500 रुपये देकर कपड़ों का बैग खरीद लिया।दो मिनट में पैसे लेकर आने का बहाना बनाकर दोनो वहां से चले गये।जिसके बाद महिला को ठगे जाने का अहसास हुआ।अरोपी ठग पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए।पीड़ित महिला ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## मजलिस ए चेहलुम सैफ्यद मुख्तार हुसैन का आयोजन

**भोपा।** जौली गांव में समाजसेवी सैफ्यद मुख्तार हुसैन के चेहल्लुम के अवसर पर मजलिस ए शोहदाए करबला का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र व दूर दराज से आये व्यक्तियों ने भाग लिया।

मजलिस का आगाज़ हसन अली द्वारा सोज ख्वानी कर किया गया ।

पेशखानी तकी बादशाह ने की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना वसी हसन खान ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन के साथ जिस तरह जुल्म हुए ओर उन्होंने ज़ालिम से समझौता नहीं किया। उससे प्रेरित होकर ईरान में आयतुल्ला सैफ्यद अली खामनाई ने भी अपने परिवार सहित सब की कुर्बानी पेश की लेकिन जालिमों के आगे सर नहीं झुकाया। इससे हमें ये सीख लेनी चाहिए कि कितना भी बड़ा ज़ालिम तुम्हारे सामने हो हक़ का रास्ता न छोड़े।

मजलिस में बड़ी संख्या में व्यक्तियों ने भाग लिया।जिसमें मुख्य रूप से अधिवक्ता अजादार हुसैन, सपा नेता अली जामिन ज़ैदी, डॉ. अंजुम ज़ैदी, शैदा अली,अधिवक्ता ज़िया मेंहदी ज़ैदी, शबाब आलम, हनी, असरम, मजाहिर अब्बास, हैदर मेंहदी, अली रजा, ज़ैगम हुसैन, इसरार हुसैन आदि मौजूद रहे।



## बाबू बालेश्वरलाल की पुण्य तिथि पर हुआ कार्यक्रम

**शाहपुर।** कस्बे के कोहिनूर पब्लिक स्कूल में पत्रकारिता जगत के आधार स्तंभ स्वर्गीय बाबू बालेश्वर लाल की पुण्यतिथि समारोह मनाई गई। प्रमुख समाजस. ेवी नौशाद मलिक की अध्यक्षता में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पुण्यतिथि के अवसर पर दीप प्रज्वलित करके उनके चित्र पर माल्यार्पण तथा श्रद्धांजलि सभी पत्रकारों ने किया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नामित सभासद अभिषेक चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बाबू बालेश्वर लाल ने ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को देखते हुए संगठन की नींव रखी थी आज यह संगठन वट वृक्ष का रूप ले चुका है। बाबू बालेश्वर लाल जी जीवन पर्यंत ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों की आवाज को बुलंद करते रहे।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्त्वपूर्ण जानकारी

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों में वृद्धि-2026

रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के साथ-साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियाँ भी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार संचालित की जायेंगी:-

**04048/04047 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** 2 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04048 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04047 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:40 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:40 |

चलने के दिनः 04048 नई दिल्ली से दिनांक 28.05.2026 (गुरूवार) को और 04047 हावड़ा जं. से दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को।

स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैण्डेल स्टेशन।

**04050/04049 नई दिल्ली - हावड़ा जं. - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** 2 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04050 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04049 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:15 | नई दिल्ली | 08:20 | --- |
| 23:40 | --- | हावड़ा जं. | --- | 01:40 |

चलने के दिनः- 04050 नई दिल्ली से दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को और 04049 हावड़ा जं. से दिनांक 01.06.2026 (सोमवार) को।

स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : गाजियाबाद, अलीगढ़, टूण्डला, गोविंदपुरी, प्रयागराज, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, किऊल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धमान और बैण्डेल स्टेशन।

**04464/04463 नई दिल्ली - दरभंगा जं. - नई दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस** 2 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04464 आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04463 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | नई दिल्ली | 17:15 | --- |
| 13:30 | --- | दरभंगा जं. | --- | 16:30 |

चलने के दिनः- 04464 नई दिल्ली से दिनांक 29.05.2026 (शुक्रवार) को और 04463 दरभंगा जं. से दिनांक 30.05.2026 (शनिवार) को।

स्थान : 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।

ठहराव : टूण्डला, गोविंदपुरी, सूबेदारगंज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर, मोकामा, बरौनी और समस्तीपुर स्टेशन।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलवे पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in

रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

1799/26

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सोशल मीडिया पर वायरल पोस्ट से दूसरे सम्प्रदाय में नाराजगी

**मोरना।** ईदुलजुहा शुभकामना के डिजिटल बैनर में प्रतिबंधित पशु का कथित विवादित फोटो पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। फोटो वायरल होने के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक क्षेत्र के गांव ढांसरी निवासी एक युवक ने बुधवार शाम अपनी फेसबुक आईडी के स्टेटस पर ईद उल अजहा की शुभकामनाओं के साथ एक फोटो पोस्ट की। वायरल हो रही फोटो में बकरे के साथ प्रति. बंधित पशु की तस्वीर भी दिखाई गई है। साथ ही उसमें कुछ आपत्ति. जनक बातें लिखी होने की बात कही जा रही है। पोस्ट सामने आने के बाद हिंदू समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई। गांव सहित आसपास के इलाके में यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल होने के बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस ने पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी। सीओ भोपा देवव्रत वाजपेई ने बताया कि वायरल पोस्ट की जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी। क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस सतर्क है। साथ ही लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की गई है।

### उमरपुर के मदरसे में हुआ दीनी कार्यक्रम

बुढ़ाना। गांव उमरपुर में सुल्तानपुर मार्ग पर स्थित जामियातुल इमाम जियाउर्रहमान मदरसे में विगत दिवस एक अज़ीमुश्शान दीनी कार्यक्रम हुआ। जिसमें सहारनपुर जिले से आए मशहूर आलिमे दीन मौलाना खालिद सैफुल्लाह गंगोहवी ने विशेष बयान किया। मौलाना गंगोहवी ने जिक्रुल्लाह के विषय पर रुह परवर बयान करते हुए कहा अल्लाह का जिक्र दिलों का सुकून है। उन्होंने नौजवानों से खास तौर पर मुखातिब होकर गलत सोहबत से बचने, देर रात होटलों में वक्त बर्बाद ना करने, गैर जरूरी खाने पीने की चीजों और सिगरेट नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की पुरजोर नसीहत की। मौलाना ने कहा कि युवा कौम का सरमाया हैं उन्हें इल्म और अखलाक से आरास्ता होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में मौलाना खालिद सैफुल्ला गंगो. हवी ने ही मुल्क में अमन चौन, भाईचारे और कौम की तरक्की के लिए भी खास दुआ कराई।

## दवाई लेने गई इंटर की छात्रा लापता

**छपार।** गांव से मुजफ्फरनगर दवाई लेने गई। इंटर मीडियट की छात्रा रहस्यमय तरीके से लापता हो गई उसकी मां ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

गांव दतियाना की एक छात्रा मंगलवार को मुजफ्फरनगर सरकारी अस्पताल में दवाई लेने गई थी जब शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसे तलाश किया लेकिन कोई पता नहीं चल सका। शाम को थाने पहुंचकर उसकी मां ने एक प्रार्थना पत्र दिया। बुधवार को पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की। युवती के भाई ने बताया कि दोपहर के उससे मोबाइल पर बात हुई थी उसने बताया था कि दवाई ले ली है ओर घर आने के रिक्शा में बैठ रही है उसके बाद उसका मोबाइल बंद है।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

मुख्य अभियंता/निर्माण/आरएसपी/एनआर, 901 बी, टॉवर-I, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी बिल्डिंग, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए दो पैकेट प्रणाली के तहत ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का पूरा नाम** : उत्तरी रेलवे के रोड सेफ्टी प्रोजेक्ट्स यूनिट (RSPU), नई दिल्ली के अंतर्गत 03 आरओबी (ROB) का निर्माण कार्य: (i) अंबाला मंडल के SIR-DLPC सेक्शन पर भटरतगढ़-कीरतपुर साहिब रेलवे स्टेशनों के बीच कि.मी. 71/11-12 पर स्थित समपार फाटक संख्या 60-C के स्थान पर 2 लेन आरओबी का निर्माण। (ii) फिरोजपुर मंडल के SLN-JUC सेक्शन पर कि.मी. 410/23-25 पर स्थित समपार फाटक संख्या S-78 के स्थान पर (एलएचएस सहित) 2 लेन आरओबी का निर्माण। (iii) अंबाला मंडल के अंबाला-बठिंडा सेक्शन पर नाभा एवं धबलान स्टेशनों के बीच कि.मी. 38/13-15 पर स्थित समपार फाटक संख्या C-32 के स्थान पर 2 लेन आरओबी का निर्माण। |
| 2 | **लगभग कार्य की लागत** : रु. 1,39,53,49,690.05/- रुपये मात्र (एक सौ उनतालीस करोड़ तिरपन लाख उनचास हजार छह सौ नब्बे रुपये एवं पाँच पैसे मात्र।) |
| 3 | **कार्य समाप्ति की अवधि** : 18 महीने की अवधि |
| 4 | **बयाना राशि** : रु. 2,79,07,000.00/- मात्र रुपये (दो करोड़ उन्यासी लाख सात हजार मात्र।) |
| 5 | **रेलवे पर निविदा दस्तावेज की बिक्री/उपलब्धता** : निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर 27.05.2026 से 23.06.2026 तक उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | **निविदाएं अपलोड करने की अंतिम तिथि/समय** : निविदा दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाईट पर 23.06.2026, 11:30 बजे तक अपलोड किए जा सकते हैं। |
| 7 | **निविदा खुलने की तिथि एवं समय** : 23.06.2026, 11:30 बजे के बाद किसी भी समय। |
| 8 | **पूर्व-निविदा बैठक** : दिनांकः 03.06.2026 समयः 11:30 बजे से 12:30 बजे तक स्थानः सीएओ/सी/आरएसपी कार्यालय, 9वीं मंजिल, कनेक्टस टॉवर, डीएमआरसी भवन, अजमेरी गेट, नई दिल्ली-110002 तथा ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंस (वीसी) लिंक के माध्यम से (uploaded on IREPS)। |

सं.: 24-W-09-2026-WA-DyCE-C-RSP दिनांक: 27.05.2026 1805/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# युवती का शव कमरे में लटका मिला, दोस्त फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** निहाल विहार इलाके में 25 वर्षीय मेकअप आर्टिस्ट रागिनी का शव कमरे में पड़ा मिला। परिवार ने हत्या का शक जाहिर किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को दोपहर सवा दो बजे एक पीसीआर कॉल मिली थी। रागिनी निहाल विहार इलाके में परिवार के साथ रहती थी। परिजनों का कहना है कि दोपहर सवा दो बजे कॉलर ने बताया कि लगभग 25 वर्षीय एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। वह अपनी सहेली के कमरे में फंदे से लटकी हुई मिली और बालाजी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस मौके पर पहुंची।

शव को संजय गांधी अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है, जिसमें एक परिचित व्यक्ति पर आरोप लगाया गया है। मृतक महिला की पहचान रागिनी के रूप में हुई। परिवार वालों ने बताया कि 12 बजे रागिनी अपने घर से ब्यूटी पार्लर जाने के लिए ई-रिक्शा में निकली थी। इसके कुछ समय बाद परिवार को उसकी मौत की खबर मिली। रागिनी का शव एक युवक के घर की तीसरी मंजिल पर मिला। परिवार का आरोप है कि रागिनी के शरीर पर चोट के कई निशान थे, जिससे उन्हें हत्या की आशंका है। परिवार का यह भी कहना है कि जिस युवक पर शक जताया जा रहा है, वह घटना के बाद से फरार है। पुलिस ने खुदकुशी के लिये उकसाने की धारा में मामला दर्ज करके फरार युवक की तलाश शुरू कर दी है।

## जिंजर होटल के बाहर की थी फायरिंग, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के थाना विवेक विहार के अंतर्गत जिंजर होटल के बाहर हुई फायरिंग के आरोप में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि पैसों के लालच में उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया था स फिलहाल पुलिस ने इनके पास से एक स्कूटी, एक लोडेड अवैध पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस बरामद किए है स

शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त आर पी मीणा ने बताया पकड़े गए आरोपियों की पहचान विश्व गोला उर्फ विशु (23), उत्तम कश्यप (19) और राहुल गुप्ता (33) के रूप में हुई है स पूछताछ में राहुल गुप्ता ने बताया उसके एक दोस्त वीर ने उसे बताया था कि उसके भाई का डोकू बार क्लब में झगड़ा हो गया था जिसका बदला लेने के लिए उसे ऐसे लोग चाहिए थे जो फायरिंग करके रौब जमा सके स जिसके बाद राहुल ने वीर को विश्व और उत्तम से मिलवाया स फायरिंग की रुपरेखा तैयार की गई और विश्व ने दो अन्य साथी अजय और वंश को भी साथ जोड़ लिया स फायरिंग वाली रात 21 मई को विश्व स्कूटी पर अजय और वंश को साथ लेकर गया जबकि उत्तम अपनी बाइक से रेकी करने वहां पहुंचा स जिसके बाद अजय ने मौके पर चार राउंड फायर किए और यह सभी मौके से भाग गए स फिलहाल पुलिस इस साजिश में शामिल अन्य लोगों का पता लगाने और अपराध में प्रयुक्त हथियार बरामद करने का प्रयास कर रही है।

## दिल्ली में 30 जून से घर-घर पहुंचकर वोटर लिस्ट अपडेट करेंगे बीएलओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के 42.53 प्रतिशत मतदाताओं (लगभग 62.44 लाख) की मैपिंग का काम पूरा कर लिया गया है। इस प्रक्रिया में वर्तमान मतदाताओं का मिलान वर्ष 2002 की मतदाता सूची से किया जा रहा है ताकि प्रवासन और विस्थापन की सटीक जानकारी मिल सके। अब बैक-एंड पर डेटा मैपिंग के बाद, अगले चरण में बीएलओ फिजिकल वेरिफि केशन के लिए मैदान में उतरेंगे। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालस के अनुसार, 30 जून से 29 जुलाई तक बीएलओ एक-एक घर का दौरा करेंगे। वर्तमान में चल रही डेटा मैपिंग का उद्देश्य उन फर्जी या मृत मतदाताओं की पहचान करना है, जिनके नाम तकनीकी खामियों या जानकारी के अभाव में लिस्ट में बने हुए हैं। बीएलओ हर घर जाकर गणना फॉर्म भरेंगे और मैपिंग से मिले डेटा का सत्यापन करेंगे।

यदि सर्वे के दौरान आपका घर बंद मिलता है, तो बीएलओ को कम से कम तीन बार चक्कर लगाने होंगे। वे दरवाजे के नीचे एक सूचना पर्ची भी छोड़ेंगे ताकि आपसे संपर्क हो सके। मतदान के दिन लंबी लाइनों को खत्म करने के लिए आयोग ने पोलिंग स्टेशनों का युक्तिकरण शुरू कर दिया है। अब एक बूथ पर 1500 के बजाय अधिकतम 1200 मतदाता ही होंगे। पहली बार आयोग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म (फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम) पर वीडियो ट्यूटोरियल के जरिए लोगों को बता रहा है कि वे अपना नाम कैसे खोजें और फॉर्म कैसे भरें।

## घर में आग लगने से नाबालिग की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली में स्थित विष्णु गार्डन में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। एक घर में भीषण आग लगने से एक 13 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि एक बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से झुलस गईं। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग तड़के सुबह लगी। आग की लपटें इतनी विकराल थीं कि वे तेजी से पूरे घर में फैल गईं। स्थानीय लोगों ने आग की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी। दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू किया। आग की चपेट में आने से 13 वर्षीय एक किशोर की जान चली गई।

## ख्याला गांव में अंबेडकर चौपाल के पुनर्निर्माण कार्य का शिलान्यास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राजधानी में दिल्लीवासियों के लिए मूलभूत और सार्वजनिक सुविधाओं को सुदृढ़ करने तथा उनके विकास के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

विकसित भारत-विकसित दिल्ली के विजन के तहत बुधवार को राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ख्याला गाँव में अंबेडकर चौपाल और हरिजन चौपाल के पुनर्निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इन विकास कार्यों का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह तथा कैबिनेट मंत्री एवं राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा द्वारा किया गया। यहाँ के स्थानीय लोग विभिन्न सामाजिक समारोहों जैसे सार्वजनिक कार्यों के लिए लंबे समय से बेहतर और सुविधाजनक सामुदायिक स्थान की मांग कर रहे थे। इन चौपालों का निर्माण होने से उनकी यह समस्या खत्म होगी और लोगों को विवाह एवं अन्य सामाजिक-सांस्कृतिक आयोजनों के लिए व्यवस्थित स्थान की सुविधा भी प्राप्त होगी। अंबेडकर चौपाल का निर्माण कार्य लगभग रु. 1.33 करोड़ की अनुमानित लागत से किया जा रहा है।



कैबिनेट मंत्री प्रवेश साहिब सिंह तथा कैबिनेट मंत्री एवं राजौरी गार्डन विधानसभा क्षेत्र के स्थानीय विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा अंबेडकर चौपाल का शिलान्यास करते हुए।

# ईद के मद्देनजर सुरक्षा के इंतजाम पुख्ता: डीसीपी राहुल अलवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली में ईद को देखते हुए दिल्ली पुलिस द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए है स इस जिले में जाफराबाद, सीलमपुर, वेलकम, मुस्तफाबाद, खजूरी, सुंदर नगरी, गोकलपुरी, नन्द नगरी, करावल नगर, कबीर नगर, नूर-ए-इलाही में मुस्लिम आबादी काफी है, इन इलाको में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए दिल्ली पुलिस ने पूरी तैयारी की हुई है स जिला पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया ईद की वजह से जिले में रात को भी पेट्रोलिंग की जा रही है, और इस पेट्रोलिंग में खुद डीसीपी भी होते है, त्यौहार को देखते हुए करीब 1100 पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है, और 7 कंपनियां बाहर से बुलाई गई है ताकि कानून व्यवस्था सही बनी रहे और कोई अप्रिय घटना न हो।



राहुल अलवाल ने बताया इस जिले में करीब 278 मस्जिद है और इनके अलावा सैकड़ो अन्य धार्मिक स्थल है इस बात का भी ध्यान रखा जाएगा कि कोई शरारती तत्व किसी धार्मिक स्थल के बाहर कोई ऐसी वस्तु न फेंक दे जिससे किसी की भावनाएं आहत हो स सुरक्षा के मद्देनजर 112 बाइक सवार पुलिसकर्मी पेट्रोलिंग पर रहेंगे और जगह-जगह बेरिकेट्स लगाकर जांच की जाएगी, अगर कोई असामाजिक तत्व कोई उपद्रव मचाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।इसके साथ ही इन्होने लोगों से अपील की कि कुर्बानी दिए गए जानवरो के अवशेष खुले में ना फेके, माहौल को स्वच्छ बनाए रखे।

## समाज कल्याण मंत्री ने शाहबाद डेयरी में सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने शाहबाद डेयरी के सी-ब्लॉक, सुनहरी चौक तथा लाला स्कूल रोड, शाहबाद डेयरी, बवाना में सड़क एवं नाली निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं तथा क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि उक्त विकास कार्य मुख्यमंत्री विकास निधि के अंतर्गत कराए जा रहे हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर नीति संवाद कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की पूर्व संध्या पर सुलभ इंटरनेशनल ने "फ्रॉम अवेयरनेस टू एक्शन" (जागरूकता से कार्रवाई तक) विषय पर एक महत्वपूर्ण नीति संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर सुलभ इंटरनेशनल की सीनियर वाइस प्रेसिडेंट आभा कुमार ने मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। रेलवे बोर्ड की अतिरिक्त सदस्य (राजस्व) छवि झा ने भी चर्चा में भाग लिया और




मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन पर अपने विचार साझा किए।

सुलभ इंटरनेशनल की राष्ट्रीय कार्यक्रम निदेशक श्रीमती नीरजा भटनागर ने कार्यक्रम की थीम प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार योगिता स्वरूप, ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के चेयरमैन नीरज गेरा, दक्षिण अफ्रीका उच्चायोग के प्रथम सचिव (राजनीतिक) श्री पीटर महाफ्हा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की उप आयुक्त डॉ. जोया रिजवी सहित कई विशेषज्ञों ने भाग लिया।

सुलभ सैनिटेशन मिशन फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. मोनिका जैन ने "मेंस्ट्रुअल ख्र नो लांगर ए टैबू" विषय पर अपने विचार रखे। डॉ. अरुणिमा चौहान ने "लेट्स टॉक अबाउट पीरियड्स" विषय पर सत्र का संचालन किया। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. निधि झा ने इस विषय पर तकनीकी जानकारी साझा की।

## खजूरी खास में गोली मारकर राजा मेवाती की हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में एक युवक की गोली मारकर हत्या का मामला सामने आया है, युवक की हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने संबधित धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान राजा मेवाती उर्फ अक्की उर्फ आकिब के रूप में हुई है, बताया जा रहा है कि मृतक भी आपराधिक प्रवृति का था और उसके ऊपर भी कई आपराधिक मामले दर्ज थे स मंगलवार की रात वह खजूरी के एफ ब्लॉक में था, तभी पहले दे घात लगाकर बैठे बदमाशों ने उसके ऊपर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी और मौके से फरार हो गए स राजा मेवाती को तीन गोलियां गोलियां लगी थी उसे घायल अवस्था में नजदीकी जगप्रवेश चन्द अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस उपायुक्त राहुल अलवाल ने बताया 26 मई की रात खजूरी खास थाना इलाके में एक युवक को गोली लगने की सूचना मिली थी, मौके पर राजा मेवाती उर्फ अक्की घायल अवस्था में मिला, जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## दिल्ली के मेट्रो स्टेशनों-अस्पतालों को मिले नए नाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली की पहचान और जनभावनाओं का सम्मान करते हुए मेट्रो स्टेशनों, अस्पतालों आदि के नाम में परिवर्तन किया है। रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन अब 'डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर अस्पताल' कहलाएगा। इसके अलावा बेगमपुर (रोहिणी) में निर्माणाधीन खेल परिसर का नाम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी के नाम 'अटल खेल परिसर' रखा जाएगा। वहां पूर्व प्रधानमंत्री श्री की प्रतिमा भी स्थापित की जाएगी।



दिल्ली पुलिस व एनआईईएलआईटी ने पुलिस कर्मियों के लिए उन्नत साइबर कोर्स हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## पुलिस कर्मियों के लिए उन्नत साइबर कोर्स को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा की उपस्थिति में दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान के बीच दिल्ली पुलिस कर्मियों के लिए विशेष साइबर कोर्स आयोजित करने हेतु एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस एमओयू पर प्रशिक्षण विभाग के विशेष पुलिस आयुक्त संजय कुमार और एनआईईएल आईटी के कुलपति डॉ. मदन मोहन त्रिपाठी ने हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस अकादमी के संयुक्त निद. ेशक आसिफ मोहम्मद अली और उप निदेशक राजबीर सिंह भी उपस्थित थे। इस एमओयू के माध्यम से, दिल्ली पुलिस का उद्देश्य अपने कर्मियों की पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए एनआईईएलआईटी की विशेषज्ञता और संस्थागत शक्ति का लाभ उठाना है। यह सहयोग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, साइबर फोरेंसिक, सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, विश्लेषण एवं धारणा प्रबंधन और अन्य उभरती प्रौद्योगिकियों जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में विशेष और संरचित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की परिकल्पना करता है। ये कार्यक्रम हमारे अधिकारियों और कर्मचारियों को नवीनतम तकनीकी विकास से अवगत रहने में मदद करेंगे।

# चोर की पीट-पीटकर हत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** कंझावला के निजामपुर इलाके में सुबह एक चोर को पकडकर पब्लिक ने पीट पीटकर मार डाला। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने मामला दर्ज करके आठ लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि उनके पास कुछ वारदात की वीडियो मिली हैं, जिसमें ओर आरोपियों की पहचान कर उनको भी गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है। वारदात के बाद स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस अब पब्लिक को पकड़ रही है। समय पर अनगिनत लोगों की शिकायत पर चोरों को पकड़ लेती तो शायद ही यह वारदात होती। जानकारी के मुताबिक कंझावला पुलिस को निजामपुर टिकरी कलां इलाके में एक युवक को पीटने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। करीब 25 साल के युवक को अधमरी हालत में देखा, जिसके काफी खून बह रहा था। मौके पर दो दर्जन से ज्यादा लोग, जिनके हाथ में डंडे लाठी थे, मौके

पर मौजूद थे। युवक को तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने वारदात वाली जगह से क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। पुलिस को मौके पर से कुछ मोबाइल फोन की वीडिया मिली। जिनके आधार पर पुलिस ने इलाके के रहने वाले नौ लोगों को गिरफ्तार किया और वारदात में इस्तेमाल डंडे भी जब्त कर लिये। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पब्लिक ने सुबह के वक्त युवक को पकड़ा था। जिसपर शक था कि वह चोर है।

उससे पूछताछ करने पर जब उसने कोई जवाब नहीं दिया और गुस्सा करने लगा। उसकी पिटाई कर दी थी। युवक ने गुस्से में आकर वहीं पर पड़ी ईंट उठाकर एक व्यक्ति के सिर में मार दी थी। जिसके बाद पब्लिक ने उसको पहले बंधक बनाया और फिर उसकी लाठी डंडे व लात घुसों से पीट पीटकर हत्या कर दी।

# सांसदों के साथ उपराज्यपाल की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने दिल्ली के सातों सांसदों और डीडीए अधिकारियों के साथ बैठक कर राजधानी के विकास कार्यों की समीक्षा की। बैठक में आवास, जमीन और नागरिक सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने पर मंथन किया गया। दिल्ली में विकास कार्यों को रफ्तार देने के लिए बुधवार को उपराज्यपाल ने दिल्ली के सातों सांसदों और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहम बैठक बुलाई। एलजी तरनजीत सिंह संधू की ये सातों सांसदों के साथ पहली बैठक थी। बैठक में राजधानी की जमीनी जरूरतों और लोगों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। लोक निवास से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, इस बैठक का मुख्य फोकस डीडीए की भूमिका को और मजबूत बनाने पर रहा, ताकि आवास, भूमि विकास और नागरिक सुविधाओं से जुड़े काम समय पर पूरे किए जा सकें।

साथ ही उन इलाकों की जरूरतों पर भी बात हुई, जहां बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने की जरूरत महसूस की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि विकास योजनाओं का असर सीधे लोगों तक दिखना चाहिए। इसके लिए अलग-अलग एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल और काम की निगरानी बढ़ाने की जरूरत बताई गई। सांसदों ने अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े स्थानीय मुद्दे भी अधिकारियों के सामने रखे। एलजी संधू ने कहा कि दिल्ली देश की राजधानी होने के साथ तेजी से बढ़ता शहर भी है, इसलिए विकास योजनाओं में लोगों की जरूरतों और भविष्य दोनों को ध्यान में रखना जरूरी है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के विकसित भारत विजन के तहत दिल्ली को विश्वस्तरीय शहर बनाने की दिशा में सभी एजेंसियों को मिलकर काम करना होगा। बैठक में सार्वजनिक सुविधाओं, स्थानीय ढांचे को मजबूत करने और परियोजनाओं की जमीनी मॉनिटरिंग बेहतर करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

## यमुना नदी को लगातार प्रदूषित कर रहे जहरीले नाले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** शहर के कई नाले और ड्रेन राजधानी की जीवनदायिनी यमुना नदी को लगातार प्रदूषित कर रहे हैं। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि कई नालों में गंदगी और रासायनिक प्रदूषण का स्तर तय सरकारी मानकों से चार से 13 गुना तक अधिक पाया गया है।

इसका खुलासा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) की अप्रैल माह की रिपोर्ट में हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार, कई नालों के साथ-साथ कुछ सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी तय मानकों पर खरे नहीं उतर सके।

# मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को बजट घोषणाएं समयबद्ध तरीके से पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों और विभागाध्यक्षों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। वर्क फ्रॉम होम व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस वर्चुअल बैठक में दिल्ली सरकार के बजट में की गई घोषणाओं, विकास कार्यों और जनहित योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के सख्त निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि जनहित के कार्यों को लेकर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मुख्यमंत्री सेवा सदन में आयोजित इस समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए कि बजट में घोषित योजनाओं को समयबद्ध तरीके से धरातल पर उतारने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्य तेज किए जाएं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता केवल घोषणाएं करना नहीं, बल्कि हर योजना को अंतिम परिणाम तक पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिन विभागों द्वारा बजट राशि का योजनाओं पर उचित उपयोग नहीं किया जाएगा, आगामी बजट में उनकी धनराशि में कटौती की जा सकती है। बैठक में मॉनसून की तैयारियों को लेकर भी विशेष चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि बारिश शुरू होने से पहले राजधानी के सभी छोटे-बड़े नालों की सफाई और गाद निकालने का कार्य हर हाल में पूरा कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि जलभराव की समस्या को रोकना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण के मुद्दे पर कहा कि जिन स्थानों पर धूल उड़ने की समस्या है या खाली जमीन पड़ी हुई है, वहां बड़े स्तर पर पौधारोपण अथवा घास लगाने का अभियान चलाया जाए।

उन्होंने विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर राजधानी को स्वच्छ और हरित बनाने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने शिक्षा से जुड़े बुनियादी ढांचे की भी समीक्षा की।

# बिजली संकट से त्रस्त लोगों ने डीएम कार्यालय पर किया प्रदर्शन, जल्द समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भीषण गर्मी के बीच बिजली संकट को लेकर शहर में लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। नगर कोतवाली क्षेत्र के अर्जुन नगर के लोगों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर डीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया और खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना था कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र का ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ है। वहीं कई गलियों में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। भीषण गर्मी में बिजली न होने से लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो गया है। पेयजल संकट के साथ-साथ बच्चों और बुजुर्गो की सेहत पर भी असर पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि कई बार विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं कराया गया। विभागीय अधिकारियों की अनदेखी से परेशान होकर लोगों को डीएम कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ा। मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया। जिला. धिकारी ने प्रदर्शनकारियों को आश्वासन दिया कि जल्द ही विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर समस्या का समाधान कराया जाएगा। इसके बाद लोगों ने प्रदर्शन समाप्त किया। सपा नेता संजय गहलोत ने कहा कि अर्जुन नगर के लोग लगातार बिजली संकट झेल रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी शिकायतों को नजरअंदाज कर रहे हैं, जिसके कारण आम जनता को परेशान होना पड़ रहा है। जनता अब परेशान होकर प्रशासन के पास पहुंची है। अगर जल्द बिजली व्यवस्था दुरुस्त नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

## असौड़ा में प्लास्टिक गोदाम में लगी भीषण आग, दमकल कर्मियों ने बचाई 50 झुग्गियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव असौड़ा में देर रात प्लास्टिक और पॉलीथिन के गोदाम में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी, जिसके बाद फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने में जुट गईं। गोदाम में भारी मात्र में रखे प्लास्टिक और पॉलीथिन सामान के चलते आग तेजी से फैलती चली गई। आग से उठता धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था। सबसे बड़ी चिंता की बात यह थी कि गोदाम के पास करीब 50 झुग्गियां स्थित थीं। आग की लपटें लगातार झुग्गियों की ओर बढ़ रही थीं, लेकिन दमकल विभाग की तत्परता के चलते समय रहते आग को फैलने से रोक लिया गया। दमकल कर्मियों ने कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा भी सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम को तत्काल रवाना किया गया था। आग काफी विकराल थी और आसपास झुग्गियां होने के कारण स्थिति चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। फायर कर्मियों ने पूरी सतर्कता और तेजी से कार्रवाई करते हुए आग को आसपास फैलने से रोका। उन्होंने कहा कि यदि समय पर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## सनस्क्रीन को बनाएं रोजमर्रा की आदत, त्वचा रोग विभाग ने दिया स्वास्थ्य सुरक्षा का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व सनस्क्रीन दिवस के अवसर पर सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के त्वचा रोग विभाग द्वारा जन-जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को त्वचा की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मरीजों, उनके परिजनों, मेडिकल विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों को सूर्य की हानिकारक पराबैंगनी किरणों से बचाव के उपाय बताए गए। कार्यक्रम का संचालन त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डा. दीप्ति सक्सेना के निर्देशन में किया गया। उन्होंने कहा कि तेज धूप और यूवी किरणों के लगातार संपर्क में रहने से त्वचा पर कई दुष्प्रभाव पड़ते हैं, जिनमें सनबर्न, टैनिंग, झुर्रियां, पिगमेंटेशन और त्वचा कैंसर जैसी







गंभीर समस्याएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सनस्क्रीन त्वचा की सुरक्षा का प्रभावी माध्यम है और इसे नियमित दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

जागरूकता अभियान के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने लोगों को सनस्क्रीन के सही उपयोग, उचित एसपीएफ के चयन और समय-समय पर दोबारा लगाने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मरीजों एवं उनके परिजनों को निःशुल्क सनस्क्रीन सैंपल वितरित किए गए। कार्यक्रम संस्थापक एवं चेयरमैन डा. जे. रामचंद्रन तथा उपाध्यक्ष रम्या रामचंद्रन के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। संस्थान की प्राचार्य डा. बरखा गुप्ता, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा. मेजर जनरल सी. एस. आहलूवालिया, सीनियर एडवाइजर ब्रिगेडियर डा. आर.के. सहगल, जनरल मैनेजर एन. वर्धराजन और निदेशक रघुवर दत्त सहित अन्य प्रशासनिक अधिका. रियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में त्वचा रोग विभाग ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए स्वस्थ त्वचा के लिए जागरूकता को निरंतर बढ़ाने का संकल्प दोहराया।

## कोचिंग सेंटर में बड़ा हादसा, जर्जर छत का प्लास्टर गिरने से कई छात्र घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री कोचिंग सेंटर में मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब पढ़ाई के दौरान अचानक छत का प्लास्टर टूटकर छात्रों के ऊपर गिर पड़ा। हादसे में कई छात्र घायल हो गए, जबकि एक छात्र के सिर में गंभीर चोट आने पर उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके सिर में छह टांके लगाए।





प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय कक्षा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे। अचानक छत से प्लास्टर गिरने लगा, जिससे कक्षा में अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोचिंग सेंटर की छत लंबे समय से जर्जर हालत में थी। इसके बावजूद भवन की मरम्मत कराने के बजाय बच्चों की जान जोखिम में डालकर कोचिं. चंग का संचालन किया जा रहा था। लोगों का कहना है कि हादसे को लेकर पहले भी आशंका जताई गई थी, लेकिन संचालक ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। सूचना पर पहुंची पिलखुवा पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया और कोचिंग सेंटर संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। भवन की स्थिति और लापरवाही के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिजली संकट को लेकर फूटा लोगों का गुस्सा, विद्युत कार्यालय का किया घेराव

, सभासद मोनू बजरंग ने

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शहर में भीषण गर्मी के बीच लगातार बिगड़ रही बिजली व्यवस्था को लेकर लोगों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। बुधवार को नई शिवपुरी के सभासद अमित शर्मा उर्फ मोनू बजरंग के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और महिलाएं आवास विकास स्थित विद्युत विभाग कार्यालय पहुंचे, जहां अधीक्षण अभियंता का घेराव कर जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने त्यागी नगर, नई शिवपुरी और फूटरी लाइन क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती और जर्जर विद्युत लाइनों को लेकर नाराजगी जताई। लोगों ने बताया कि नई शिवपुरी की एक गली में पिछले तीन दिनों से बिजली आपूर्ति पूरी



तरह ठप है। क्षेत्र में लगी कमजोर लाइन कई बार ब्लास्ट हो चुकी है और विभाग अस्थायी जोड़ लगाकर व्यवस्था चला रहा है। आए दिन फाल्ट होने के कारण रातभर बिजली गायब रहती है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने से घरों में पानी की समस्या भी गहरा गई है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने कहा कि भीषण गर्मी में छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग सबसे अधिक परेशान हैं। कई बार शिकायत करने के बावजूद विभागीय अधिकारी समस्या के स्थायी समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सभासद मोनू बजरंग ने कहा कि क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। मोनू बजरंग ने कहा, जनता कई दिनों से बिजली संकट झेल रही है। विभाग केवल आश्वासन दे रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई काम नहीं हो रहा। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने विद्युत विभाग के खिलाफ जमकर नारेबा. जी की और जल्द समाधान की मांग उठाई। अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

## शनिदेव की मूर्ति खंडित करने वाले की गिरफ्तारी न होने पर भड़का आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा के बस स्टैंड पुलिस चौकी के निकट स्थित राधा-कृष्ण मंदिर में भगवान शनिद. ेव की मूर्ति खंडित किए जाने के मामले में 24 घंटे बाद भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं होने पर लोगों का गुस्सा भड़क उठा। बुधवार को बड़ी संख्या में महिला-पुरुष मंदिर परिसर के बाहर जमा हो गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए जल्द कार्रवाई की मांग की।

गौरतलब है कि मंगलवार सुबह मंदिर में पूजा करने पहुंचे श्रद्धालुओं ने शनिदेव की मूर्ति टूटी हुई देखी थी। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में आक्रोश फैल गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने इसे धार्मिक भावनाओं को आहत



करने और माहौल खराब करने की साजिश बताते हुए दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान मंदिर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें एक युवक लोहे की रॉड लेकर घूमता दिखाई दिया। लोगों ने चेता. वनी दी कि यदि जल्द आरोपित को गिरफ्तार नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। स्थिति को देखते हुए पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध युवक की पहचान की जा रही है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। अधिकारियों ने जल्द घटना के खुलासे का दावा किया है।

## 'वोयेज-26' में सजी यादों की महफिल, सीनियर्स को भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मोनाड विश्वविद्यालय के मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में आयोजित विदाई समारोह 'वोयेज-26' में भावनाओं, सम्मान और उमंग का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम में जूनियर विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ साथियों का तिलक लगाकर, पुष्प एवं चॉकलेट भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। संकायाध्यक्ष डा. सोमा दास ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि बेहतर इंसान बनने की प्रक्रिया है। रैंप वॉक प्रतियोगिता समारोह का आकर्षण केंद्र रही। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने आत्मविश्वास और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। बीए जर्नलिज्म के छात्र बिलाल अख्तर को मिस्टर फेयरवेल और एमए इंग्लिश की छात्रा तनु को मिस फेयरवेल चुना गया। इस मौके पर डा. विभा गर्ग, डा. आशीष गर्ग, डा. राज सिंह, डा. विनीता शर्मा, ममतेश सोलंकी, इशिका, डा. अश्वनी कुमार समेत समस्त शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## 26 साल पुराने पारिवारिक विवाद का हुआ अंत, थाना प्रभारी ने कराया समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** परिवारों को टूटने से बचाने और रिश्तों में फिर से विश्वास कायम करने की मिसाल पेश करते हुए महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने एक बार फिर सराहनीय कार्य किया है। करीब 26 वर्षों से पति-पत्नी और दोनों परिवारों के बीच चली आ रही दूरियों को खत्म कर उन्होंने समझौता कराकर एक बिखरते परिवार को फिर से जोड़ दिया। थाना परिसर में हुए इस भावुक समझौते के बाद दोनों पक्षों ने महिला थाना प्रभारी की जमकर प्रशंसा की।

जानकारी के अनुसार जनपद संभल निवासी एक महिला की शादी करीब 26 वर्ष पूर्व हापुड़ निवासी युवक से हुई थी। समय के साथ पारिवारिक विवाद बढ़ते गए और मामला इतना गहरा गया कि पति-पत्नी के रिश्तों में पूरी तरह दरार आ गई। महिला ने पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट समेत कई गंभीर आरोप लगाते हुए महिला थाने में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई थी। महिला अपने पांच बच्चों के साथ अलग रहकर जीवन यापन कर रही थी। मामला महिला थाना प्रभारी अरुणा राय के संज्ञान में पहुंचा तो उन्होंने इसे केवल कानूनी विवाद मानने के बजाय एक परिवार को बचाने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने पति-पत्नी ही नहीं, बल्कि दोनों परिवारों को रिश्तों की अहमियत समझाई और बच्चों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए आपसी मतभेद भुलाने की सलाह दी। काफी देर चली बातचीत और समझाइश के बाद आखिरकार दोनों



पक्षों के बीच सहमति बन गई। वर्षों पुरानी नाराजगी दूर हुई और परिवार एक बार फिर साथ रहने को तैयार हो गया। थाना परिसर में ही दोनों पक्षों ने एक-दूसरे को गले लगाकर नई शुरुआत का भरोसा दिया। महिला थाना प्रभारी अरुणा राय ने कहा पुलिस का हमेशा यही प्रयास रहता है कि जहां तक संभव हो, परिवार टूटने के बजाय जुड़े रहें। यह हमारे लिए भी संतोष की बात है कि एक परिवार फिर से एकजुट हुआ और बच्चों को भी अपने माता-पिता का साथ मिल सकेगा। यदि बात. चीत और समझदारी से किसी परिवार को टूटने से बचाया जा सकता है तो यह समाज और पुलिस दोनों के लिए एक बड़ी सफलता होती है। आगे भी महिला थाना इसी तरह पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के साथ-साथ परिवारों को जोड़ने का कार्य करता रहेगा।

### एक नजर

## बिजली कटौती से भड़के कांग्रेसी, एक्सईएन कार्यालय पर किया प्रदर्शन

**हापुड़।** शहर में लगातार हो रही बिजली कटौती और खराब ट्रांसफार्मरों को लेकर बुधवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बिजली विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने अतरपुरा चौराहा स्थित बिजलीघर पहुंचकर एक्सईएन कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबा. जी की। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि भीषण गर्मी में शहरवासी बिजली संकट से जूझ रहे हैं। घंटों की कटौती के कारण लोगों को पीने के पानी तक की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार बिजली व्यवस्था सुधारने के दावे तो कर रही है, लेकिन धरातल पर स्थिति बेहद खराब है। कांग्रेस कार्यकर्ता जब एक्सईएन कार्यालय पहुंचे तो अधिकारी वहां मौजूद नहीं मिले। इससे कार्यकर्ताओं में नाराजगी फैल गई। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने फोन पर एक्सईएन से बात कर उन्हें मौके पर बुलाने का प्रयास किया, लेकिन काफी देर तक अधिकारी कार्यालय नहीं पहुंचे। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा, जनता गर्मी में परेशान है और बिजली विभाग के अधिकारी कार्यालयों से गायब हैं। अगर जल्द बिजली आपूर्ति सुचारु नहीं हुई तो कांग्रेस सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदर्शन के दौरान विभागीय अधिकारियों ने कांग्रेस नेताओं को भरोसा दिलाया कि खराब ट्रांसफार्मर जल्द बदल दिए जाएंगे और बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाएगा। इसके बाद कार्यकर्ता शांत हुए। प्रदर्शन में रजनीश त्यागी, नवरत्न त्यागी, डा. वीसी शर्मा, सैय्यद अयाजुद्दीन, मानवी सिंह, नरेश भाटी, सुशील शास्त्री, एड. शहजादा चौधरी समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## लैब ट्रेनिंग प्रमाण पत्र वितरित

**धामपुर।** दिशा इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी के माइक्रो बायोलोजी विभाग में एक माह की माइक्रोबायालोजी लैब ट्रेनिंग कराई गई थी। जिसमें सभी स्थानीय स्कूलों के विद्यार्थियों को लैब ट्रेनिंग कराई गई। जिसके अंतर्गत प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग के दौरान क्विज प्रतियोगिता भी कराई गई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय आने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। क्विज प्रतियोगिता में छात्रा इकरा अजीम पुत्री अजीम अहमद ने प्रथम, छात्रा सनोवर पुत्री तारिक अहमद ने द्वितीय तथा अक्शा पुत्री शमशाद हुसैन ने तृतीय स्थान तथा नाजिश पुत्री सालुददीन ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।

## संस्ख्रति विवि के 16 विद्यार्थियों का माई मनी मंत्र कंपनी ने किया चयन

eFkjkA संस्कृति विश्वविद्यालय के एसओएमसी, एसओइआईटी विभाग के 16 विद्यार्थियों को प्रतिष्ठित भारतीय कंपनी माई मनी मंत्रा ने अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी देने के लिए चयनित किया है।

कैंपस प्लेसमेंट के दौरान विद्यार्थियों के इस चयन पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने हर्ष व्यक्त करते हुए चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी है। संस्कृति विवि के प्लेसमेंट एंड ट्रेनिंग विभाग के डाइरेक्टर सुबनोय ताल्लुकदार ने बताया कि कंपनी द्वारा त्रिस्तरीय चयन प्रक्रिया के उपरांत संस्कृति विवि के एसओएमसी, एसओईआईटी के 16 छात्रों मोहित शुक्ला, गौरव कुमार, मनीष शर्मा, हेमेन्द्र प्रताप सिंह, कीर्ति कुमारी, जीतू सैनी, देवेन्द्र सिंह, प्रदीप निषाद, नागेश, मयंक वर्मा, शिव भूषण सिंह, सपना चौधरी, प्राची शर्मा, अलायना यादव, अभिषेक सिक. रवार, अवंत पांडे को अपने यहां अच्छे वेतनमान पर नौकरी दी है। बताते चलें माई मनी मंत्रा कंपनी जिसकी स्थापना 1989 में हुई थी, भारत के सबसे बड़े 'फिजिकलडिजिटल' वित्तीय सेवा बाजार में से एक है। यह कंपनी ग्राहकों को विभिन्न वित्तीय संस्थानों के उत्पादों की तुलना करने और आसानी से उन्हें प्राप्त करने में मदद करती है। कंपनी अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म और भौतिक शाखाओं के माध्यम से व्यक्तिगत लोन, होम लोन, संपत्ति के बदले लोन और व्यवसाय लोन देना, विभिन्न बैंकों के क्रेडिट कार्ड की तुलना करना और आवे. दन करने की सुविधा देना, टर्म प्लान और जीवन बीमा उत्पाद देने जैसे काम करती है। संस्कृति विवि की सीईओ श्रीमती मीनाक्षी शर्मा, कुलपति डा. एमबी चेट्टी ने विद्यार्थियों के इस चयन पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## मथुरा में भीषण गर्मी में दो दिन में दो बडे अग्निकांड

'kkg VkbEl loknnkrk

eFkjkA तापमान लगातार 45 डिग्री के आसपास चल रहा है। भीषण गर्मी में जरा सी लाप. रवाही से बड़े हादसे होने का खतरा बढ गया है।

मथुरा में दो दिन में दो भीषण अग्निकांड से लोग सहम गये हैं। गनीमत यह रही कि इस दौरान किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। हालांकि ये दोनों अग्निकांड आगजनी के लिए ज्यादा संवेदनशील स्थानों पर ही हुए हैं। मंगलवार की शाम को मथुरा में औद्योगिक क्षेत्र में एक प्लास्टिक और थर्माकोल के दोना पत्तल बनाने की फैक्ट्री में आग लगी थी। बुधवार की सुबह छाता थाना क्षेत्र में आगरा-दिल्ली हाईवे पर एक तारकोल फैक्ट्री में भीषण आग लग गई।

दमकलकर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद दोनों स्थानों पर आग पर काबू पाया, जिससे लाखों के नुकसान हुआ है। आगरा दिल्ली हाईवे पर मथुरा के छाता थाना क्षेत्र में एक तारकोल (डामर) फैक्ट्री में बुधवार दोपहर को अचानक भीषण आग लगने से अफरा तफरी मच गई।

आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसमान में उठता काले धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर से दिखाई दिया। प्लांट में मौजूद कर्मचारियों के अनुसार, सुबह करीब 9 बजे मशीनों द्वारा कच्चे माल को प्रोसेस कर तारकोल बिटुमिन तैयार किया जा रहा था।

### सूचना

मेरी पुत्रवधु का आचरण ठीक नही है गलत आचरण के चलते मैं अपनी पुत्रवधु सुनीता से सम्बन्ध विच्छेद करते हुए अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूँ भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगी।

विमला पत्नी स्व. विरेन्द्र सिंह निवासी ग्राम धनौरा सिल्वर नगर थाना बिनौली जनपद बागपत।

# गोपाल शर्मा हत्याकांड का खुलासा, तीन गिरफ्तार

■ हुक्का पीने के विवाद में 15 वर्षीय किशोर की हुई थी हत्या



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**यमुना सिटी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय गोपाल शर्मा हत्याकांड का पुलिस ने सात दिन बाद खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपियों के पैर में गोली लगी है, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

ज्वाइंट सीपी राजीव नारायण मिश्र ने बुधवार को एक प्रेस वार्ता में बताया कि 21 मई को गोपाल शर्मा के लापता होने की सूचना पुलिस को मिली थी। इसके बाद पुलिस की कई टीमों का गठन कर किशोर की तलाश शुरू की गई। जांच के दौरान गोपाल का शव रोही गांव में एक खाली पड़े मकान से बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर गंभीर चोट मिलने की पुष्टि हुई थी।

पुलिस ने इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस और अन्य साक्ष्यों के आधार पर तीन संदिग्धों की पहचान की। बुधवार को पुलिस चेकिंग के दौरान बाइक सवार तीन युवकों को रोकने का प्रयास किया गया। आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जिसके जवाब में पुलिस की कार्रवाई में दो आरोपी घायल हो गए। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेश और मोहित (निवासी रोही) तथा उमेश (निवासी चंपारण, बिहार) के रूप में हुई है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गोपाल उनके साथ बैठकर हुक्का पीता था। कुछ दिन पहले गोपाल की दादी ने वहां पहुंचकर आरोपियों को डांट दिया था, जिससे वे नाराज थे। 21 मई को गोपाल जब उनके पास पहुंचा तो आरोपियों ने हुक्के में अधिक मात्रा में तंबाकू डालकर उसे पिलाया। बाद में उसे गांव के एक खाली मकान में ले गए, जहां दीवार में सिर मारने से गोपाल बेहा.श हो गया। आरोपी उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए थे। पुलिस ने सोशल मीडिया पर चल रही कुकर्म, अंग काटने और तेजाब डालने जैसी चर्चाओं को पूरी तरह अफवाह बताया है। अधिकारियों के अनुसार, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस तरह की कोई पुष्टि नहीं हुई है।

# जिले में शनिवार तक धारा-163 लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने कानून व्यवस्था बनाए रखने और शांति व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से नोएडा और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 की धारा 163 लागू कर दी है। यह आदेश तीन दिन के लिए, 28 मई से 30 मई तक प्रभावी रहेगा।

पुलिस आयुक्त कार्यालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में बिना अनुमति धरना, प्रदर्शन, जुलूस, सार्वजनिक सभा और भीड़ एकत्र करने पर प्रतिबंध रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है कि ईद-उल-अजहा (बकरीद) के त्योहार के दौरान कुर्बानी, नमाज और अन्य धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। साथ ही विभिन्न किसान एवं अन्य संगठनों द्वारा धरना-प्रदर्शन की भी संभावना है। इन परिस्थितियों को देखते हुए असामाजिक तत्वों द्वारा शांति व्यवस्था भंग किए जाने की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पुलिस आयुक्त, अपर पुलिस आयुक्त या पुलिस उपायुक्त की पूर्व अनुमति के बिना पांच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी प्रकार का जुलूस, सभा या प्रदर्शन नहीं करेंगे। ड्रोन कैमरे से फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। केवल अधिकृत अनुमति मिलने पर ही इसका उपयोग किया जा सकेगा।

आदेश के अनुसार धार्मिक स्थलों, सार्वजनिक स्थानों और जुल.सों में लाउडस्पीकर के उपयोग पर भी नियम लागू रहेंगे। रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। धार्मिक स्थलों पर ध्वनि सीमा निर्धारित की गई है और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अलावा किसी भी धार्मिक स्थल, दीवार या सार्वजनिक स्थान पर धार्मिक झंडे, बैनर, पोस्टर आदि लगाने पर रोक लगाई गई है। किसी भी समुदाय की भावनाएं भड़काने वाले भाषण, वीडियो, ऑडियो या सोशल मीडिया पोस्ट प्रसारित करने पर भी कार्रवाई की जाएगी। अफवाह फैलाने वालों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

पुलिस ने आदेश में हथियारों के प्रदर्शन पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। तलवार, भाला, फरसा, त्रिशूल, चाकू, लाठी, डंडा, हॉकी, ज्वलनशील पदार्थ और विस्फोटक सामग्री लेकर सार्वजनिक स्थानों पर घूमने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि सिख समुदाय द्वारा धार्मिक परंपरा के तहत रखे जाने वाले कृपाण को इससे छूट दी गई है। शादी और बारात समारोह में हर्ष फायरिंग पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। सार्वजनिक स्थानों पर शराब या मादक पदार्थों के सेवन पर भी रोक लगाई गई है। खुले स्थानों और मकानों की छतों पर ईंट-पत्थर, सोडा वाटर की बोतलें या अन्य विस्फोटक सामग्री एकत्र करने पर भी प्रतिबंध रहेगा।

# नोएडा-ग्रेटर नोएडा से जेवर एयरपोर्ट तक चलेगी सिटी बस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में सिटी बस संचालन को लेकर बुधवार को सीएम योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने परियोजना के बारे में जानकारी ली। साथ ही जल्द से जल्द इसे आम जनता के लिए समर्पित करने के निर्देश दिए। ऑनलाइन बैठक के दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ कृष्णा करुणेश और दोनों जीएम एसपी सिंह व एके आरोड़ा मौजूद रहे। नोएडा में पहले फेज में 100 सिटी बसों का संचालन किया जाना है। हालांकि नोएडा ग्रेटरनोएडा और यमुना क्षेत्र में कुल 500 बस चलेंगी। जिनका रेशियों 50:25:25 का होगा। जेवर एयरपोर्ट के लिए 110 बस संचालित की जाएंगी। इसकी तरह तीनों प्राधिकरण भी इसका वायबिलिटी गैप फंड (वीजीएफ) भी 50:25:25 के रेशियो में देंगी। बसों के लिए सेक्टर-90 और बॉटेनिकल गार्डन में इंफ्रास्ट्रकचर तैयार किया जा रहा है। इस योजना से दो लाख लोगों को फायदा होगा। साथ यमुना के जुड़ने से जेवर एयरपोर्ट जाना आसान हो जाएगा। इसके तहत सेक्टर-90 में 20 ईवी चार्जिंग लगाए जाएंगे। प्रत्येक चार्जिंग स्टेशन से दो बसों को एक साथ चार्ज किया जा सकता है। इसी तरह बॉटेनिकल गार्डन में 4 चार्जिंग स्टेशन होंगे। जिसमें आठ बसों को चार्ज किया जा सकेगा। दोनों स्टेशनों पर रात और दोपहर के सामय बसों को चार्ज किया जाएगा। बता दे एक बस फुट चार्ज के बाद 200 से 250 किमी की दूरी तय कर सकेंगी।

**जून के पहले सप्ताह में होगा ट्रायल:** जून के पहले सप्ताह में ई बस का ट्रायल होगा। ये ट्रायल डबल डेकर बसों के जरिए किया जाएगा। इसके 15 से 25 जून के बीच सभी बस आ जाएंगी। जिसके बाद इनको रुट पर उतार दिया जाएगा। डबल डेकर के अलावा सभी 90 बस 12 मीटर की होंगी। ये बस नोएडा के एमपी-1,2,3 जोनल रोड नंबर-6 और एक्सप्रेस वे पर चलेंगी।

**10 से 30 रुपए होगा किराया:** बसों का रूट दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और जेवर एयरपोर्ट तक होगा। इसके लिए मिनिमम किराया 10 और अधिकतम 30 रुपए देने होंगे। मासिक पास कितने का होगा इस पर मंथन किया जा रहा है। टिकट ऐप बेस और मैन्यूवल भी लिए जा सकेंगे। जिन रूटों पर सिटी बस चलेंगी वहां से ई रिक्शा को हटाया जाएगा। जीएम एसपी सिंह ने बताया कि दो दिनों में एमओयू की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**15-15 मिनट के अंतराल पर मिलेंगी बस:** यहां बस चलने से करीब 2 लाख लोगों को फायदा होगा। बसों की शुरुआत जून के पहले सप्ताह में होने जा रही है। 15-15 मिनट के अंतराल पर बस मिलेंगी। कुल 100 बस चलेंगी 5 स्टैंड बाइ पर रहेंगी। इसमें 10 डबल डेकर बस होंगी। ये डबल डेकर बस बोटेनिकल गार्डन से परिचौक तक चलेंगी। नौ और 12 मीटर की दो प्रकार की करीब 100 बस पहले फेज में चलेंगी। इनका संचालन यूपी रोडवेज करेगा।

### हत्या की घटनाओं से जिले में दहशत...

# एक महीने में हुई कई वारदातों ने कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवाल

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**नोएडा (शाह टाइम्स ब्यूरो)।** गौतमबुद्ध नगर जिले में पिछले एक महीने के दौरान सामने आई हत्या की घटनाओं ने पूरे क्षेत्र में चिंता और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है। अलग-अलग स्थानों पर हुई इन वारदातों ने जहां आम जनता को झकझोर दिया है, वहीं पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। इन घटनाओं के बाद कई इलाकों में तनाव और भय की स्थिति बनी रही, जबकि पुलिस ने मामलों की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज की।

संदिग्धों की तलाश, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण और गवाहों से पूछताछ के जरिए मामलों को सुलझाया गया। इन घटनाओं के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की मांग तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात्रि गश्त और निगरानी व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की जरूरत है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके। अब आपको मई के महीने में हुई बड़ी घटनाओं के बारे में बताते हैं। ये वो घटनाएं हैं जिसने एक तरह से लोगों में दहशत पैदा कर दी है।

**किन्नर मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी की हत्या:-**24 मई को थाना नॉलेज पार्क क्षेत्र के गांव तुगलपुर में किन्नर मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई थी। मामले में थाना नॉलेज पार्क में हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर आरा.पी की तलाश के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया था।ग्रेटर नोएडा के तुगलपुर गांव में किन्नर मनोरंजन शर्मा उर्फ चांदनी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी को नॉलेज पार्क कोतवाली पुलिस ने मंगलवार तड़के मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरा.पी की पहचान अभिषेक उर्फ मोना उर्फ मानव (26) निवासी अलीगढ़ के रूप में हुई है।

## कूड़ा डालने के विवाद में साजन भाटी की हत्या



5/6 मई की रात थाना सूरजपुर क्षेत्र के ग्राम साकीपुर में हुई थी। नाली के पानी की निकासी और कूड़ा डालने को लेकर हुए विवाद में एलएलबी छात्र साजन भाटी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। मृतक के चाचा की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले में वीर सिंह, मंगेश उर्फ टिल्लू (दोनों भाई) और उनकी मां वीरवती को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। घटना के बाद से आरोपी नेमपाल उर्फ मैमपाल फरार चल रहा था। थाना सूरजपुर पुलिस ने स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर आज नेमपाल उर्फ मैमपाल को मोजरबीयर गोलचक्कर के पास से गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि 5/6 मई की रात साजन भाटी एक शादी समारोह से वापस आया था। घर के बाहर खड़े टिल्लू और उसके भाइयों ने उसके साथ विवाद किया और फिर उसे तीन गोलियां मार दीं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी।

## 15 वर्षीय गोपाल शर्मा हत्याकांड



जेवर क्षेत्र के बनवारीवास गांव में 15 वर्षीय गोपाल शर्मा 21 मई को लापता हो गया था और अगले दिन उसका शव बरामद हुआ। परिजनों का आरोप है कि हत्यारों ने शव के अंग भी क्षत-विक्षत कर दिए थे। इस अमानवीय घटना के बाद से गांव और आसपास के क्षेत्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। बुधवार को जेवर पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है. बताया जा रहा हुक्का पीने वाले लोगों ने ही की गोपाल की हत्या थी। पुलिस का दावा है कि कुछ दिन पहले गोपाल की दादी ने आरोपियों को हुक्का पिलाने के कारण डांटा था बस इसी बात से आरोपी नाराज चल रहे थे। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दो आरोपी नरेश महतो (बिहार) और उमेश सिंह (रोही) को पैर में गोली लगी है।

## ड्यूटी जा रहे दीपक नागर की गोली मारकर हत्या



ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-3 थाना क्षेत्र स्थित वैदपुरा गांव में 20 मई 2026 की रात को 28 वर्षीय दीपक नागर ड्यूटी पर जा रहे थे. इसी दौरान दीपक नागर की बेरहमी से गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस का दावा है कि पुरानी रंजिश की आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर इस हत्याकांड का न सिर्फ पर्दाफाश किया, बल्कि गुरुवार को एक मुठभेड़ के बाद दो मुख्य शूटरों को घायल अवस्था गिरफ्तार किया और साजिश रचने वाले चार अन्य आरोपियों को भी सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

## विवाहिता दीपिका नागर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



जलपुरा गांव में 17 मई की रात विवाहिता दीपिका नागर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। घटना में मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाकर पति समेत सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया था। दीपिका के पिता का आरोप है कि हत्या करने के बाद उसे तीसरी मंजिल से नीचे फेंक दिया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दीपिका के शरीर पर चोटों के निशान मिले हैं। पीएम रिपोर्ट की चोटों के हिसाब से दीपिका को यातना दी गई थी।दहेज हत्या के आरोप में सास पूनम और चाचा ससुर विनोद को गिरफ्तार कर लिया है।

**सनकी युवक ने की महिला की हत्या:** 21 मई को मूलरूप से बिहार के छपरा निवासी सुरेंद्र शर्मा अपने परिवार के साथ हरौला में रहते हैं। शनिवार रात परिवार के लोग कमरे के बाहर गलियारे में सो रहे थे। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला आरोपी हरे राम छत के रास्ते घर में घुस आया। बताया जा रहा है कि आरोपी बड़ी बेटी ज्योति पर शादी का दबाव बना रहा था, जबकि परिवार ने उसका प्रस्ताव ठुकरा दिया था।

इसी रंजिश में उसने परिवार पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में सुरेंद्र शर्मा की पत्नी संजू देवी की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि सुरेंद्र शर्मा, उनकी दोनों बेटियां ज्योति और जूली गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। ज्योति की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है और उसका इलाज आईसीयू में चल रहा है। घटना के बाद हमला करने वाले आरोपी हरे राम को सोमवार रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया।

सेक्टर-14 स्थित गंदे नाले के पास हुई मुठभेड़ में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। आरोपी चोरी की स्कूटी पर सवार था, जो नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र से चोरी हुई थी। उसके पास से वारदात में इस्तेमाल छुरा, तमंचा और कारतूस भी बरामद किए गए।

**फावड़ा मारकर दो मजदूरों की हत्या:** ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में 8 मई 2026 को एक निर्माणाधीन हॉस्टल में दो मजदूरों की धारदार हथियार (फावड़े) से बेरहमी से हत्या कर दी गई थी।मारे गए मजदूरों की पहचान इंद्र और शीशपाल के रूप में हुई है, जिनकी उम्र लगभग 45 वर्ष थी और वे उत्तर प्रदेश के मेरठ के रहने वाले थे। दोनों वहां माली का काम करने आए थे। इस दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी उनका ही साथी मजदूर अभिषेक था, जिसे पुलिस ने घटना के अगले ही दिन 9 मई 2026 को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच के अनुसार, कमरे में रहने वाले तीनों मजदूरों (इंद्र, शीशपाल और अभिषेक) के बीच रात में शराब पार्टी हुई थी। शराब के नशे में किसी बात को लेकर आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि अभिषेक ने फावड़े से हमला कर दोनों की हत्या कर दी। हत्या करने के बाद आरोपी अभिषेक करीब 4 घंटे तक शवों के पास ही बैठा रहा और शराब पीता रहा।

**पैसों के विवाद में दीपक की चाकू मारकर हत्या:** 17 मई को नोएडा में सेक्टर 63 थाना क्षेत्र की चोटपुर कॉलोनी में महज पैसे के विवाद को लेकर 20 वर्षीय युवक दीपक की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। हालांकि पुलिस ने अगले ही दिन घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश अमन और संदीप पैर में गोली मारकर पकड़ा। वहीं, मौके से भाग रहे दो अन्य बाल अपचारियों को पुलिस ने कॉम्बिंग के दौरान दबोच लिया।

## तालाब में डूबे युवक का शव मिला

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेनो वेस्ट के सादुल्लापुर गांव में मंगलवार को तालाब में डूबे युवक का शव बुधवार की सुबह मिल गया। एनडीआरएफ की टीम को पानी में शव की तलाश के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। सेक्टर इकोटेक-3 थाने की पुलिस के मुताबिक पलवल हरियाणा का रहने वाला 32 वर्षीय कैलाश सादुल्लापुर गांव में बुआ के घर आया था। युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। वह नशा भी करता था। वह मंगलवार को गांव के तालाब के किनारे पहुंचा और अपने कपड़े उतारकर पानी में कूद गया। तालाब के पास खेल रहे एक बच्चे ने उसे कूदते हुए देखा था।सूचना पर पुलिस, फायर, गोताखोर एवं एनडीआरएफ की टीम ने मंगलवार की देर शाम तक युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया।

# सेक्टरों में तीन घंटे तक कट रही बिजली, गर्मी से लोग बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शहर में लोगों को बिजली कटौती से राहत नहीं मिल रही। बुधवार को 15 से अधिक सेक्टरों में लोगों को 30 मिनट से लेकर तीन घंटे तक की कटौती झेलनी पड़ी। बिजली फीडर और लाइनों में ट्रिपिंग तथा फॉल्ट की वजह से बत्ती गुल हुई। इस दौरान गर्मी से लोग बेहाल रहे। लोगों का आरोप है कि विभाग में शिकायत करने पर भी सुनवाई नहीं हो रही।

**बिजली कटौती के कारण:** सेक्टर-15 में स्थानीय फॉल्ट की वजह से लोगों को कटौती झेलनी पड़ी। स्थानीय कंट्रोल रूम के नंबर पर शिकायत करने समस्या का समाधान हुआ। आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष सुमेर सिंह रावत ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही कटौती बढ़ती जा रही है। सेक्टर में बिजली की लाइनों में ट्रिपिंग की समस्या आ रही है। सेक्टर-22 में भी लोकल फॉल्ट की वजह से लोगों को कटौती का सामना करना पड़ा। यहां रहने वाले मदन शर्मा ने बताया कि दिन भर में तीन से चार बार बत्ती गुल हुई। 20 मिनट से लेकर 60 मिनट तक कटौती का सामना करना पड़ा। उनका आरोप है कि टोल फ्री नंबर 1912 पर शिकायत करने के बाद सुनवाई नहीं हो रही। सेक्टर-122 के निवासी भंवर सिंह भाटी ने बताया कि भीषण गर्मी में कटौती से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बगैर बिजली के दैनिक कामकाज प्रभावित हुए। सेक्टर-49 बरौला गांव के निवासी अनिल चौधरी ने बिजली कटौती की शिकायत की। वहीं, औद्योगिक सेक्टरों में भी आपूर्ति बाधित होने से उद्यमियों को परेशानी झेलनी पड़ी। उत्पादन की लागत बढ़ गई। इसके अलावा सेक्टर-11, 12, 19, 20, 22, 27, 31, 34, 36, 37, 40, 44, 49, 50, 51, 53 55, 56, 59, 66, 71 और सेक्टर-104 आदि में लोगों को बिजली कटौती झेलनी पड़ी। देहात क्षेत्र दादरी, जेवर, रबूपुरा, शहाबेरी आदि कस्बे और गांवों में भी लोग गर्मी में कटौती से परेशान रहे।

**बारिश में मुसीबत बढ़ेगी:** शहर में अगले एक-दो दिनों में बारिश आने वाली है। ऐसे में झमाझम बारिश और आंधी की वजह से बिजली की लाइनें और फीडरों पर ट्रिपिंग की वजह से सप्लाई बाधित होने की आशंका है। बीते दिनों भी आई आंधी-बारिश से उपभोक्ताओं को कई घंटे तक कटौती झेलनी पड़ी थी।

# नवविवाहिता की मौत मामले में पति समेत तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर-63 क्षेत्र में रहने वाली नवविवाहिता को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में पति समेत तीन लोगों को बुधवार दोपहर गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय ने आरोपियों को दहेज हत्या के आरोप में जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से जिला कासगंज निवासी अभिषेक पाल सेक्टर-63 थाना क्षेत्र स्थित एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। करीब छह माह पूर्व उसका विवाह कासगंज निवासी पूजा से हुआ था। शादी के बाद से अभिषेक सेक्टर-63 क्षेत्र की कॉलोनी में बने घर में पूजा के साथ किराये पर रह रहा था। अभिषेक सोमवार सुबह ड्यूटी करने कंपनी चला गया।

वह शाम को घर लौटा तो कमरे में पंखे के सहारे पूजा का शव लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया और परिजनों को सूचना दी।

परिजन मंगलवार को नोएडा पहुंचे तो उन्होंने अभिषेक पाल, उसके पिता छत्रपाल और सास कुसुम पर दहेज के लिए पूजा की हत्या करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उनका कहना था कि ससुराल पक्ष के लोग शादी के बाद से ही अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर पूजा को प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर बुधवार दोपहर तीनों को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## एक नजर

### तीन घरों से जेवरात और नगदी चोरी, मुकदमा दर्ज

**नोएडा( शाह टाइम्स )।** सेक्टर और सोसाइटी के तीन अलग-अलग घरों को चोरों ने निशाना बनाया। चोर घरों से नगदी और जेवर चोरी कर ले गए। पुलिस ने सभी घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की है। सेक्टर अल्फा वन में रहने वाले केशव गर्ग ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि मंगलवार को दनकौर अपने गांव गए थे। इसी बीच चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक लाख रुपये नगद और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर लिए। अगले दिन चोरी का पता चला। चोर सीसीटीवी में कैद हुए हैं। बीटा दो कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं, सेक्टर डेल्टा वन निवासी राजीव सिंह ने पुलिस को बताया कि 23 मई को वह भाई के घर गए थे। अगले दिन घर पहुंचे तो पता चला कि चोर खिड़की से कमरे में घुसे और नगदी-जेवरात चुरा कर ले गए। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। वहीं, बीटा दो कोतवाली क्षेत्र की अंसल गोल्फ लिंक वन सोसाइटी में सुमित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। सुमित ने पुलिस को बताया कि उनके घर की खिड़की निकाल कर चोर अंदर घुसे और घरेलू सामान चोरी कर ले गए।

### घर के बाहर खड़ी कारों में तोड़फोड़

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर थाना क्षेत्र में घर के बाहर खड़ी दो कारों में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। आरोप है कि आधा दर्जन से अधिक युवकों ने लाठी-डंडों से हमला कर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। यह पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित द्वारा दी गई शिकायत के अनुसार, यह घटना 25 मई को सूरजपुर कस्बे की शिव मंदिर वाली गली में हुई। पीड़ित की अपनी कार और पड़ोसी गजेंद्र थारी पुत्र सुभाष चंद की कार घर के सामने खड़ी थी। इसी दौरान रोकी, रौनक, अशोक और 8-9 अज्ञात लोग वहां पहुंचे और दोनों वाहनों में जमकर तोड़फोड़ की। घटना के पीछे वाहन खड़ा करने को लेकर पुराना विवाद बताया जा रहा है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने पहले भी वाहन खड़ा करने को लेकर विवाद किया था और कुछ दिन पहले भी उनकी गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया था। घटना की सीसीटीवी फुटेज भी पीड़ित के पास मौजूद है।

### किशोरी ने मानसिक तनाव में जान दी

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर 5 स्थित हरौला गांव में रहने वाली किशोरी ने मानसिक तनाव के चलते मंगलवार रात पंखे से फंदा लगा लिया। भाई ने उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां पर डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि हरौला गांव में 17 वर्षीय किशोरी अपने भाई और पिता के साथ रहती थी। परिवार मूलरूप से बिहार के जिला नवादा का रहने वाला है। वर्तमान में किशोरी के पिता गांव गए हैं। वह कमरे में दो भाई के साथ रह रही थी। पुलिस ने बताया कि मंगलवार रात अज्ञात कारण से किशोरी ने अपने घर पर पंखे से फंदा लगा लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नोएडा एयरपोर्ट पर रनवे के पास आपातकालीन मार्ग बनेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर आपातक.ालीन मार्ग तैयार किया जाएगा। यह 140 मीटर लंबा और सात मीटर चौड़ा मार्ग रनवे की पूर्वी दिशा में बाउड्री वॉल पर लगे गेट के सामने बनेगा। इसे 30 मीटर कार्गो सड़क से जोड़ा जाएगा। इस मार्ग से संकट के समय राहत एवं बचाव कार्य, सुरक्षा सेवाओं को एयरपोर्ट तक पहुंचने में आसानी होगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के नोडल अधिकारी ने बताया कि इस सड़क की सबसे बड़ी विशेषता यह होगी कि आपदा, तकनीकी संकट या फिर आकस्मिक परिस्थितियों के दौरान फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और सुरक्षा एजेंसियों के लिए यह मार्ग वैकल्पिक व त्वरित संपर्क व्यवस्था के रूप में काम करेगा।

इससे आपातकालीन संचालन बिना बाधा जारी रह सकेगा। अंत.रराष्ट्रीय मानकों के तहत बड़े एयरपोर्ट पर वैकल्पिक आपातक.ालीन पहुंच मार्ग तैयार किए जाते हैं, ताकि रनवे और संवेदनशील क्षेत्रों तक कम समय में पहुंचा जा सके। ये मार्ग सिर्फ सुरक्षा दृष्टि से ही नहीं बल्कि एयरपोर्ट की आपदा प्रबंधन क्षमता को मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। भविष्य में एयरपोर्ट पर यात्रियों और उड़ानों की संख्या बढ़ने के बाद ऐसी व्यवस्था और अधिक जरूरी हो जाएगी।नोएडा एयरपोर्ट से 15 जून को पहली उड़ान बेंगलुरु और लखनऊ के लिए उड़ान भरेगी।

# ईद-उल-अजहा आज, गुलजार हुए बाजार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** ईद-उल-अजहा अकीदत, उत्साह और जज्बा-ए-कुर्बानी के साथ बृहस्पतिवार को मनाई जाएगी। इसकी पूर्व संध्या पर बाजारों में देर रात तक चहल-पहल रही। लोगों ने कपड़े, सेवइयां, मसाले, मिठाइयां और कुर्बानी से जुड़ीं जरूरतों की खरीदारी की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ कुर्बानी दी जाएगी।



**क्यों खास होती है यह ईद:** ईद-उल-अजहा को बकरीद के नाम से भी जाना जाता है। इसे त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व माना जाता है। इस दिन हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में जानवरों की कुर्बानी दी जाती है और उसका मांस जरूरतमंदों व रिश्तेदारों में बांटा जाता है। लोगों का कहना है कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे और मदद का भी संदेश देता है।

**पर्व के लिए खास तैयारी:** शहर की बड़ी मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। सभी मस्जिद में नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन की टीमें तैनात रहेंगी। वहां दो पारी में नमाज अदा दी जाएगी। जो कि एक रात पहले से ही पुलिस की तैनाती देखी जा रही है। साथ ही संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल लगाया गया है। ऐसे कई लोग होंगी जिन्होंने कई दिनों तक कुर्बान करने वाले जानवर को पाला होगी जिसकी उनको आज कुर्बानी भी देनी होगी।

**बाजार रहे गुलजार:** बाजारों में देर रात तक खरीदारों की भीड़ रही। कपड़ों की दुकानों, इत्र, टोपी, जूतों और मिठाइयों की दुक.ानों पर लोगों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बच्चों और युवाओं में ईद को लेकर खास उत्साह दिखाई दिया। कई परिवारों ने रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए उपहार भी खरीदे। सेक्टर-8 के मौलाना कारी नाजिम ने लोगों से ईद को शांति, सौहार्द और स्वच्छता के साथ मनाने की अपील की है। साथ ही कुर्बानी के दौरान प्रशासन की गाइडलाइन का पालन करने को भी कहा गया है।

# कार्यालयों में रहनी चाहिए बेहतर साफ-सफाई:डीएम

## जिलाधिकारी ने कलक्ट्रेट का किया आकस्मिक निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक निर्देश





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** बुधवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट परिसर का आकस्मिक निरीक्षण कर विभिन्न कार्यालयों की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
निरीक्षण के दौरान डीएम ने नगर निकाय, एलबीसी, संयुक्त कार्यालय सहित विभिन्न पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालयों में अभिलेखों एवं पत्रावलियों के रखरखाव की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सभी पत्रावलियां सुव्यवस्थित एवं अद्यतन रखी जाएं। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार का पत्राचार अनावश्यक रूप से फाइलों में लंबित न रहे तथा कार्यों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनी रहनी चाहिए तथा कर्मचारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी जिम्मेदारी एवं पारदर्शिता के साथ करना चाहिए। डीएम ने कहा कि कार्यालयों की कार्यप्रणाली में अनुशासन, पारदर्शिता एवं तत्परता बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे आमजन को बेहतर एवं समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिवनारायण, डिप्टी कलेक्टर निकेत वर्मा उपस्थित रहे।

## तीन युवकों पर जानलेवा हमला कर किया घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** सरफाबाद गांव के पास गांव के ही कुछ युवकों नें तीन युवकों पर हमला बोल गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित नें थानें मे तहरीर दी है। आरोपियों के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है।

सरफाबाद निवासी साबिर पुत्र बाखिर नें थाना चांदीनगर में तहरीर देते हुए बताया कि उसका भाई आरिफ पुत्र बाखिर व मोनू पुत्र धर्मवीर, बलवीर पुत्र राममेहर रात्रि नो बजें फुलैरा के रास्ते से वापस घर लौट रहे थे तभी गांव के विकास व उसके अन्य साथी से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गयी जिसमें विकास और उसके साथियों नें चाकू, बेल्ट व अन्य हथियारों से हमला बोल तीनों को गम्भीर रूप से घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। राहगीरों नें देखा तो घायलों के परि. जनों को सूचना दी और परिजन उन्हें उपचार के लिए चिकित्सक के यहा लेकर पहुचें वही थानें में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की है। थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द आरोपियों को पकड़ लिया जायेगा।

## गोरखनाथ धाम में चोरी, दान पात्र से लाखों का दान ले उड़े चोर



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** थाना क्षेत्र के सांकरौद गांव में स्थित श्री गोरखनाथ धाम आश्रम में देर रात चोरी की घटना हुई है। अज्ञात चोरों ने मंदिर परिसर में रखे दानपात्र का ताला तोड़कर लाखों रुपये का दान चुरा लिया। घटना के बाद श्रद्धालुओं और ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई।
बताया जा रहा है कि हाल ही में आश्रम में एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। इसी भंडारे के कारण दानपात्र में लाखों रुपये का दान जमा हुआ था। इस आयोजन के बाद श्री गुरु गोरखनाथ धाम आश्रम के महंत सुरेशपाल कुछ दिनों से हरिद्वार गंगा स्नान पर गए हुए हैं। दान से भरा दान पात्र आश्रम में ही रखा हुआ था जिसका मंगलवार को अज्ञात चोरों द्वारा ताला तोड़कर लाखों रुपए का दान चुराने की बात सामने आई है। बुधवार सुबह जब श्रद्धालु मंदिर पहुंचे, तो उन्होंने दानपात्र का ताला टूटा हुआ पाया। दानपात्र खाली देखकर उन्हें चोरी का संदेह हुआ, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही खेकड़ा थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है। पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। थाना प्रभारी प्रभाकर केंतुरा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। मंदिर में हुई चोरी को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में असंतोष है।

## विद्युत विभाग ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कर रहा कूलर और पानी का छिड़काव





**शाह टाइम्स संवाददता**
**बागपत।** जनपद में भीषण गर्मी और लगातार बढ़ती बिजली खपत के कारण विद्युत ट्रांसफार्मर ओवरलोड हो रहे हैं। इससे बिजली लाइनों में फाल्ट की समस्या बढ़ गई है। विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, इसके लिए विद्युत विभाग ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने के लिए कूलर और पानी का छिड़काव कर रहा है।
पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ है। दिन का तापमान लगभग 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, जबकि रात में भी यह 29 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है। इस भीषण गर्मी के कारण विद्युत मशीनें और ट्रांसफार्मर अत्यधिक गर्म हो रहे हैं, जिससे बिजली कटौती की समस्या उत्पन्न हो रही है। समस्या के समाधान के लिए, विद्युत विभाग के अधिकारियों ने मशीनों को ठंडा रखने के लिए निरंतर पानी का छिड़काव करने और कूलर लगाने के निर्देश दिए हैं। विभाग के कर्मचारी ट्रांसफार्मरों पर पानी की बौछार करते और उनके पास कूलर लगाकर उन्हें ठंडा करते हुए देखे जा रहे हैं। यह कदम ओवरलोडिंग और फाल्ट को रोकने के लिए उठाया गया है। इस बीच, लगातार बढ़ती गर्मी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट पर है। विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे तेज धूप में बाहर न निकलें और अधिक से अधिक तरल पदार्थों का सेवन करें। किसी भी स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की सलाह दी गई है।

## फसल चराने और आर्थिक नुकसान का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** थाना क्षेत्र के गांव चंदायन निवासी गौरव पुत्र महेंद्र ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आवारा पशुओं से उसकी फसल नष्ट कराने का आरोप लगाते हुए थाना बिनौली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।
पीड़ित गौरव ने बताया कि उसके परिवार की गांव में कृषि भूमि है, जिसमें गन्ने और ज्वार की फसल बोई गई थी। फसल की रखवाली उसका छोटा भाई सौरभ करता है। आरोप है कि गांव निवासी राजेंद्र पुत्र नकली, जो गांव के आवारा पशुओं की देखरेख करता है, 26 मई 2026 की रात करीब 150 आवारा पशुओं को लेकर खेतों पर पहुंच गया। आरोप है कि उसने सौरभ को डरा-धमकाकर वहां से भगा दिया और पशुओं को खेतों में छोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार पशुओं ने लगभग 12 बीघा गन्ने और ज्वार की खड़ी फसल को चरकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया, जिससे करीब ढाई लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है। सुबह खेतों पर पहुंचने पर घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद तुरंत 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई। गौरव ने थाना बिनौली पुलिस से मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## हरिचंद्र हाई स्कूल में चोरों ने की लाखो की चोरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**रटौल।** चमरावल गांव के सत्य हरिचंद्र हायर सेकंड्री स्कूल में रात्रि अज्ञात चोर दिवार फांदकर स्कूल में घुस आये और लाखो का इल्कट्रानिक समान चोरी कर ले गये। स्कूल के प्रधानाचार्य नें थाना चांदीनगर में अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है।
चमरावल गांव में सत्य हरिचंद्र हायर सेकेंडरी स्कूल में पीछे के रास्ते से अज्ञात चोर दिवार फांदकर स्कूल में घुस गये और कमरो का ताला तोड उसमे रखे लेपटाप, इन्वर्टर ब्रेट्री, कम्प्यूटर, हार्ड डिस्क म्यूजिक सिस्टम, इलेक्ट्रानिक बोर्ड चोरी कर ले गये। सुबह जब स्कूल का कर्मचारी मनोज स्कूल पहुंचा तो उसे स्कूल में ताला टूटा देखा कमरे में जाकर देखा तो उसने तुरंत 112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। वही प्रधानाचार्य विनित कुमार को भी सूचना दी जिसके बाद प्रधानाचार्य स्कूल में पहुचें और देखा तो स्कूल में लाखो का समान चोरी हुआ मिला। प्रधानाचार्य नें अज्ञात चोरो के खिलाफ तहरीर दी है। थाना प्रभारी अतर सिंह नें बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## ईद उल अज़हा को लेकर ग्राम प्रधान ने चलाया सफाई अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बिनौली।** आगामी ईद उल अज़हा पर्व को लेकर बरनावा ग्राम में प्रधान फिरोज़ खान के नेतृत्व में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के तहत गांव की गलियों, मुख्य मार्गों, नालियों और सार्वजनिक स्थलों की व्यापक साफ-सफाई कराई गई, जिससे त्योहार के दौरान ग्रामीणों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।
ग्राम प्रधान फिरोज़ खान ने बताया कि ईद उल अज़हा का पर्व आपसी भाईचारे, सौहार्द और स्वच्छता का संदेश देता है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गांव में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कर्मचारियों और ग्रामीणों के सहयोग से अभियान संचालित किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें और त्योहार को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में मनाएं। सफाई अभियान के दौरान कर्मचारियों द्वारा नालियों की सफाई कर कूड़ा उठवाया गया तथा गांव को स्वच्छ और सुंदर बनाने का कार्य किया गया। ग्रामीणों ने भी प्रधान फिरोज़ खान की इस पहल की सराहना करते हुए इसे त्योहार से पहले एक सराहनीय कदम बताया।

## फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुआ एक परिवार, चार लोगों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती





**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बागपत।** लहचौड़ा गांव में फूड प्वाइजनिंग के कारण एक ही परिवार के चार सदस्यों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को पेट दर्द, उल्टी और तेज बुखार की शिकायत के बाद जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है।
जानकारी के अनुसार, लहचौड़ा गांव निवासी यासीन के परिवार के सदस्य नगमा, समीना, ताशीना और सोनू रात में आलू-गोभी की सब्जी खाकर सोए थे। सुबह अचानक सभी को पेट में दर्द, उल्टी और तेज बुखार की शिकायत हुई। शुरुआत में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन राहत न मिलने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों की टीम उनका उपचार कर रही है। फिलहाल चारों लोगों की हालत सामान्य बताई जा रही है। जिला अस्पताल के फार्मासिस्ट मुकेश ने बताया कि सभी मरीजों को संक्रमण की शिकायत थी, जिसका उपचार कर लिया गया है और उनकी हालत स्थिर है। फूड प्वाइजनिंग का मामला सामने आने के बाद खाद्य विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है और मामले की जांच में जुट गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम अस्पताल में भर्ती लोगों के स्वास्थ्य पर नजर बनाए हुए हैं

## पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो लुटेरों गिरफ्तार, एक गोली लगने से घायल



**शाह टाइम्स संवाददता**
**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों ने एक महिला से चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जबकि दूसरे को गिरफ्तार कर लिया गया।
पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध हथियार और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो बाइक सवार अभियुक्त किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। बड़ौत कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान घेराबंदी की। जब पुलिस ने लुटेरों को रोकने का प्रयास किया, तो उन्होंने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग भी की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से गाजियाबाद निवासी कार्तिक उर्फ गोलू घायल हो गया। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उसका साथी, बागपत के बिजरोल निवासी अंकुर उर्फ चिराग को पुलिस ने मौके से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से दो तमंचे, चार जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद हुई है। बड़ौत कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने बताया कि पुलिस ने कुछ ही घंटों में महिला से हुई लूट की वारदात का खुलासा करते हुए लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया है।

## भीषण गर्मी का कहर, लगातार फूंक रहे है ट्रांसफार्मर

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र में गर्मी में ट्रांसफार्मर सूखने से बचने के लिए जगह-जगह लगवाए जा रहे हैं। ट्रांसफार्मरों के सामने पानी के कुलर गर्मी में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने से गर्म होकर फुक रहे है, इससे विद्युत विभाग को भी भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है। इसे विद्युत विभाग की लापरवाही साबित नहीं की जा सकती ऐसे में ट्रांसफार्मरों को फुंकने से बचने के लिए पानी के कूलर लगाकर ठंडा किया जा रहा है। इसके अलावा काफी जगह उन पर पानी का छिड़काव और अर्थिंग देकर भी उनको ठंडा किए जाने का कार्य किया जा रहा है। गर्मी के कारण जहां लोगों का बुरा हाल है, वही गर्मी में बिजली की खपत भी बढ़ गई है। गर्मी अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर गर्म हो रहे है, इसीलिए विद्युत विभाग को भी कुछ समय के लिए विद्युत कटौती करनी पड़ रही है। गर्मी अधिक होने के कारण ट्रांसफार्मर गर्म हो रहे हैं और उनके फुकने वह फाल्ट होने की समस्या अधिक बढ़ रही है। ऊर्जा निगम के अधिकारी भी अधिक गर्मी को देखते हुए जहां-जहां ट्रांसफार्मर रखे हुए हैं वहां का भ्रमण कर रहे है। ऊर्जा निगम के अधिकारीयो ने बताया कि गर्मी में ट्रांसफार्मरों को बचाने के लिए यह अभियान चालू किया गया है ताकि लोगों को क्षेत्र में अधिक से अधिक बिजली दी जा सके।

**सूचना**
हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र आकाश से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।
राजेन्द्र पुत्र छतरा व सविता देवी पत्नि राजेन्द्र निवासीगण ग्राम पाबला बेगमाबाद थाना व जनपद बागपत।

**सूचना**
हमारे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते हम अपने पुत्र शाहरूख व पुत्रवधू सबा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते है भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।
सत्तार पुत्र हफीजुददीन व रूकसाना पत्नि सत्तार निवासीगण नई बस्ती चमरावल रोड़ राशिद कालोनी कस्बा व थाना बागपत जनपद बागपत।

## खेड़का में साइबर ठगी, खाते से गायब हुए 95 हजार रुपए, पीड़ित ने पुलिस से की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**खेकड़ा।** क्षेत्र में साइबर ठगी का एक मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति के बैंक खाते से फोन हैक कर 95 हजार रुपये निकाल लिए गए। पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद खेकड़ा थाना साइबर सेल में लिखित तहरीर दी है। उसने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अपनी रकम वापस दिलाने की मांग की है।
ग्राम गोठरा निवासी देशपाल पुत्र आसे ने बताया कि यह घटना 26 मई 2026 को शाम करीब 3 बजकर 13 मिनट पर हुई। उनका मोबाइल फोन अचानक हैक हो गया और उसने काम करना बंद कर दिया। फोन में कोई भी फंक्शन संचालित नहीं हो रहा था। यह स्थिति लगभग डेढ़ घंटे तक बनी रही। देशपाल के अनुसार, लगभग डेढ़ घंटे बाद जब उनका फोन दोबारा चालू हुआ, तो उन्होंने अपने बैंक खाते की जानकारी जांची। तब उन्हें पता चला कि उनके खाते से 95 हजार रुपये की रकम निकाल ली गई है। पीड़ित ने तत्काल साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930 पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई और संबंधित विभाग को मामले की सूचना दी। बुधवार को उन्होंने खेकड़ा थाने की साइबर सेल में लिखित शिकायत सौंपते हुए साइबर ठगी की जांच, आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और अपनी रकम की वापसी की मांग की। इस मामले में साइबर सेल प्रभारी नितिन कुमार ने शिकायत प्राप्त हो गई है ,अग्रिम कार्यवाही जारी है।

## देश प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**बडौत।** नगर में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की मंशा के अनुरूप आधुनिक भारत के शिल्पकार कर्मयोगी दूरदर्शिता सघर्ष के प्रतीक भारत रत्न देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि के अवसर पर रामहरि पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेस पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने शहर के मुख्य बाजार मे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शत नमन किया। तद उपरांत शहर कार्यालय दिल्ली बस स्टैंड पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया तथा सभी कांग्रेस जनो ने कार्यालय पर उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर ठण्डे मीठा शरबत की प्याऊ का आयोजन कर कडाके की गर्मी मे रहागीरो को मीठा शरबत पिलाकर सेवा की।
गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष चौधरी रामकुमार सिंह ने जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश की आजादी के लिए अनेक बार जेल गये। देश की बागडोर ऐसे समय पर संभाली जब देश चौतरफा खाली था। किसानों मजदूरों गरीबों दलितो शोषितो वंचितों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का सर्जन किया कृषि शिक्षा चिकित्सा बिजली नहरों सडकों के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किये। भाखडानागल बाध बनवाया अपने कार्यकाल मे 250 से भी अधिक उधोगो की स्थापना कराई। अनेकों महामारियो का बडे धैर्य हिम्मत से मुकाबला किया देश उनका सदैव रीणी रहेगा। शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा देश मे अच्छे स्कूल कालेजो की स्थापना कराई। नोजवानो के लिए रोजगार के दरवा. जे खोले एम्स जैसे अस्पताल बनवाये। देश को शिखर पर पहुंचाया कांग्रेस की नीतियों विच. ारधारा का प्रचार प्रसार हर घर हर दर तक किया जायेगा। कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो हर वर्ग का भला करने मे सक्षम है। संचालन देवेन्द्र सिंह ने किया। इस अवसर पर रामरंग पंवार बिजेन्द्र शर्मा रविन्द्र तोमर मदन सिंह रविन्द्र तोमर अजहर पठान नन्दकिशोर शर्मा इरशाद आलम मो प्रवेज मोहित जाटव खुर्शीद आलम सोमपाल शर्मा मनोज जैन औकार दत्त आदि उपस्थित रहे।

# ईद-उल-अजहा को लेकर बाजारों में रही रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईद-उल-अजहा पर्व को लेकर जिले के बाजारों में तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। पर्व नजदीक आते ही शहर के बाजारों में रौनक बढ़ गई है और खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है।

बड़ा बाजार, गांधी चौक, आजाद चौक और जामा मस्जिद क्षेत्र में बुधवार को सुबह से ही खरीदारों की भारी भीड़ देखी गई। लोग ईद की तैयारियों के तहत कपड़े, सेवई, ड्राई फ्रूट, मसाले, जूते-चप्पल और घरेलू सामान की खरीदारी करते नजर आए। रेडीमेड गारमेंट की दुकानों पर बच्चों और युवाओं के लिए नए कपड़ों की खास मांग रही, जबकि किरयाना बाजार में सेवई, मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की बिक्री में तेजी देखी गई। दुकानदारों के अनुसार, ईद के नजदीक आते ही कारोबार में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है और बाजार देर रात तक गुलजार रहने लगे हैं। जमीअत उलेमा-ए-हिंद के जिला सदर मौलाना साजिद कासमी ने



ईद-उल-अजहा के अवसर पर लोगों से अपील की है कि वे सड़क पर नमाज अदा न करें और शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाया जाए तथा किसी भी समुदाय को परेशानी न हो। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए, खुले में कुर्बानी से बचा जाए और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही कुर्बानी के दौरान फोटो या वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल न करने की भी अपील की गई।

**ईद की नमाज का समय**

**कैराना रोड स्थित ईदगाह:** सुबह 6:00 बजे
**सलेक विहार स्थित मुहम्मदी** मस्जिद: 6:15 बजे
**पंसारियान स्थित फतेहपुरी** मस्जिद: 6:30 बजे
**आजाद चौक स्थित मस्जिद कुरैशियान:** 6:45 बजे

## ग्राम प्रधान पर फोन पर गाली-गलौज और धमकी देने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव बरनावी निवासी एक युवक ने ग्राम प्रधान पर फोन कर गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना कैराना में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

ग्राम बरनावी निवासी जीशान पुत्र अलमदीन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका अपने भाई मारूफ के साथ पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हो गया था। बाद में गांव के जिम्मेदार लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करा दिया था। आरोप है कि उसका भाई मारूफ गांव के प्रधान इरफान पुत्र मंजूरा के प्रभाव में है और ग्राम प्रधान गांव की गुटबाजी के कारण उससे रंजिश रखता है। जीशान का आरोप है कि 24 मई की रात ग्राम प्रधान ने अपने मोबाइल फोन से उसके मोबाइल नंबर पर दो बार कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया तथा गंभीर परिणाम भुगतने और देख लेने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि बातचीत की रिकॉर्डिंग उसके मोबाइल फोन में सुरक्षित है, जिसे वह पुलिस को उपलब्ध करा सकता है। पीड़ित ने थाना कैराना पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत दी और आरोपित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# बिजली की आंख मिचौली से परेशान किसानों का हंगामा, टोडा बिजलीघर पर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** क्षेत्र में लगातार लो वोल्टेज और अनियमित बिजली आपूर्ति से परेशान किसानों का गुस्सा मंगलवार रात टोडा बिजलीघर पर फूट पड़ा। सिंचाई संकट और मोटरों के खराब होने से नाराज किसानों ने बिजलीघर पहुंचकर जमकर हंगामा किया और बिजली सप्लाई व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई।

किसानों का कहना था कि बिजली विभाग की अनियमित आपूर्ति के कारण धान की फसल प्रभावित हो रही है और लगातार आर्थिक नुकसान बढ़ रहा है। उन्होंने मांग की कि दो फीडर रात में और एक फीडर दिन में चलाया जाए, जबकि अगले चक्र में अन्य दो फीडरों को रात में सप्लाई दी



जाए, जिससे सभी गांवों को समान रूप से बिजली मिल सके और सिंचाई व्यवस्था सुचारु रहे। प्रदर्शन कर रहे किसानों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में लो वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई है। पर्याप्त वोल्टेज न मिलने के कारण टड्बवेल ठीक से नहीं चल पा रहे, जिससे खेतों में पानी नहीं पहुंच रहा और धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने यह भी कहा कि खराब बिजली व्यवस्था के कारण दो ट्रांसफार्मर फुंक चुके हैं और कई किसानों की मोटरें भी खराब हो चुकी हैं। इस दौरान किसान राजीव, मोनित, मुकुल, हरमेर, सतीश, भूरू सहित कई किसान देर रात तक बिजलीघर पर डटे रहे। किसानों के दबाव के बाद रात में टोडा-डाबर फीडर की सप्लाई चालू कराई गई, जिसके बाद मामला शांत हुआ। जेई जय आजम अकबर ने बताया कि शामली-शामला बिजलीघर से एक साथ अधिक लोड चलाने की अनुमति नहीं है, इसी कारण फीडरों को अलग-अलग समय पर चलाया जा रहा है। हालांकि किसानों की समस्या को देखते हुए फिलहाल सहमति के आधार पर सप्लाई व्यवस्था संचालित की जा रही है।

## एक नजर

### संगठित अपराध में शामिल गिरोह पर गैंगस्टर एक्ट की गाज

**चौसाना।** झिंझाना थाना पुलिस ने गौतस्करी, प्रतिबंधित गोवंश के अवैध परिवहन और पुलिस टीम पर जानलेवा फायरिंग जैसी गंभीर घटनाओं में शामिल एक संगठित गिरोह के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत बड़ी कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार कसाना की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में गिरोह का सरगना मुकर्रम पुत्र मुनव्वर निवासी बल्लामाजरा थाना झिंझाना को बताया गया है। पुलिस के अनुसार मुकर्रम अपने साथियों इमरान, सादाब, सावेज, आजम उर्फ सुक्का, अहसान और इस्लाम के साथ मिलकर गौवंश चोरी, गौवध के लिए प्रतिबंधित पशुओं का परिवहन और अवैध हथियारों के इस्तेमाल जैसी घटनाओं को अंजाम देता था। आरोप है कि यह गिरोह पुलिस कार्रवाई के दौरान फायरिंग कर फरार होने का प्रयास भी कर चुका है, जिससे क्षेत्र में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ था। सभी के खिलाफ झिंझाना थाने सहित विभिन्न मामलों में गौकशी, अवैध असलाह, चोरी और पुलिस मुठभेड़ से संबंधित मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने क्षेत्राधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट स्तर से अनुमोदन के बाद गैंगस्टर एक्ट की धारा 2/3 के तहत कार्रवाई की है।

### पुरानी रंजिश में युवक पर जानलेवा हमला, जिला अस्पताल में भर्ती

शाह टाइम्स संवाददाता

शामली। शहर में पुरानी रंजिश को लेकर देर रात एक युवक पर जानलेवा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मोहल्ला रेलपार गली नंबर 5 निवासी लवी शर्मा पुत्र जितेन्द्र शर्मा अपनी मौसी रीतु के साथ मंगलवार देर रात बाजार किसी कार्य से गया था। बताया जा रहा है कि जब वे हनुमान रोड पर पहुंचे, तभी करीब आधा दर्जन युवकों के एक गुट ने अचानक लाठी-डंडों से लवी पर हमला कर दिया। हमलावरों ने मारपीट के बाद मौके से फरार होने से पहले जान से मारने की धमकी भी दी। घायल अवस्था में लवी को परि. जनों द्वारा शामली जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार किया जा रहा है। पीड़ित लवी शर्मा ने बताया कि करीब चार महीने पहले उसके छोटे भाई वरुण पर भी आरोपितों ने ट्यूशन जाते समय हमला किया था, जिसके बाद दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी और इस मामले में शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सरस्वती के छात्र ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क पहुंचे

शामली। सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज के कक्षा नौ एवं दस के विद्यार्थियों को मंगलवार को करनाल स्थित कर्ण झील एवं ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क में वन विहार के लिए ले जाया गया। भ्रमण के दौरान छात्रों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग करते हुए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आनंद लिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा भीषण गर्मी से राहत दिलाने एवं विद्यार्थियों के मानसिक विकास के उद्देश्य से तीन बसों के माध्यम से 149 छात्र एवं आचार्यों को शैक्षिक भ्रमण पर भेजा गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने कर्ण झील पर बोटिंग का आनंद लिया तथा ग्रीन लैण्ड वाटर पार्क में स्लाइडिंग, वाटर बोट, राफ्टिंग, आकर्षक झूलों एवं म्यूजिकल फाउंटेन का भरपूर लुत्फ उठाया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि ऐसे शैक्षिक एवं मनोरंजक भ्रमण छात्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक होते हैं। इस अवसर पर संस्था के उप प्रधानाचार्य मलूक चन्द, सुभाषचन्द, अमन कुमार, प्रमोद कुमार, सचिन कुमार, शुभम कुमार, सीताराम, रवि कुमार, धीरज कुमार, मुदित एवं रजत कुमार सहित अन्य आचार्य मौजूद रहे।

### 66.80 लाख की अवैध स्मैक के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

शामली। झिंझाना पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरो. पियों के कब्जे से 334 ग्राम अवैध स्मैक और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद की गई है। पुलिस के अनसार बरामद स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 66 लाख 80 हजार रुपये आंकी गई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस टीम ने देर रात चेकिंग अभियान के दौरान दोनों आरोपियों को दबोचा। पूछताछ में उनकी पहचान मुबारिक और साजिद पुत्रगण नकीम निवासी गांव घिस्सावाला, अम्बेहटी थाना नकुड़, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# जनपद शामली में गर्मी का प्रकोप: तेज धूप और लू के थपेड़ों से जनता हुई बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** बुधवार को सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया। सुबह 10 बजे ही तापमान 37 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जबकि दिन का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्मी और उमस के कारण जनजीवन प्रभावित रहा।

दोपहर के समय शहर के बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा दिखाई दिया। जरूरी कार्य से बाहर निकलने वाले लोग सिर और चेहरे को कपड़े से ढंककर



चलते नजर आए। बड़ा बाजार, नया बाजार, गांधी चौक, कबाड़ी बाजार, माजरा रोड और नेहरू मार्केट सहित कई स्थानों पर दोपहर के समय बाजार लगभग खाली दिखाई दिए। राहगीर छांव और ठंडे पानी की तलाश करते नजर आए।

भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग पर पड़ रहा है। अस्पतालों में भी गर्मी से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। चिकित्सकों ने लोगों को दोपहर में घर से बाहर न निकलने, पर्याप्त पानी पीने और धूप से बचाव करने की सलाह दी है। वहीं बढ़ती गर्मी के कारण बिजली और पानी की मांग भी बढ़ गई है तथा कई स्थानों पर बिजली कटौती से लोगों की परेशानियां और बढ़ गई हैं।

## अदालत ने चार लोगों को पांच वर्ष के कठोर कारावास की सुनाई सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** हत्या के प्रयास के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र नाथ सिंह ने 6 साल पुराने मामले में एक ही परिवार के चार लोगों को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है।

अदालत ने मामले में सुनवाई करते हुए कपूरी गोविंदपुर गांव निवासी बुंदी, भाई सतपाल और बुंदी के बेटे संदीप और सचिन को पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। तीन फरवरी 2020 को हुए घटनाक्रम में गांव के ही सहेंद्र पाल ने चारों लोगों पर आरोप लगाया था कि गांव के रविदास मंदिर में चल रही रविदास जयंती की तैयारी कर रहे लोगों के साथ वह गाली गलौज कर रहे थे। इस दौरान बेटे आस्तिक कुमार ने उन्हें रोकने चाह तो उक्त लोगों ने उस पर लाठी डंडों और लोहे की रॉड से हमला कर गंभीर रुप से घायल कर दिया था। मामले में सहेंद्र पाल ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद बुंदी, सतपाल, संदीप और सचिन को दोषी ठहराते हुए पांच वर्ष के कारावास और 15-15 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

# बदमाशों ने कार सवारों पर की फायरिंग, गोली लगने से एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आई-20 कार सवार चार दोस्तों पर बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। घटना में एक युवक गोली लगने से घायल हुआ है जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। कार के ऊपर कई राउंड फायरिंग के निशान मौजूद हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि कार सवार युवकों के पास अवैध पिस्टल था और एक्सिडेंटल फायर से युवक घायल हुआ है।

बुधवार की दोपहर करीब दो बजे भायला गांव में नहर के निकट एक कार पर बदमाशों द्वारा फायरिंग किए जाने की सूचना से पुलिस प्रशासन में हडकंप मच गया। तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची जहां पर एक युवक गोली लगने से घायल पड़ा हुआ था। पुलिस ने उसे देवबंद सीएचसी में भर्ती कराया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया





गया। घायल युवक की पहचान 25 वर्षीय मोनिस पुत्र शराफत निवासी पंडोली रोड नागल के रूप में हुई है। कार में तीन युवक और सवार थे जो संयोगवश बाल बाल बच गए। कार के बोनट और सामने वाले शीशे पर छह से अधिक गोलियों के निशान मौजूद हैं जिससे प्रतीत होता है कि कार पर हमला सामने से किया गया है। चर्चा है कि बाइक सवार बदमाशों ने कार सवार दोस्तों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर उन्हें जान से मारने का प्रयास किया है। हालांकि पुलिस का कहना है कि एक्सीडेंटल फायरिंग में युवक घायल हुआ है। घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया गया है। सूचना मिलने पर एसपी देहात मयंक पाठक भी मौके पर पहुंचे और घटना की विस्तृत जानकारी ली।

आई-20 कार में सवार युवक पिस्टल से गोली चलने के कारण घायल होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच घायल व उसके साथियों से पूछताछ की तो पता चला कार सवार चारों दोस्त कहीं जा रहे थे जिनके पास अवैध पिस्टल था उस पिस्टल की मिस्हेंडलिंग के दौरान यह एक्सीडेंटल फायर हुआ है जिसमें युवक घायल हुआ है। घटना के संबंध में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ओएचई तारों से टकराई हाइड्रा मशीन, चालक बाल-बाल बचा

**देवबन्द।** भायला रेलवे फाटक के निकट रेलवे ट्रैक के बीचों बीच गार्डर डालने वाली हाइड्रा मशीन का कुंडा ओएचई तारों से टकरा गया। इससे जहां तारों मे से भयंकर चिंगारियां निकलने लगी वहीं, तेज धमाके से हाइड्रा मशीन का एक टायर भी फट गया। घटना को लेकर मौके पर अफरा तफरी का माहौल हो गया। भायला रेलवे



फाटक पर काफी समय से ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण कार्य चल रहा है। रेलवे ट्रैक के बीच में लोहे के गार्डर डालने के लिए हाइड्रा मशीन का इस्तेमाल किया जा रहा है। बुधवार की शाम करीब 4.30 बजे हाइड्रा मशीन का कुंडा ओएचई तारों से टकरा गया, जिससे तारों में तेज स्पार्किंग होने लगी। देखते ही देखते तेज धमाके के साथ हाइड्रा मशीन का टायर फट गया। जिससे आसपास खड़े लोग इधर उधर भागने लगे। बाद में रेलवे के इलेक्ट्रिक विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच ओएचई तारों पर रस्सा डाल हाइड्रा मशीन के तारों से टच हुए मशी के कुंडे को अलग किया। बाद में वहां से मशीन हटवाई गई। रेलवे स्टेशन अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि हाइड्रा मशीन का कुंडा ओएचई तारों से टच होने पर स्पार्किंग हुई थी। कोई जनहानि नहीं हुई है।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल में 'इंडिया इन वन फ्रेम' नाम से भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान छात्राओं विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मोह लिया।

बाईपास रोड तालीमाबाद स्थित नवाज गर्ल्स पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में कार्यक्रम में विख्यात कवि डा. हरिओम पंवार, मौलाना आजाद यूनिवर्सिटी के पूर्व वाइस चांसलर प्रो. अख्तरुल वासे, केंद्रीय विद्यालय देहरादून के पूर्व प्राचार्य डॉ. इंद्रजीत सिंह और सहारनपुर चर्च के पादरी फादर जॉन चिमन विशेष रूप से







मौजूद रहे।

देश की एकता और अखंडता को दर्शाते इस भव्य कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम में कक्षा 10 की टॉपर छात्रा आमना मुकर्रम एवं द्वितीय स्थान पर रही अशरा मुशर्रफ, जुवेरिया शाह, अनम अनवर, हनीफ असद व तृतीय स्थान पर रही जुहा हारिस एवं कक्षा 12 में स्कूल टॉप करने वाली सफीना महबूब एवं विज्ञान विषय में देवबंद में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाली छाद्धा कहकशा मुर्तजा एवं मिशकात को स्कॉलरशीप और प्रशस्ति पत्र भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में एमबीबीएस कर नगर का नाम रोशन करने वाली स्कूल की पूर्व छात्रा राफिया उस्मान और अदीबा अनीस को भी विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन स्कूल के संस्थापक एवं विख्यात शायर डा. नवाज देवबंदी ने स्वयं किया।

सत्येंद्र पाल सिंह बिट्टू, उपजिलाधिकारी विजय सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग व अभिभावक शामिल रहे। अंत में प्रधानाचार्य फौजिया नवाज और डा. अब्दुल्ला नवाज ने सभी का आभार जताया।

## बेटियों को शिक्षित करने का जज्बा देश को देगा नई दिशा : हरिओम पंवार

देवबंद। नवाज गर्ल्स स्कूल में आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे देश के प्रख्यात कवि डा. हरिओम पंवार ने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की में उस समाज की शिक्षित बेटियों का बड़ा योगदान होता है। उन्होंने बेटियों को शिक्षित बनाने के लिए डा. नवाज देवबंदी के योगदान को सराहते हुए कहा कि पहले डा. नवाज केवल उर्दू शायर के रूप में देश व दुनिया में जाने जाते थे लेकिन अब वह शिक्षाविद के रूप में जाने जाते हैं। कहा कि बेटियों को शिक्षित करने का डा. नवाज का मिशन देश को नई दिशा और रोशनी देगा।



## सर्जिकल कोटन फैक्ट्री में लगी आग

**देवबन्द।** सर्जिकल कोटन बनाने की फैक्ट्री में बुधवार की सुबह भीषण आग लग गई। फैक्ट्री से उठती आग की लपटों और धुएं से क्षेत्र में सनसनी फेल गई। सूचना मिलने पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक वहां रखा लाखों रुपयों का सामान जलकर राख हो चुका था। आग लगने का कारण शोर्ट सर्किट बताया जा रहा है। मोहल्ला मीर की सराय निवासी अफजल ने करीब दो महीने पहले स्टेट हाईवे पर सैनियों की सराय के निकट पूजा जोत और सर्जिकल कोटन बनाने की फैक्ट्री लगाई थी। बुधवार की सवेरे फैक्ट्री में अचानक आग लग गई। धुंआ और आग की लपटें उठती देख मौके पर हडकंप मच गया। मोहल्लावासियों ने दमकल कर्मियों को सूचित करते हुए आग बुझाने का प्रयास किया।

# राजस्थान ने एसआर को 244 रन का टारगेट दिया

**■ हैदराबाद को पारी की दूसरी बाल पर झटका, सूर्यवंशी ने 97 रन की पारी खेली, क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड भी तोड़ा**



**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** राजस्थान रायल्स ने आईपीएल एलिमिनेटर में सनराइजर्स हैदराबाद को 244 रन का टारगेट दिया। मुल्लांपुर के महाराजा यादविंद्र सिंह स्टेडियम में राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट पर 243 रन बनाए।

जवाब में हैदराबाद ने 1 ओवर के बाद 1 विकेट के नुकसान पर 16 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और ट्रैविस हेड क्रीज पर हैं। टीम को पारी की दूसरी ही बाल पर पहला झटका लगा। जोफा आर्चर ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया। वैभव सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों पर 334.48 की स्ट्राइक रेट से 97 रन बनाए। उन्होंने पारी में 12 छक्के और 5 चौके लगाए। वैभव एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। उन्होंने क्रिस गेल का 14 साल पुराना रिकार्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 छक्के लगाए थे, जबकि सूर्यवंशी इस सीजन 65 सिक्स जमा चुके हैं।

ध्रुव जुरेल ने अपनी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। उन्होंने 20 गेंदों पर फिफ्टी पूरी की। जुरेल 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। वहीं, हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। आखिरी ओवर में हैदराबाद ने शानदार वापसी करते हुए सिर्फ 5 रन दिए। नांद्रे बर्गर रन आउट हो गए, जबकि रवींद्र जडेजा आखिर तक 12 रन बनाकर नाबाद रहे। राजस्थान की टीम 20 ओवर में 243/8 के स्कोर तक पहुंची। नीतीश रेड्डी ने शानदार ओवर डालते हुए सिर्फ 5 रन दिए और जोफ्रा आर्चर का विकेट भी लिया। आर्चर लो फुलटॉस पर बड़ा शाट लगाने गए, लेकिन गेंद लॉन्ग-ऑन पर गई जहां अभिषेक शर्मा ने बेहत. रीन कैच पकड़ लिया। दासुन शनाका ज्यादा देर टिक नहीं सके और 5 रन बनाकर आउट हो गए। ईशान मलिंगा की शार्ट गेंद पर बड़ा शाट लगाने की को. शिश में वह चूक गए और अभिषेक शर्मा ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। 16वें ओवर में रियान पराग की पारी का अंत हो गया। चोट के बावजूद बल्लेबाजी कर रहे पराग ने शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन हेनरिक क्लासन ने लान्ग-आन पर आसान कैच पकड़ लिया। प्रफुल हिंगे ने उन्हें 12 गेंदों में 26 रन पर आउट किया। ध्रुव जुरेल ने सिर्फ 20 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर प्रफुल हिंगे ने उन्हें आउट कर दिया। जुरेल 21 गेंदों में 50 रन बनाकर नीतीश रेड्डी के हाथों कैच आउट हुए। 14 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 192/3 है। युवराज सिंह भी सूर्यवंशी की बल्लेबाजी के मुरीद हो गए। उन्होंने लिखा, बास बेबी ने दुनिया के दिग्गजों का रिकार्ड तोड़ दिया! यकीन करना मुश्किल है, इस बच्चे को बल्लेबाजी करते देखना शानदार है। ध्रुव जुरेल ने पैट कमिंस के ओवर में एक छक्का और दो चौके लगाए। इस ओवर में 17 रन बने। 12 ओवर के बाद राजस्थान का स्कोर 168/2 हो गया है। 11वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 29 रन बनाकर आउट हो गए। शिवांग कुमार की गुगली पर जायसवाल ने लॉन्ग-ऑफ के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन अभिषेक शर्मा ने कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी 97 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने प्रफुल हिंगे की गेंद पर थर्ड मैन के ऊपर शाट खेलने की कोशिश की, लेकिन आर स्मरण ने शानदार कैच पकड़ लिया। सूर्यवंशी ने सिर्फ 29 गेंदों में 97 रन की विस्फोटक पारी खेली, जिसमें 5 चौके और 12 छक्के शामिल रहे। सूर्यवंशी ने क्रिस गेल का एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के जमाने का 14 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2012 में 59 जमाए थे। सूर्यवंशी इस सीजन 65 छक्के जमा चुके हैं। सूर्यवंशी अपना अर्धशतक पूरा कर चुके हैं।

# जीटी की ग्राउंड फील्डिंग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी: गिल

**■ पहले गेंदबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया**



**धर्मशाला, वार्ता।** आईपीएल 2026 के क्वालिफायर 1 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों 92 रनों की करारी हार झेलने के बाद गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल ने कहा कि ग्राउंड फील्डिग उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। पहले गें. दबाजी का फैसला करने के बाद जीटी ने तीन चांस ड्रॉप किए और एक रन आउट का मौका भी गंवाया।

सबसे अहम मौका कगिसो रबाडा ने 14वें ओवर में प्रसिद्ध कृणा के सामने बल्लेबाजी कर रहे रजत पाटीदार का गंवाया, उस समय पाटीदार 13 गेंदों पर 21 रन बनाकर ही खेल रहे थे। 14 ओवर की समाप्ति के बाद आरसीबी का स्कोर तीन विकेट के नुकसान पर 140 रन था जो कि धर्मशाला की हाई स्कोरिग पिच को देखते हुए एक पार स्कोर था। इसके बाद पाटीदार ने आक्रमण शुरू किया और अंतिम छह ओवर में आरसीबी ने 114 रन बटोर लिए। पाटीदार ने 33 गेंदों पर नाबाद 93 रनों की पारी खेली। गिल ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि हम 12वें, 13वें ओवर तक हम अच्छी तरह आगे बढ़ रहे थे और मुझे नहीं लगता कि फील्डिग उतनी अच्छी थी। हमने कुछ कैच छोड़े और फिर ग्राउंड फील्डिग भी उम्मीदों के अनुरूप नहीं थी। जीटी की आधी टीम भी पावरप्ले में ही पवेलियन लौट गई थी और 51 के स्कोर पर उनके पांच विकेट गिर चुके थे। एक समय तो वह 88 पर आठ थे लेकिन राहुल तेवतिया के अर्धशतक की बदौलत वह 162 तक पहुंचने में सफल रहे। अंतिम ओवर में उनकी पारी सिमट गई। गिल ने कहा, दबाव भरी परिस्थितियों में हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। अगर आप इस ग्राउंड में पावरप्ले में अच्छा स्कोर करते हैं तो हमें पता है कि यहां गेंद ट्रैवल करती है और यहां की आउटफील्ड भी काफी तेज है। जिस तरह से विकेट खेल रही थी, वैसी परिस्थिति में अगर एक अच्छा पावरप्ले जाता तो इस तरह के मैदान और परिस्थितियों में कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता था।

जीटी के पास फाइनल में जगह बनाने का एक और मौका 29 मई को क्वालीफायर 2 में होगा जब वह न्यू चंडीगढ़ में सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेले जाने वाले एलिमिनेटर मुकाबले के विजेता से भिड़ेंगे। अफगानिस्तान ने की भारत के साथ आगामी सीरीज के लिए टीम की घोणा काबुल। अफगानिस्तान ने हशमतुल्लाह शाहिदी की अगुवाई में भारत के साथ आगामी टेस्ट और एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी टीम की घोणा कर दी है। यह टेस्ट मैच 2018 के बाद से भारत के खिलाफ अफगानिस्तान की पहली रेड-बॉल भिड़ंत होगी, जब अफगानिस्तान ने टेस्ट क्रिकेट में पर्दापण किया था। अफगानिस्तान टेस्ट टीम में स्टार स्पिनर राशिद खान और बल्लेबाज इब्राहिम जदरान शामिल नहीं हैं, हालांकि दोनों खिलाड़ियों को भारत के खिलाफ सीरीज के लिए वनडे टीम में शामिल किया गया है।

टेस्ट टीम में नांग्याल खारोटी, बिलाल सामी और रहमानुल्लाह जदरान को पहली बार शामिल किया गया है, जबकि स्पिनर कैस अहमद सेटअप में वापस आ गए हैं। सेदिकुल्लाह अटल और अजमतुल्लाह ओमरजई को भी शामिल किया गया है, दोनों खिलाड़ियों ने अब तक केवल एक टेस्ट मैच खेला है, जो 2024 में जिम्बाब्वे के खिलाफ था। इस बीच, भारत सीरीज के दोनों लेग के लिए अपनी टीम में जसप्रीत बुमराह की सर्विस नहीं लेगा। सीरीज छह जून को न्यू चंडीगढ़ में एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगी। अफगानिस्तान टेस्ट टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), अब्दुल मलिक, सेदिकुल्लाह अटल, रहमत शाह, रहमानुल्लाह गुरबाज, रहमानुल्लाह जदरान, अफसर जजई (विकेटकीपर), इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), अजमतुल्लाह ओमरजई, शराफुदीन अशरफ, नांग्याल खारोताई, कैस अहमद, बिलाल सामी, जिया शरीफी, सलीम सफी अफगानिस्तान वनडे टीम: हशमतुल्लाह शाहिदी (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज (विकेटकीपर), इब्राहिम जदरान, सेदिकुल्लाह अटल, दरविश रसूली, रहमत शाह, इकराम अलीखिल (विकेटकीपर), मोहम्मद नबी, अजमतुल्लाह ओमरजई, राशिद खान, नांग्याल खारोताई, एएम गजनफर, जिया यू रहमान शरीफी, फरीद मलिक, बिलाल सामी।

## खेल विशेष

### जानिक सिनर व कोको गॉफ ने जीत से की शुरुआत

**पेरिस, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाघी जानिक सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर के खिलाफ पहले राउंड में 6-1, 6-3, 6-4 से शानदार जीत दर्ज करके यह साबित कर दिया कि वह इस साल का फ्रेंच ओपन जीतने के सबसे बड़े दावेदार क्यों हैं। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण बाहर होने और 24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच के शानदार करियर के अंतिम पड़ाव पर होने के कारण, सिनर 2009 में रौलां गैरो में राफेल नडाल के बाद किसी भी बड़े टूर्नामेंट (मेजर) में जीत के लिए सबसे बड़े दावेदार बन गए हैं। इस बीच पिछली महिला चैम्पियन कोको गॉफ ने अपने फ्रेंच ओपन टाइटल डिफेंस की रोमांचक शुरुआत में कई मुश्किलों का सामना किया, पहले राउंड में जीत हासिल करने से पहले उन्हें एक छोटा कार एक्सीडेंट और ड्रेस में खराबी जैसी समस्याओं से निपटना पड़ा।

### एलिस आयरलैंड की टी-20 विश्व कप टीम में लॉरा डेलानी की जगह लेंगी

**डुबलिन (आयरलैंड), वार्ता।** अठारह साल की एलिस टेक्टर को आगामी महिला टी-20 विश्वकप के लिए आयरलैंड की टीम में चोटिल लॉरा डेलानी की जगह शामिल किया गया है। डेलानी की चोट कैसी है, यह अभी पता नहीं चला है, लेकिन यह इतनी गंभीर है कि वह टूर्नामेंट और वेस्ट इंडीज और पाकिस्तान के बीच 28 मई से शुरू होने वाली ट्राई-सीरीज से बाहर हो सकती हैं। डेलानी का न होना आयरलैंड के लिए एक बड़ा झटका है। 33 साल की यह खिलाड़ी देश की सबसे अनुभवी महिला टी-20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 132 मैच खेले हैं। उन्होंने इस प्रारुप में 1659 रन बनाए हैं और 96 विकेट लिए हैं, जो टीम के लिए उनकी ऑल-राउंड अहमियत को दिखाता है। वहीं टेक्टर ने अभी तक अपना टी-20 अंतर्राष्ट्रीय पर्दापण नहीं किया है, लेकिन 2024 में श्रीलंका के खिलाफ अपने डेब्यू के बाद से वह आयरलैंड के लिए पांच एकदिवसीय मैच खेल चुकी है।

### ऑस्ट्रेलियाई महिला हॉकी टीम ने भारत को 2.1 से हराया

**पर्थ, वार्ता।** भारत महिला हॉकी टीम को चार मैचों की मैत्री सीरीज करीबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। मंगलवार को खेले गए मुकाबले के पहले क्वार्टर में नवनीत कौर ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारतीय टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। भारतीय रक्षापंक्ति पहले हाफ में ज्यादातर समय मजबूत रहा और दूसरे क्वार्टर तक अपनी बढ़त बनाए रखी। हालांकि, दूसरे हाफ में मोमेंटम बदल गया जब ऑस्ट्रेलिया की एबी विल्सन ने दो पेनल्टी-कॉर्नर मौकों का फायदा उठाया।

# पर्पल कैप की रेस में अभी भी कर्गिसो रबाडा से आगे हैं भुवनेश्वर कुमार

**■ पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर व कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे**




**धर्मशाला, वार्ता।** क्वालिफायर-1 एकतरफा मुक. ाबला रहा, जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुजरात टाइटंस (जीटी) को 92 रन से रौंदकर आईपीएल 2026 के फाइनल का टिकट हासिल कर लिया। लेकिन मुकाबले के भीतर चल रही लड़ाइयों, खासकर ऑरेंज कैप और पर्पल कैप की दौड़ में काफी रोमांच देखने को मिला। पर्पल कैप लीडरबोर्ड भुवनेश्वर कुमार और कर्गिसो रबाडा इस मैच की शुरुआत लीग में सर्वाधिक 24-24 विकेट के साथ कर रहे थे। मुकाबला खत्म होने तक दोनों के खाते में 26-26 विकेट हो गए। रबाडा ने पहले वार किया। उन्होंने दूसरे ओवर में वेंकटेश अय्यर का विकेट लिया और बाद में 17वें ओवर में क्रुणाल पंड्या को भी आउट किया। हालांकि, यह रात उनके लिए ज्यादा सुखद नहीं रही क्योंकि वह जीटी के सबसे महंगे गेंदबाजों में से एक रहे। उन्होंने चार ओवर में 54 रन दिए और उनकी इकॉनमी 13-50 रही। भुवनेश्वर का दिन इससे कहीं बेहतर रहा। शुभमन गिल चौथे ओवर में उनका शिकार बने और फिर 19वें ओवर में उन्होंने राहुल तेवतिया को आउट कर 2/28 के आंकड़े के साथ मैच को खत्म किया। दोनों गेंदबाजों की इकॉनमी में अंतर कोई चौंकाने वाली बात नहीं थी। इस सीजन में भुवनेश्वर ने 8.00 की इकॉनमी से रन दिए हैं, जबकि रबाडा की इकॉनमी 9.48 रही है। यही वजह है कि पर्पल कैप अभी भी भुवनेश्वर के सिर पर है। बाकी गें. दबाजों में, जेसन होल्डर ने एक ही ओवर में विराट कोहली और देवदत्त पड़िक्कल को आउट कर दो विकेट लिए। इसके साथ ही वह सिर्फ नौ मैचों में इस सीजन में 15 विकेट तक पहुंच गए और फलिहाल 12वें स्थान पर आ गए हैं।

# युकी भांबरी, एन श्रीराम बालाजी फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में

**रोम, वार्ता।** भारत के युकी भांबरी और एन श्रीराम बालाजी ने अपने-अपने जोड़ीदों के साथ शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन 2026 टेनिस टूर्नामेंट के पुरु युगल के दूसरे दौर में जगह बना ली है। मंगलवार को खेले गए मुकाबले में युकी भांबरी और उनके जोड़ी न्यूजीलेंड के माइकल वीनस ने अर्जेंटीना के फांसिस्को सेरुंडोलो और मारियानो केस्टेलबोइम को 7-5, 6-2 से हराकर रोलैंड गैरोस के अगले राउंड में जगह बनाई। पहला सेट 11वें अहम गेम तक सर्व पर रहा,

जब युकी भांबरी और माइकल वीनस ने अर्जेंटीना की जोड़ी के खिलाफ निर्णायक ब्रेक हासिल किया और फिर अगले गेम में सर्व बनाए रखते हुए पहला सेट अपने नाम कर लिया। अपनी तरफ से मोमेंटम के साथ, युकी भांबरी और माइकल वीनस ने दूसरे सेट की शुरुआत में ही अर्जेंटीना की जोड़ी को फिर से ब्रेक किया और फिर एक घंटे 23 मिनट में मुकाबले को अपने नाम कर लिया। युकी भामरी फ्रेंच ओपन के मिश्रित युगल ड्रॉ का भी हिस्सा हैं। वह बुधवार को पहले राउंड में नीदरलैंड्स के डेविड पेल और यूक्रेन की ल्यूडमिला किचेनोक से मुकाबला करने के लिए एलेक्जेंड्रा पनोवा के साथ पार्टनरशिप करेंगे। इस बीच, पेरिस 2024 ओलंपियन एन श्रीराम बालाजी और उनके जोड़ीदार ब्राजील के मार्सेलो डेमोलिनर ने जर्मनी के कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और नीदरलैंड्स के तीन बार के ओलंपियन रॉबिन हासे को एक घंटे 46 मिनट में 6-3, 4-6, 6-3 से हराकर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। एन श्रीराम बाला. जी और मार्सेलो डेमोलिनर ने अच्छी शुरुआत की, तीसरे गेम की शुरुआत में ही कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे की सर्विस तोड़कर ओपनिंग सेट पर कंट्रोल कर लिया। इंडो-ब्राजील की जोड़ी ने फिर नौवें गेम में अपना तीसरा सेट पॉइंट मौका बदलकर दूसरा ब्रेक हासिल किया और आगे बढ़ गए। कॉन्स्टेंटिन फैंटजेन और रॉबिन हासे ने दूसरे सेट में सातवें गेम में बालाजी और डेमोलिनर की सर्विस तोड़कर जवाब दिया, फिर अपनी सर्विस मजबूती से बनाए रखी और मुकाबला बराबर कर दिया और डिसाइडिग सेट में जगह पक्की कर ली। फैंटजेन और हासे डिसाइडिग सेट में शुरुआत में ही लड़खड़ा गए, दूसरे गेम में सर्विस गंवा दी और इंडो-ब्राजीलियन जोड़ी को ब्रेक का फायदा उठाकर मैच खत्म करने और दूसरे राउंड में जगह बनाने का मौका मिल गया। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन नई दिल्ली। वरिठ खेल प्रशासक राजा रणधीर सिंह का निधन हो गया है।

# सिनर और सबालेंका आगे बढ़े मेदवेदेव और पेगुला बाहर



**पेरिस, वार्ता।** पुरुषों और महिलाओं के शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी जानिक सिनर और आर्यना सबालेंका 2026 फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में आसानी से पहुंच गए, जबकि दानिल मेदवेदेव और जेसिका पेगुला को पहले ही दौर में चौंकाने वाली हार का सामना करना पड़ा।

सिनर ने फ्रेंच वाइल्डकार्ड क्लेमेंट टैबुर को 6.1, 6.3, 6.4 से आसानी से हरा दिया, जिससे उनकी जीत का सिलसिला 30 मैचों तक पहुंच गया। मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्काराज के चोट के कारण टूर्नामेंट से हटने के बाद, यह इतालवी खिलाड़ी खिताब का सबसे बड़ा दावेदार बन गया था। सिनर ने कोर्ट पर दिए अपने इंटरव्यू में कहा, मैं यहां वापस आकर बहुत खुश हूं। यह एक बहुत ही खास जगह है और यहां मेरी बहुत अच्छी यादें जुड़ी हैं। पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते, लेकिन रात के सत्र में टूर्नामेंट की शुरुआत करना और भी खास होता है, इसलिए आप सभी का यहां रुकने के लिए धन्यवाद। इस बीच, छठी वरीयता प्राप्त मेदवेदेव को टूर्नामेंट का अब तक का सबसे बड़ा झटका लगा, जब ऑस्ट्रेलियाई वाइल्डकार्ड एडम वाल्टन ने उन्हें पांच सेटों के एक रोमांचक मुकाबले में 6.2, 1.6, 6.1, 1.6, 6.4 से हरा दिया। सत्रह वर्षीय फ्रेंच वाइल्डकार्ड मोइज कौमे ने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन मारिन सिलिच को 7.6 (4), 6.2, 6.1 से हराकर घरेलू दर्शकों में जबरदस्त उत्साह भर दिया।

# आरसीबी ने दिखाया नॉकआउट मैच में ऐसे प्रदर्शन की जरूरत होती है: कुंबले



**धर्मशाला, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने क्वालिफायर 1 में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 92 रनों की जीत के साथ आईपीएल के फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर जियो स्टार के एक्सपर्ट अनिल कुंबले ने आरस. ीबी की शानदार जीत का विश्लोण किया और रजत पाटीदार की बेहतरीन कप्तानी पर बात की।

कुंबले ने आरसीबी की जीत का विश्लोण करते हुए कहा, टॉस हारने के बाद, आरसीबी ने बोर्ड पर 254 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करके अपना सर्वश्रेठ प्रदर्शन किया। किसी भी मैच में इतने रन बनाना मुश्किल होता है, लेकिन प्लेऑफ में ऐसा करना असली हिम्मत दिखाता है। पिच बल्लेबाजी के लिए अच्छी थी, लेकिन आरसीबी के बल्लेबाजों को फिर भी मैदान पर उतरकर अपना काम करना था। उन्होंने यह काम शानदार ढंग से किया, जिसमें रजत पाटीदार ने आगे बढ़कर कप्तानी की और विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने भी अच्छा योगदान दिया।

कुंबले ने कहा कि जब आरसीबी गेंदबाजी करने उतरी, तो उन्होंने जीटी के ओपनर्स को जमने नहीं दिया। उन्होंने कसी हुई लाइन पर गें. दबाजी की, दबाव बनाए रखा, और साई सुदर्शन के दुर्भाग्यपूर्ण आउट होने से उन्हें शुरुआती सफलता मिल गई। उस विकेट ने जीत के दरवाजे खोल दिए। वहां से, आरसीबी के गेंदबाजों ने मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया। यह शुरू से लेकर अंत तक एक बेहत. रीन प्रदर्शन था। गेंदबाजी, बल्लेबाजी, फील्डिग – उस रात आरसीबी के लिए सब कुछ एकदम सही रहा। वे सिर्फ जीते ही नहीं, उन्होंने एक बयान दिया है। नॉकआउट मैच में आपको इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत होती है।

रजत पाटीदार की पारी और कप्तानी पर कुंबले ने कहा कि एक खिलाड़ी अपने साथियों का सम्मान तब कमाता है, जब वह बड़े मैच में अच्छा प्रदर्शन करता है। रजत पाटीदार ने ठीक यही किया है। यह पहला क्वालिफायर आरस. ीबी के लिए बहुत बड़ा मैच था। पहला क्वालिफायर जीतकर सीधे फाइनल में पहुंचने से आपको बहुत बड़ा फायदा मिलता है। तीन या चार दिन का आराम खिलाड़ियों को मान. सिक और शारीरिक रूप से ठीक होने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि पहला क्वालिफायर जीतने का यही एक बड़ा फायदा है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 28 मई 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# होर्मुज पर सहमति

क्या वाकई एक महीने के भीतर होर्मुज में जहाजों की आवाजाही शुरू हो जाएगी। अगर ईरान की मिजान न्यूज एजेंसी की मानें, तो यह संभव लगता है। इस न्यूज एजेंसी ने अमेरिका ईरान संभावित शांति समझौते के ड्राफ्ट को लेकर नई जानकारी दी है। एजेंसी के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास तैनात अपनी सैन्य ताकत हटाने पर सहमत हुआ है और अपनी नोसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा, इसके बदले में ईरान तीस दिनों के भीतर होर्मुज में व्यवसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। हालांकि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। इतना ही नहीं होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करने की बात रिपोर्ट में कही गई है, लेकिन साथ ही एजेंसी का यह भी कहना है कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना किसी ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा। जहां तक बात अमेरिका की है, उसकी तरफ से अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। जाहिर है अभी जो महत्वपूर्ण मुद्दे हैं, उन पर पेंच बराबर फंसा हुआ है। ईरान के बीच हाईली एनरिच्ड यूरेनियम प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज ईरानी संपत्तियां जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अभी भी गतिरोध बना हुआ है। हां रिपोर्ट में यह उम्मीद जताई गई है अगर 60 दिनों के अंदर समझौता हो जाता है तो इसको संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव के रूप में मंजूरी दी जाएगी। जाहिर है अभी यह तो नहीं कहा जा सकता कि ईरान और अमेरिका के बीच कोई महत्वपूर्ण समझौता हो गया है, लेकिन अगर ईरान कह रहा है कि होर्मुज को लेकर फिल्हाल बात हो रही है और उस पर लगभग समझौता हो गया है तो यह भी दुनिया के लिए एक बड़ी खबर है। लेकिन एक बात यहां यह भी साफ हो जाती है कि ईरान होर्मुज से अपना नियंत्रण छोड़ने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं है। अब आगे क्या होता है यह देखने वाली बात होगी, क्योंकि दोनों ही पक्षों के बीच अविश्वास इतना गहरा है कि कब कौन पीछे हट जाए कहा नहीं जा सकता, विशेषकर अमेरिकी राष्ट्रपति के संबंध में तो यह बात पूरी तरह लागू होती है। फिल्हाल तसल्ली की बात यही है कि बातचीत सही दिशा की तरफ बढ़ती दिखाई दे रही है।

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
Dainikshahtimes@gmail.com

## छात्रों के लिए यह जीवन मरण का सवाल



देश में हर घंटे दो छात्र आत्महत्या कर रहे हैं और इसका सीधा संबंध खराब होती शिक्षा व्यवस्था से है, देश में शिक्षा और परीक्षाओं से जुड़ी गड़बड़ियां सरकार के लिए भले कॉमेडी हों, लेकिन छात्रों के लिए यह जीवन-मरण का सवाल बन चुकी हैं, मीडिया का एक बड़ा हिस्सा गंभीर छात्र मुद्दों की बजाय गैर-जरूरी विषयों पर बहस करता है, जबकि छात्रों की आत्महत्याओं और परीक्षा घोटालों पर पर्याप्त चर्चा नहीं होती, हर साल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा आयोजित नीट परीक्षा में गड़बड़ियां सामने आती हैं, लेकिन न तो शिक्षा मंत्री इस्तीफा देते हैं और न ही दोषियों पर सख्त कार्रवाई होती है, एसएससी जीडी परीक्षा के एक केंद्र पर 800 अभ्यर्थियों को बुलाया गया, जबकि बैठने की व्यवस्था 250 छात्रों के लिए थी।

**-कन्हैया कुमार, प्रभारी, एनएसयूआई**

# सीबीएसई का डिजिटल प्रयोग बना छात्रों की सबसे बड़ी परीक्षा





प्रो. आर.के. जैन

जब सुधार के नाम पर व्यवस्था ही संकट बन जाए, तब शिक्षा तंत्र पर सवाल उठना स्वाभाविक है। सीबीएसई ने 2026 में कक्षा 12 की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन-स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली लागू की, जिसे पारदर्शिता और गति की दिशा में बड़ा कदम माना गया। उद्देश्य था निष्पक्ष और त्रुटिरहित मूल्यांकन, लेकिन वास्तविकता ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ दिया। धुंधली स्कैनिंग, गलत उत्तर पुस्तिकाओं का अपलोड, कई उत्तरों का बिना जांच छूटना और पोर्टल की तकनीकी विफलताओं ने वर्षों की मेहनत पर संकट खड़ा कर दिया। नतीजतन पास प्रतिशत गिरकर 85.2 प्रतिशत पर आ गया, जो सात वर्षों का सबसे निचला स्तर रहा। कई मेधावी छात्र अचानक कम अंकों से स्तब्ध रह गए। यह केवल तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि सपनों पर पड़ा गहरा आघात बन गया।

जहां शिक्षा सपनों को उड़ान देती है, वहीं डिजिटल अव्यवस्था ने हजारों छात्रों के भविष्य पर विराम लगा दिया। जेईई मेन पास करने वाले कई मेधावी छात्र ओएसएम की खामियों के कारण क्लास 12 में अपेक्षित अंक नहीं ला सके। कई मेधावी छात्र अपेक्षित अंकों (विशेषकर 75 प्रतिशत कट-ऑफ) से पीछे रह गए, जिससे एनआईटी/आईआईटी आदि में प्रवेश प्रभावित हुआ। फिजिक्स, केमिस्ट्री, मैथ्स और इंग्लिश में अप्रत्याशित कम अंकों ने वर्षों की मेहनत पर पानी फेर दिया। कोचिंग का खर्च, जागी रातें और सुनहरे सपने एक तकनीकी गड़बड़ी के आगे बिखरते दिखे। यह केवल रिजल्ट की भूल नहीं, बल्कि युवाओं के करियर और आत्मविश्वास पर गहरा आघात है।

जब एक गलती मार्कशीट से निकलकर मन तक पहुंच जाए, तब उसका असर सबसे भयावह हो जाता है। पूरी मेहनत और समर्पण से तैयारी करने वाले हजारों छात्र अचानक चिंता, निराशा और मानसिक दबाव में घिर गए। सोशल मीडिया पर उठते हमारी मेहनत क्यों बर्बाद? जैसे सवाल व्यवस्था की संवेदनहीनता उजागर करने लगे। कई विद्यार्थियों की नींद छिन गई, परिवार तनाव में डूब गए और कॉलेज एडमिशन की डेडलाइन ने युवाओं को टूटन के कगार पर पहुंचा दिया। शिक्षा का उद्देश्य आत्मविश्वास जगाना है, न कि युवाओं को असुरक्षा में धकेलना। लेकिन सीबीएसई की लापरवाही ने हजारों घरों की शांति और भरोसा दोनों हिला दिए। डिजिटल गलती का यह प्रभाव अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि घर-घर की बेचैनी बन गया। जब जांच की प्रक्रिया ही भरोसे के संकट में घिर जाए, तब सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। जिन स्कैन की गई उत्तर पुस्तिकाओं को छात्र स्वयं स्पष्ट रूप से नहीं पढ़ पा रहे, उसी डिजिटल प्रारूप में निष्पक्ष री-इवैल्यूएशन कैसे संभव माना जाए? यही कारण है कि मैनुअल री-चेकिंग की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है। शिक्षक जब वास्तविक कॉपी देखकर जांच करते हैं, तब वे लिखावट, उत्तर की संरचना और सोच की क्रमबद्धता को बेहतर समझ पाते हैं। इसके विपरीत ओएसएम में धुंधली इमेज, सीमित .श्यता और स्क्रीन थकान के कारण कई सही उत्तर भी अनदेखे रह गए। यही कारण है कि प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग या पूर्ण समीक्षा की मांग अब सबसे न्यायपूर्ण विकल्प बनकर उभरी है।

डिजिटल व्यवस्था की चमक उस समय बिखर गई, जब पोर्टल की खामियां छात्रों के लिए नई परेशानी बन गईं। उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने और री-इवैल्यूएशन के लिए छात्रों को घंटों पोर्टल पर जूझना पड़ा, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों ने पूरी प्रक्रिया को अव्यवस्थित बना दिया। पेमेंट फेल होने के बावजूद राशि कट जाना, कैप्चा गायब होना और आवेदन 'पेंडिंग' रहना जैसी समस्याओं ने तनाव कई गुना बढ़ा दिया। कई छात्रों को आर्थिक नुकसान झेलने के बाद भी प्रक्रिया अधूरी और अनिश्चित बनी रही। सीबीएसई द्वारा फीस कम करना और डेडलाइन बढ़ाना राहत जरूर है, पर यह केवल अस्थाई उपाय है। असली संकट कमजोर डिजिटल ढांचे का है। तकनीक तभी वरदान बनती है, जब उसकी नींव मजबूत, सुरक्षित और भरोसेमंद होय अन्यथा वही सुविधा शिक्षा पर अतिरिक्त बोझ बन जाती है। एक तकनीकी गलती छात्रों की प्रतिभा तय नहीं कर सकती, लेकिन उसने सीबीएसई की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ओएसएम की खामियों ने साफ कर दिया कि चूक प्रणाली की है, छात्रों की मेहनत की नहीं। जेईई मेन जैसी कठिन परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों की योग्यता किसी पोर्टल त्रुटि से कम नहीं हो जाती। ऐसे समय में छात्रों को अपना आत्मविश्वास और तैयारी बनाए रखनी चाहिए। नए कौशल और वैकल्पिक अवसर आगे की राह मजबूत करेंगे। सफलता केवल अंकों से नहीं, बल्कि संघर्ष और धैर्य से तय होती है। यह संकट छात्रों का नहीं, बल्कि सीबीएसई की डिजिटल व्यवस्था की विफलता का प्रतीक बन गया है। अब जिम्मेदारी सीबीएसई और नीति-निर्माताओं की है। शिक्षा व्यवस्था में भरोसा लौटाना है, तो केवल सफाई नहीं, ठोस सुधार जरूरी हैं। आई-आई-टी जैसे संस्थानों की मदद से ओएसएम प्रणाली को मजबूत बनाया जा सकता है। प्रभावित छात्रों के लिए मैनुअल री-चेकिंग तुरंत शुरू होनी चाहिए। जब डिजिटल मूल्यांकन पर इतने सवाल उठ चुके हैं, तो पूरा परिणाम दोबारा मैनुअल तरीके से क्यों न तैयार कराया जाए। शिक्षा मंत्री ने रिपोर्ट मांगी है, लेकिन अब जरूरत निर्णायक कार्रवाई की है। छात्रों की आवाज आज शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता की सबसे बड़ी परीक्षा बन चुकी है। जब एक तकनीकी व्यवस्था लाखों सपनों को संदेह में डाल दे, तब यह केवल रिजल्ट की गड़बड़ी नहीं रह जाती, बल्कि पूरी डिजिटल शिक्षा प्रणाली पर सवाल बन जाती है। जब लाखों छात्र एक साथ प्रभावित हों, तब चुप्पी समाधान नहीं बन सकती। यदि सीबीएसई छात्र हित को केंद्र में रखकर मैनुअल री-चेकिंग और तकनीकी सुधार लागू करे, तो खोया भरोसा लौट सकता है। अब बोर्ड को स्वनिर्णय लेते हुए पूरे परिणाम की निष्पक्ष मैनुअल समीक्षा करानी चाहिए। छात्रों को भी अपनी मेहनत और संघर्ष पर विश्वास बनाए रखना होगा। यह कठिन दौर बीत जाएगा, प्रणाली सुधरेगी, लेकिन युवाओं की लगन ही देश का असली भविष्य तय करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# अनोखे बीटल्स जो आपको खुशबू से ठगते हैं

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सोचने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सोचने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरोपियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्राय: फूलों में पाए जाते हैं।



जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना। शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

**-स्रोत फीचर्स**

# एक मंच पर आने की रणनीति बना रहीं नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां



यशोदा श्रीवास्तव

भारत के पांच प्रदेशों में हुए चुनाव परिणाम का असर नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों पर पड़ा है। पश्चिम बंगाल जो कभी कम्युनिस्ट का न केवल गढ़ था, वहां लंबे समय तक कम्युनिस्ट की सरकार रही है, इस चुनाव में तो उसका नामलेवा तक कोई नहीं बचा। जबकि एक वक्त था जब बंगाल में लगातार 12 वर्षों तक उसकी सरकार रही है।त्रिपुरा में कम्युनिस्ट अब नहीं है। बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से उसका सफाया हो गया। ले दे कर एक केरलम था जहां कम्युनिस्ट की सरकार बची हुई थी। इस चुनाव में यहां से भी उसका सफाया हो गया।

भारत के इन चुनाव परिणामों से नेपाल के कम्युनिस्ट दलों में बौखलाहट स्वाभाविक है क्योंकि किसी न किसी रूप में नेपाली कम्युनिस्ट दलों को भारत के कम्युनिस्ट पार्टियों से खाद पानी मिलता रहता था। नेपाल के कम्युनिस्ट दलों की चिंता यह है कि एक तो नेपाल में भी वे कमजोर हो गए दूसरे उनकी हौसला अफजाई करने वाले भारत के कम्युनिस्ट दल भी हासिए पर आ गए। भारत में कम्युनिस्ट पार्टियों का हश्र देख नेपाल के प्रमुख कम्युनिस्ट नेता पुष्प कमल दहल प्रचंड नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा को बचाने की कोशिशों में जुट गए हैं। उन्होंने टुकड़ों में बंटे कम्युनिस्ट दलों को एक मंच पर आने की जरूरत बताते हुए कहा कि दुनिया से कम्युनिस्ट विचारधारा को खत्म करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है। इसे समझना होगा वरना हम सब मारे जाएंगे।

पिछले दिनों काठमांडू में 26 वें निर्मल लामा दिवस पर आयोजित एक कार्यक्रम में अपने विचार रखते हुए प्रचंड ने कहा कि देश के भीतरी और बाहरी प्रतिक्रिया वादी ताकतें नेपाल के कम्युनिस्ट आंदोलन को नेस्तनाबूद करने की साजिश में लगी हुई है। ऐसा कहकर प्रचंड ने नेपाल की राजनीति में एक नई बहस की शुरूआत कर दी है। प्रचंड ने भारत का नाम नहीं लिया लेकिन कहा कि यदि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों ने इस वास्तविकता को स्वीकार कर आत्ममंथन नहीं किया, तो यह श्रमिक वर्ग और उनकी आकांक्षाओं के साथ अन्याय होगा। प्रचंड ने श्रमिक वर्ग का जिक्र इसलिए किया ताकि इसका संदेश विश्व स्तरीय हो।

उन्होंने कहा, कम्युनिस्ट आंदोलन को नेपाल से समाप्त करने के लिए देशी-विदेशी प्रतिक्रियावादी शक्तियां बड़े डिजाइन के तहत काम कर रही हैं। यदि हम इस सच्चाई को स्वीकार नहीं करते, तो हम जान-बूझकर या अनजाने में श्रमजीवी वर्ग के साथ विश्वासघात करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि नेपाल के कम्युनिस्ट दलों को सबसे पहले अपने भीतर आत्मसमीक्षा करनी चाहिए और अपनी कमजोरियों को सुधारना चाहिए।उन्होंने कहा कि वर्तमान समय की मांग है कि सभी कम्युनिस्ट शक्तियां एकजुट होकर नए ढंग से आंदोलन को आगे बढ़ाएं। प्रचंड ने साफ कहा कि नेपाली जनता भी चाहती है कि सभी कम्युनिस्ट दल एकजुट होकर देश के राजनीतिक भविष्य को आगे बढ़ाएं। प्रचंड का यह विचार सामने आते ही विभिन्न धड़ों में बंटे हुए कम्युनिस्ट दलों के एक मंच पर आने की संभावना को लेकर बहस छिड़ गई है। बताने की जरूरत नहीं कि नेपाल में कम्युनिस्ट विचारधारा राजशाही के जमाने से ही काफी मजबूत रही है। एक बार नेपाली कांग्रेस के स्वर्गीय गिरिजा प्रसाद कोइराला के समर्थन से बनी प्रखर कम्युनिस्ट नेता स्वर्गीय मनमोहन अधिकारी के नौ महीने के शासन को आज भी याद किया जाता है। वहीं राजशाही खत्म होने के बाद सत्ता में प्रचंड के नेतृत्व में आई पहली कम्युनिस्ट सरकार लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने में विफल रही। प्रचंड को नौ महीने में ही सरकार छोड़ने को मजबूर होना पड़ा था। उसके बाद आते जाते रहे सभी कम्युनिस्ट सरकारों का कार्यकाल बेहतर नहीं रहा। कभी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से कम्युनिस्ट पार्टी सरकार में आई तो कभी कम्युनिस्ट पार्टी के समर्थन से नेपाली कांग्रेस सत्ता में आती रही,सभी के सभी जनता की अपेक्षा पर खरा उतरने में कामयाब नहीं रहे। यही वजह है कि नाराज जनता ने एक दम नई पार्टी ष्जिसे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के नाम से जाना जाता है ष को भारी बहुमत से सत्ता सौंप दी जिसके प्रधानमंत्री हैं काठमांडू के पूर्व मेयर बालेन शाह। बालेन शाह का अभी तक जो कार्यकाल है,वह बहुत परिवर्तन कारी नहीं दिख रहा। नेपाल के एक राजनीतिक टिप्पणीकार ने क्या खूब कहा कि बालेन शाह नेपाल को एक नगर-निगम की भांति चला रहे हैं। नेपाल में लगभग गुम हो गई कम्युनिस्ट पार्टियां क्या फिर वापसी कर पाएंगी, इस बाबत कोई दावा नहीं किया जा सकता लेकिन नेपाल की जनता के मूड का भी कोई भरोसा नहीं। जब वह नेपाली कांग्रेस और कम्युनिस्ट पार्टियों को एक झटके में खारिज कर सकती तो बालेन शाह क्या हैं? बतौर प्रधानमंत्री जब बालेन शाह के अबतक कार्यकाल की समीक्षा करें तो इसमें आम जनता के लिए कुछ खाश नहीं है। सुकंबासी कहे जाने वाले एक बड़े वर्ग के घरों को उजाड़ कर उन्हें नाराज कर दिया गया है। ऐसे लोगों की आबादी करीब 20 लाख है। ए लोग कम्युनिस्ट पार्टी और नेपाली कांग्रेस के वोटर हुआ करते थे। सुकंबासी परिवारों का कोई न कोई सदस्य अमेरिका और अन्य देशों में रोजगार के सिलसिले में रहता है। इन सदस्यों के कहने पर इस बार सुकंबासियों का वोट राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को झूम कर मिला। फिलहाल बहुत कम समय में ही इस समुदाय का मोह बालेन शाह सरकार से भंग हो गया, ऐसा जान पड़ रहा है। नेपाल के आर्थिक समृद्धि में मारवाड़ी समाज का भी योगदान कम नहीं है। पूरे नेपाल में इनकी भी आबादी लाखों में है। ए नेपाल के हर क्षेत्र में फैले हुए हैं। वीरगंज में इस समुदाय के लोगों का भी घर उजाड़ दिया गया है। इससे पूरे नेपाल के मारवाड़ी समुदाय सरकार से खफा है। भारत नेपाल सीमा पर सामानों की खरीदारी पर सख्त प्रतिबंध से नेपाल के तराई वासी भी बालेन सरकार से नाराज हो गए। इस चुनाव में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवारों को तराई वासियों ने भर भर कर वोट दिया था।

नेपाल उच्च न्यायालय ने बालेन सरकार के इस फैसले पर रोक लगा दी है लेकिन राजनीतिक रूप से बालेन शाह का नुकसान तो हुआ ही। बालेन सरकार के इन फैसलों का विरोध नेपाली कांग्रेस ने भी किया और कम्युनिस्ट पार्टियों ने भी। बालेन सरकार के हर उस कदम पर विपक्ष खासकर कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर है जो जनता के माफिक न हो। नेपाल के कम्युनिस्ट पार्टियों की नजर बालेन सरकार के विदेश नीति पर भी और राजदूतों की संभावित नियुक्तियों पर भी टिकी हुई है।बालेन शाह की सरकार कई अंतर्राष्ट्रीय विषयों को लेकर कंफ्यूज दिख रही है। पिछले दिनों उन्होंने अमेरिका से आए ट्रंप के खास दूत से मुलाकात नहीं की और अभी हाल ही भारत के विशेष दूत विक्रम मिसरी से भी वे नहीं मिले। दोनों बड़े देशों के सरकारों की ओर से भेजे गए विशेष दूतों से न मिलने का कारणों पर भी कम्युनिस्ट दलों की बारीक नजर है। पहले की सरकारों में नेपाल भारत और चीन के करीब रहा है। अब यहां अमेरिका हावी होता हुआ दिख रहा है। बालेन शाह बतौर प्रधानमंत्री अभी किसी देश के दौरे पर नहीं गए हैं। 11 मई को उनका भारत दौरा प्रस्तावित था जो किन्हीं कारणों से नहीं हो पाया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां उनके विदेशी दौरे की प्राथमिकता पर भी नजर गड़ाए हुए हैं। कुल मिलाकर नेपाल के राजनीति में यह देखा जा रहा है कि 2026 के चुनाव में हासिए पर आ आ गई नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां एक ओर जहां अंदरखाने एक मंच पर आने की रणनीति पर तेजी से काम कर रही है वहीं बालेन सरकार के आंतरिक और विदेशी नीतियों पर खामोशी से नजर गड़ाए हुए हैं। नेपाल राजनीति को अंदर तक समझने वाले विश्लेषकों का कहना है कि नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टियां यदि एक मंच पर आने में कामयाब हो गई तो अभी भले नहीं, आने वाले दिनों में बालेन शाह सरकार के समक्ष बड़ी चुनौती पेश कर पाने में सफल जरूर होंगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)





# लेबनान में इजरायली सेना की बमबारी, 31 की मौत

## अमेरिकी मध्यस्थता में युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद अब तक की सबसे भारी बमबारी

**बेरुत।** दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना की भीषण बमबारी में कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई है। अप्रैल के मध्य में अमेरिका की मध्यस्थता में हुए युद्ध विराम के प्रभावी होने के बाद से यह अब तक की सबसे भारी बमबारी मानी जा रही है।


ये हवाई हमले बेका घाटी के मशघरा गांव, दक्षिणी शहर बुर्ज अल-शमाली और यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल करीब 900 साल पुराने मध्ययुगीन किले 'ब्यूफोर्ट कैसल' के आस-पास के इलाकों में किए गए हैं। हवाई हमलों के अलावा इजरायल के थल सेना भी लेबनान के इलाके में काफी भीतर तक दाखिल हो रही है। इसके साथ ही दक्षिणी और पूर्वी लेबनान के शहरों और गांवों को खाली करने के लिए कहा जा रहा है। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं। सुरक्षित बचे लोगों में सात साल का मोहम्मद भी शामिल है, जो उस समय सो रहा था, जब एक मिसाइल ने उसके घर को तबाह कर दिया। इस हमले में मोहम्मद के पिता और उसकी दो बहनों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार, हवाई हमलों में दक्षिणी लेबनान के मशघरा और बुर्ज अल-शमाली को भी निशाना बनाया गया है। सरकारी मीडिया ने कहा कि कुछ हमले ब्यूफोर्ट कैसल के करीब हुए हैं। यूनेस्को ने करीब 900 साल पुराने इस किले को इस इलाके में 'मध्ययुगीन किलों के सबसे सुरक्षित बचे हुए उदाहरणों में से एक' के रूप में मान्यता दी है। ईरान युद्ध के 89वें दिन इजरायल के हमलों में काफी तेजी आई है।

> **अकेले मशघरा में मलबे से एक महिला और दो बच्चों समेत 11 शव निकाले गए हैं, जबकि 15 अन्य लोग घायल हुए हैं**













## अमेरिकी सीनेटर ने ईरान युद्ध को लेकर ट्रम्प पर साधा निशाना

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेटर मार्क वॉर्नर ने 'एक और अंतहीन युद्ध शुरू करने' के लिए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तीखी आलोचना की है और दावा किया है कि ईरान के खिलाफ अमेरिकी सैन्य कार्रवाई लगातार जारी है। सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभाल रहे सीनेटर वॉर्नर ने 'एक्स' पर अपने पोस्ट में ट्रम्प पर वादे तोड़ने और महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा कि डोनाल्ड ट्रम्प लगातार दावा कर रहे हैं कि युद्ध खत्म होने वाला है, लेकिन सच यह है कि अमेरिका अब भी ईरान पर हमले कर रहा है। वह अपना हर वादा तोड़ रहे हैं। नए अंतहीन युद्ध शुरू कर रहे हैं और हर चीज की कीमतें बढ़ा रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब एक तरफ बातचीत की रफ्तार बेहद धीमी है, तो दूसरी तरफ अमेरिका ने सोमवार को दक्षिणी ईरान पर नए हमले किए हैं।

NIRWAL HOSPITAL
MULTI SPECIALITY
स्त्री की सभी समस्याओं का इलाज आयुष्मान कार्ड से
डॉ. नीति चतुर्वेदी
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
- जच्चा व बच्चा के सभी रोगों का इलाज
- बांझपन का इलाज
- बच्चेदानी व अण्डेदानी के सभी ऑपरेशन दूरबीन द्वारा व खुले
- परिवार नियोजन के लिए परामर्श व हर प्रकार की सुविधा।
- हाईरिस्क गर्भावस्था
- बच्चेदानी का कैंसर रोकने हेतु टीकाकरण
- बच्चेदानी का ऑपरेशन आयुष्मान कार्ड से
- नार्मल व ऑपरेशन (सिजेरियन) के द्वारा डिलीवरी की सुविधा
साउथ सिविल लाईन, सरकुलर रोड, जाट कॉलोनी, मु. नगर
मो.: 0131-2621600, 7300773004

## अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

**बेंगलुरु।** अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कार्पोरेशन के अधिकारी डा. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है। वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे।

